वर्ष- 12 अंक - 129
लखनऊ, शनिवार 28 दिसम्बर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पटरी विक्रेताओं को हुआ क्षतिपूर्ति का भुगतान : शर्मा 03
भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ 12

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के तीन मोतीलाल नेहरू रोड स्थित आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति भवन ने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ ने



आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और देश के लिए उनके अमूल्य योगदान और उनकी चिरस्थायी विरासत को याद किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत उनके योगदान को सदैव याद रखेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने यहां बताया कि श्री मोदी ने एक वीडियो संदेश में डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है और विभाजन के दौरान भारत आने के बाद बहुत कुछ खोने के बावजूद डॉ. सिंह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्ति थे। डॉ. सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों को सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों से कैसे ऊपर उठकर महान ऊंचाइयों को हासिल किया जाए। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि डॉ. सिंह को हमेशा एक दयालु व्यक्ति, एक विद्वान अर्थशास्त्री और सुधारों के लिए समर्पित नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार में डॉ. सिंह के एक अर्थशास्त्री के रूप में विभिन्न स्तरों पर अनगिनत योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में डॉ. सिंह की भूमिका की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का कल रात को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

## कांग्रेस ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन



कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की है। डॉ. सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व के साथ ही विभिन्न दलों के प्रमुख नेता भी पहुंचे थे।

## डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज 11.45 बजे निगम बोध घाट पर होगा

दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को 11.45 बजे निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसका हवाला देते हुए रक्षा मंत्रालय से पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उनका राजकीय अंतिम संस्कार किए जाने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इससे पहले आज कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री से डा. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक के लिए जगह दिए जाने की मांग की थी, इसलिए कांग्रेस नेताओं में सरकारी निर्णय को लेकर नाराजगी है। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (सार्वजनिक) जी पार्थसारथी ने रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (समन्वय) मयंक तिवारी को लिखे पत्र में कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर, 2024 को रात 9.51 बजे एम्स अस्पताल, नई दिल्ली में निधन हो गया। सरकार ने निर्णय लिया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11:45 बजे निगमबोध घाट, नई दिल्ली में होगा। रक्षा मंत्रालय से अनुरोध है कि वह पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ राजकीय अंतिम संस्कार की व्यवस्था करे।

## संक्षिप्त समाचार

### हुलास पांडेय के पटना, दिल्ली और बेंगलुरु के ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता हुलास पांडे के पटना, नई दिल्ली और बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापा मारा। हुलास पांडे को एलजेपी-आर के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का करीबी माना जाता है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में यह कार्रवाई की है। ईडी ने सुबह पटना, नई दिल्ली और बेंगलुरु में हुलास पांडे के ठिकानों पर छापा मारा।जांच एजेंसी ने पटना में गोला रोड स्थित आवास के साथ-साथ दानापुर में भी उनके ठिकानों पर छापा मारा। ईडी की टीम ने नई दिल?ली और बेंगलुरु में भी हुलास पांडे के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी को हुलास पांडे की संपत्ति से जुड़ी कई नई जानकारियां मिली हैं।

### प्राचीन बावड़ी में सातवें दिन जारी रही खुदाई, गलियारों से हटाई गई मिट्टी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में पहली मंजिल के गलियारों से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के निर्देशन में शुक्रवार को सातवें दिन भी खुदाई व मिट्टी हटाने का काम जारी रहा। दोपहर को खुदाई का काम रोक दिया गया। इससे पहले गुरुवार शाम तक बावड़ी की पहली मंजिल के गलियारों से मिट्टी हटाने का काम किया गया था। सुबह से दोपहर तक पहली मंजिल के एक साइड के गलियारे का पूरा फर्श साफ कर दिया गया है। वहीं बावड़ी में उतर रही सीढ़ियों के सामने बावड़ी का कुआं बताया जा रहा है। वहां मिट्टी इकट्ठा कर वहां की खोदाई शुक्रवार दोपहर बाद रोक दी गई।

### कांकेर में तेज रफ्तार का कहर, पांच लोगों की मौत

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग में खंडी नदी के पास तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने दो मोटरसाइकिल सवार पांच लोगों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन युवक और दो युवती शामिल हैं। बीजापुर निवासी स्कॉर्पियो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मृतकों को भानुप्रतापपुर अस्पताल की मर्चुरी में रखा दिया गया है। मृतकों की पहचान की जा रही है, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों में दो लड़कियां और एक पुरुष संबलपुर का निवासी है, वहीं बाकी दो के मानपुर के निवासी होने की जानकारी मिली है।

## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001
samradhinews@gmail.com
मोबाइल 7985738640

# यूपी में जमीन खरीद सीमा तय

**सख्ती**

- उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रॉपर्टी जमीन खरीदने के लिए नया नियम किया लागू
- खतौनी वर्णन दस्तावेजों की जांच अनिवार्य



**ज्यादा खरीदने पर सरकार के कब्जे में जाएगी जमीन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रॉपर्टी जमीन खरीदने के लिए नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत प्रॉपर्टी खरीदने की एक तय सीमा निर्धारित की गयी है जिससे राज्य में जमीन के अंधाधुंध अधिग्रहण पर रोक लगाई जा सके।

यह कदम आम जनता हितो की सुरक्षा और कृषि योग्य भूमि के संरक्षण के उद्देश्य से उठाया गया। उत्तर प्रदेश में किसी भी व्यक्ति को अधिकतम 12.5 एकड़ कृषि भूमि खरीदने की अनुमति यह नियम सुनिश्चित करता है कि राज्य में जमीन का उपयोग को व्यवस्थित रखा जा सके और अधिक भूमि खरीदने की स्थिति में वह जमीन राज्य सरकार की नियंत्रण में चली जाएगी।

**राज्य सरकार के कब्जे में जा सकती है बिना अनुमति खरीदी गई जमीन**

खरीदने से पहले जमीन की खतौनी और नक्शे की जांच करें। जमीन सरकारी न हो, श्रेणी 1 (क) में दर्ज हो। जमीन मालिक से उसकी खतौनी दस्तावेज और 16 अंकों का कोड प्राप्त करें। यदि अंतिम अंक 12 नहीं है तो उसे जमीन को खरीदने से बचे। जमीन कृषि उपयोग या सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में न आती हो, जैसे चकरोड, मरघट या चारागाह। प्रॉपर्टी खरीदने से पहले रजिस्ट्री ऑफिस में 12 साल की रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड की जांच की करे यदि जमीन किसी एससी एसटी समुदाय के व्यक्ति से खरीदी जा रही है तो स्थानीय जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने अनिवार्य है, बिना अनुमति खरीदी गई जमीन राज्य सरकार के कब्जे में जा सकती है।

यह कदम भूमि विवादों और अराजकता को कम करने के लिए आवश्यक माना गया है।सरकार ने स्पष्ट किया है की जमीन खरीदने की नियमों का नाम पालन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही है।

किसी प्रॉपर्टी खरीदने बेचने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। खतौनी वर्णन दस्तावेजों की जांच अनिवार्य कर दी गया था ताकि भूमि से संबंधित धोखाधड़ी को रोका जा सके। भारत के अलग-अलग राज्यों में जमीन खरीदने की अलग-अलग सीमा निर्धारित है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में अब 54 एकड़ तक जमीन खरीद सकते हैं। पश्चिम बंगाल में यह सीमा 24.5 एकड़ है। केरल में केवल 7.5 एकड़ जमीन खरीदने की अनुमति है। बिहार में सीमा 15 एकड़ है जबकि हिमाचल प्रदेश में 32 एकड़ तक है। हर राज्य में भूमि खरीदने के नियम स्थानीय कानूनों, भू-प्रबंधन की आवश्यकताओं पर निर्भर करते हैं।

## डॉ. संदीप शाह प्रयोगशालाओं को मान्यता देने वाले बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रख्यात चिकित्सा पेशेवर डॉ. संदीप शाह को भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के अंतर्गत काम करने वाले निकाय-परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गई। डॉ. शाह इस पद पर प्रो. सुब्बन्ना अय्यप्पन का स्थान ले रहे हैं। एनएबीएल उपभोक्ताओं, व्यवसायों और नियामकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं में विश्वास सुनिश्चित करते हुए परीक्षण और अंशांकन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम करता है। अहमदाबाद के बी.जे. मेडिकल कॉलेज से एमडी पैथोलॉजी और बैक्टीरियोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. शाह के पास पैथोलॉजी, आणविक जीव विज्ञान और ट्रांसप्लांट इम्यूनोलॉजी में व्यापक शैक्षणिक और व्यावसायिक कार्यों का अनुभव है। वह न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स में संयुक्त प्रबंध निदेशक और न्यूबर्ग सुप्राटेक रेफरेंस लेबोरेटरीज के संस्थापक हैं।

## संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी निर्माण का कार्य शुरू



**संभल, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विगत 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद और हरिहरनाथ मंदिर विवाद को लेकर हुए सर्वे के दौरान भड़की हिंसा को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। इस विवादित शाही जामा मस्जिद के सामने खाली पड़ी जमीन पर शुक्रवार से नई पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। निर्माण कार्य के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीचंद्र ने पत्रकारों को बताया कि जुम्मे की नमाज के बाद पुलिस चौकी के लिए जमीन को चिह्नित कर नापी की गई। इसके बाद नींव की खुदाई के साथ ही पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इस जगह पर पुलिस चौकी बनाने का फैसला लिया गया है। जामा मस्जिद के सामने बनाई जाने वाली इस पुलिस चौकी का नाम भी तय कर लिया गया है। इसका नाम 'सत्यव्रत' पुलिस चौकी होगा।

## रिहाई के बाद आक्रमक दिखे किसान नेता सुखबीर खलीफा, फिर से धरने का ऐलान

**ग्रेटर नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

नोएडा में किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले किसान नेता सुखबीर खलीफा शुक्रवार को लुक्सर जेल से रिहा हो गए हैं। जेल से बाहर आने पर किसानों ने उनका स्वागत किया। जेल से बाहर आने पर वह फिर आक्रमक नजर आए। उन्होंने एलान किया कि किसान फिर से धरने पर बैठेंगे और मांगे न माने जाने तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा।

दरअसल, किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले सुखबीर खलीफा को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वह अन्य किसानों के साथ जेल में थे। शुक्रवार को जेल से रिहा हुए किसान नेता सुखबीर खलीफा ने फिर से धरने पर बैठने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो एक बार फिर



आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए किसान रणनीति बना रहे हैं। उन्होंने सहयोग करने पर नोएडा के किसानों और वकीलों को आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त किसान मोर्चा ने 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, बढ़ा हुआ 64.7 प्रतिशत मुआवजा और नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने की मांग को लेकर 25 नवंबर से महापंचायत शुरू की थी। हजारों को संख्या में किसानों ने पहले ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर दो दिन तक डेरा डालकर विरोध जताया। इसके बाद किसानों ने यमुना विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर डेरा डालने गए थे।

## बैंक लॉकर काटने वाला आखिरी लुटेरा गिरफ्तार 25 हजार का था इनाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर काटने वाले सातवें बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यूपी पुलिस ने इस पर भी 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से 1 लाख रुपए नकद, ज्वेलरी और बाइक बरामद हुई है। चिनहट थाना प्रभारी ने बताया, बैंक में चोरी करने वाले मिथुन कुमार बिंद को अपट्रॉन चौराहे के पास नेड़ा मोड़, देवा रोड से पकड़ा गया है। मिथुन मूल रूप से बिहार मुंगेर के पुरुषोत्तमपुर चोरगांव का रहने वाला है। आरोपी के पास से 126.14 ग्राम सोने के जेवर, 893 ग्राम चांदी के जेवर, एक लाख रुपए नकद, बैंक लॉकर के 13 कटे हुए टुकड़े, एक हथौड़ा, लोहे की छीनी, ग्लैन्डर मशीन और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मिथुन ने पूछताछ में बताया कि वह अपने गिरोह के साथ मटियारी स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की दीवार तोड़कर अंदर घुसा था। बैंक लॉकर तोड़कर कीमती जेवरात और नकदी चोरी किए थे।

## पंजाब में बेकाबू बस नाले में गिरी, आठ की मौत

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

पंजाब के बठिंडा में यात्रियों से भरी एक बस बेकाबू होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में चालक समेत आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। पुलिस, एनडीआरएफ की टीमों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से नाले में गिरे यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। हादसे के वक्त बस में 45 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों की मौत नाले में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से हुई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक निजी कंपनी की यात्रियों से भरी बस सरदूलगढ़ से बठिंडा की तरफ जा रही थी। गांव जीवन सिंह वाला के पास एक नाले पर बने पुल से निकलते समय बस अनियंत्रित होकर गंदे पानी में जा गिरी। बस के नाले में गिरते ही लोगों की चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण व राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना



**दुर्घटना**

- हादसे में 15 लोग घायल

दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ सीढ़ियां लगाकर नाले के पानी में फंसी बस से यात्रियों को बाहर निकाला। इस बीच नाले में जहरीली गैस के कारण यात्रियों का दम घुटने लगा। ग्रामीणों के अनुसार इस बरसाती नाले में आसपास के इलाके से सीवरेज का पानी गिरने और कई सालों से सफाई नहीं हुई है। हदासे की सूचना पर एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि गुरु काशी ट्रांसपोर्ट की बस लोगों को लेकर बठिंडा की तरफ जा रही थी। जीवन सिंह वाला गांव के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। मृतक चालक की पहचान मानसा के रहने वाले बलकार सिंह के रूप में हुई है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बठिंडा के उपायुक्त शौकत अहमद परे के अनुसार ग्रामीणों ने राहत कार्यों में काफी सहयोग किया है। बस को क्रेन की मदद से नाले से बाहर निकाल लिया गया है। एंबुलेंस से हादसे में घायल लोगों को तलवंडी साबो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद कुछ लोगों को सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया।

## सम्पत्ति का ब्यौरा नहीं तो प्रमोशन भी नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार पीसीएस अधिकारियों पर सख्त हो गई है। पीसीएस अधिकारियों के लिए 31 जनवरी 2025 तक संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस अवधि तक ऑनलाइन सूचना न देने वालों की पदोन्नतियां रोकी जाएंगी। उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। राज्य कर्मियों के लिए भी 31 जनवरी तक संपत्तियों का ब्योरा न देने पर पदोन्नतियां नहीं दी जाएंगी। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। उत्तर प्रदेश सिविल सेवा कार्यकारी शाखा के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के पुराने प्रारूप को निरस्त करते हुए उसके स्थान पर नया जारी किया गया है। नई व्यवस्था में वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट निर्धारित करते हुए हर साल की 31 जनवरी तक निर्धारित प्रारूप पर वार्षिक संपत्ति विवरण नियुक्ति विभाग को देने की व्यवस्था की गई है।

## जमीअत ने मस्जिदों, पूजास्थलों और वक्फ की सुरक्षा के लिए किया संघर्ष का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

जमीअत उलमा-ए-हिंद कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण सभा नई दिल्ली में आईटीओ स्थित जमीअत मुख्यालय के मदनी हॉल में हुई। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी की अध्यक्षता में देश की वर्तमान सांप्रदायिक स्थिति सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाईयों, पूजास्थल अधिनियम और वक्फ संशोधन विधेयक जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के बाद महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसके साथ ही नए कार्यकाल के लिए जमीअत उलमा-ए-हिंद के नए सदस्य बनाने की भी घोषणा की गई। सभा में दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी समेत देशभर से जमीअत उलमा-ए-हिंद कार्यकारिणी समिति के सदस्यों



**निर्णय**

- सांप्रदायिकता का जवाब साम्प्रदायिकता से नहीं दिया जा सकता

और विशेष आमंत्रित लोगों ने भाग लिया और देश में अलग-अलग क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं और समस्याओं पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय भाषण में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है। नफरत के बढ़ते हुए माहौल ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा किया है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें व्यवस्थित तरीके से काम करना होगा, ताकि न केवल इन खतरों का सामना किया जा सके, बल्कि अपने बुनियादी संवैधानिक अधिकारों की भी प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके। मौलाना मदनी ने कहा कि हम हमेशा से इस बात के पक्षधर रहे हैं कि सांप्रदायिकता का जवाब साम्प्रदायिकता से नहीं दिया जा सकता है। मुस्लिम समुदाय को चाहिए कि वह अपने चरित्र और आचरण के जरिए न केवल अपनों के दरमियान एकता पैदा करे, बल्कि देशवासियों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने का प्रयास करें।

## आईसीएआई ने सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम किया घोषित

- हैदराबाद के हेरंब माहेश्वरी और तिरुपति के ऋषभ ओस्तवाल आर ने 84.67 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान किया प्राप्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने शक्रवार को नवंबर 2024 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल परीक्षा के परिणाम की घोषणा की जिसमें करीब 11,500 छात्र सफल हुए।

हैदराबाद के हेरंब माहेश्वरी और तिरुपति के ऋषभ ओस्तवाल आर ने 84.67 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अहमदाबाद की रिया कुंजनकुमार शाह ने 501 नंबरों के साथ 83.50 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि किंजल अजमेरा ने 493 नंबरों के साथ 82.17 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर आईसीएआई के अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने टॉपर्स और सीए परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्रों को बधाई दी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक को पास करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीए उपसर्ग अर्जित करना न केवल एक पेशेवर उपलब्धि है बल्कि आपके दृढ़ संकल्प, त्याग और कड़ी मेहनत का एक शक्तिशाली प्रमाण भी है। जैसे ही आप अपनी पेशेवर यात्रा शुरू करते हैं,याद रखें कि सफलता एक मंजिल नहीं है बल्कि सीखने, नवाचार और अनुकूलनशीलता की निरंतर खोज है।

उन्होंने कहा यह उपलब्धि आपके जीवन में एक आशाजनक और परिवर्तनकारी अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है - उच्च लक्ष्य रखें और अधिक से अधिक प्राप्त करें, हमेशा अपने राष्ट्र की प्रगति और गौरव को सबसे आगे रखें। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि इस वर्ष के परिणाम छात्रों द्वारा असाधारण प्रदर्शन को दर्शाते हैं जो उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हैं। इस वर्ष 31,946 से अधिक छात्रों ने सीए फाइनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की जो भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि और चार्टर्ड अकाउंटेंसी में करियर बनाने के लिए युवाओं के बीच बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अंतिम परीक्षा के परिणाम और विस्तृत अंक वेबसाइट पर होस्ट किए गए हैं। वेबसाइट पर परिणामों तक पहुँचने के लिए छात्रों को अपने रोल नंबर के साथ अपना पंजीकरण नंबर या पिन दर्ज करना होगा।

# प्रथम अपीलीय अधिकारी निभाएं ठीक से अपनी जिम्मेदारी: नदीम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- खीरी पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त, आरटीआई के तहत की प्रदूषण, समाज कल्याण महकमे की समीक्षा, दिए निर्देश



अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम शुक्रवार को लखीमपुर खीरी में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत समाज कल्याण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग की समीक्षा की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कहा कि जिलों में सूचना का अधिकारअधिनियम-2005 के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपीलों की तादात बढ़ती जा रही है। अगर प्रथम अपीलीय अधिकारी यह सुनिश्चित करना शुरू कर दें कि जन सूचनाधिकारी के स्तर से आवेदक को अगर सूचना नहीं मिली तो क्यों नहीं मिली तो आयोग के समक्ष आने वाली द्वितीय अपीलों की संख्या कम हो जाएगी लेकिन अभी यह हो रहा है कि प्रथम अपीलीय अधिकारी जनसूचनाधिकारी के खिलाफ जाना ही नहीं चाहते।

**लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण की आयोग की प्राथमिकता: राज्य सूचना आयुक्त-** राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग की प्राथमिकता लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण की है। आयोग यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि जो सूचना देने योग्य नहीं है या लोक प्राधिकारी के यहां नियंत्रणाधीन नहीं है, जनसूचनाधिकारी स्पष्ट तौर पर आवेदक को बताए, 6(1)आवेदन पत्र लम्बित रखने से लोक प्राधिकारी के विरूद्ध ही शिकायत बनती है और धारणा को बल मिलता है कि सूचना छुपाई जा रही है।

**आवेदकों को नियत समयावधि में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए वांछित सूचनाएं:** राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी लोक प्राधिकारी अपने नियत्रंणाधीन सूचनाएं सार्वजनिक करें, ताकि आमजन को सूचना मांगने की जरूरत ही ना पड़े। राज्य सूचना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि अधिनियम के तहत आवेदकों को निर्धारित समयावधि के अदंर वांछित सूचनाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं, अन्यथा की स्थिति में दोषी जन सूचनाधिकारियों के विरूद्ध अधिनियम की धारा-20 (1) व 20 (2) के तहत कार्यवाही की जायेगी। अधिनियम की धारा-19 ( 7 ) में स्पष्ट किया गया है कि राज्य सूचना आयोग के आदेश सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-5 (1) के तहत नियुक्त / नामित जनसूचनाधिकारियों के लिए बाध्यकारी है।

**इनकी रही मौजूदगी:** एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम,सहायक जनसूचनाधिकारी समाज कल्याण विभाग एसएन भारती व सहायक वैज्ञानिक अधिकारी हिमांशू सोनकर, वैज्ञानिक सहायक, उप्र प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड लखनऊ जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## कक्षा आठ की छात्रा संध्या देवी बनीं एक दिन की इंचार्ज प्रधानाध्यापक

**लखीमपुर खीरी।** जनपद की निघासन ब्लॉक के सांवलियन विद्यालय कोलापुरवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा आठ की छात्रा संध्या देवी को एक दिन के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक बनाया गया। प्रधानाध्यापिका ने स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ-साथ बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं को अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए प्रेरित किया और अन्य विद्यालयी कार्यों का भी निरीक्षण कर स्कूल में साफ सफाई के लिए प्रेरित करते हुए स्कूल में मौजूद बच्चों को समय से स्कूल आना, स्कूल में नियमित और साफ सुथरी वेशभूषा में आकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक पारसनाथ शुक्ला, सहायक अध्यापिका नेहा चतुर्वेदी, सहायक अध्यापक सुदीप कसाना, शिक्षामित्र सुमन देवी सहित समस्त रसोइया एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। एक दिवसीय परिवर्तन से स्कूली बच्चे भी बहुत उत्साहित दिखे।



## पांच जगहों से नकदी सहित जेवर चोरी, क्षेत्र में दहशत

**मोहम्मदी खीरी।** गत रात्रि चोरो ने एक ही रात में विधायक की ग्राम सभा में अलग अलग पांच जगहों पर हाथ साफकर नगदी सहित कई लाख रुपये के जेवर की चोरी कर क्षेत्र में दहशत पैदा कर दी। सूचना पाते ही पीड़ित परिवारों के यहाँ विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख महेन्द्र बाजपेई, प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह, हल्का इंचार्ज संजीत तिवारी दलबल सहित घटना स्थल पहुँचे। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजापुर बैनी में पं. पुत्तू लाल के यहां चोर पीछे से चढ़कर ऊपर कमरे में रखे तीन बक्शो से कुंडा तोड़कर 50 हजार रुपये नगद सोने की चैन व झुमकी उड़ाकर फरार हो गए उसके बाद गेंदूसिंह के यहाँ घुसे किन्तु उनका लड़का जागता हुआ देखकर तुरन्त फरार हो गए उसके बाद मजरा ग्राम बडेरा में कैलाश फैक्ट्री गए उनके घर में घुसकर चोरों ने 16 हजार रुपये नकद 8 चाँदी के सिक्के, करधनी, गुलशन पट्टी, सोने के झाले, लाकेट, नथुनी चुरा लिया। उसके बाद राम दयाल दूसरे मकान में लेटे थे उनके मकान से 90 हजार रुपये नकद और पत्नी व लड़कियों के रखे सारे जेवर चोर उठा ले गए। रामवीर फैक्ट्री गए थे उनके यहाँ भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसी गांव में राजेन्द्र पिपरिया के घर गए उनके यहां चोर सारा जेवर उठाकर चम्पत हो गये। उसके बाद देवेन्द्र के यहाँ घुसकर चोरों ने जीने की कुंडी बन्द कर ली अचानक इतने में खटपट की आवाज सुनकर जाग गया और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे चोर भाग निकले। फिलहाल विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस से प्रत्येक दशा में दो दिन के अन्दर चोरी का पर्दाफाश कर चोरों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

# डीएम ने ली जिलास्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



- योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलाएं लाभ, बैंकर्स करें पूरी प्रतिबद्धता से काम: जिलाधिकारी
- बैंकों में लंबित पत्रावलियों का अभियान चलाकर करें निस्तारण
- डीएम की दो टूक, शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में बर्दाश्त नहीं होगा अनावश्यक विलंब

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि बैंकर्स पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। निर्देश दिए कि बैंकर्स द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करें। विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किए प्रकरणों की विस्तार से बैंकवार समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं की बैंकों में लंबित फाइलों का यथा शीघ्र निस्तारण करें।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विभागवार बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की वस्तुस्थिति जानी एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 सभी लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, पीएम सूचना खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्योग केंद्र की ऋण योजनाओं की प्रगति, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन योजना की प्रगति, पीएम जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा ऋण योजना, पीएम जन धन योजना, डिजिटल आधारित भुगतान अर्थव्यवस्था, बैंकों द्वारा आंकड़ों का प्रेषण, शिकायतों का निस्तारण एवं फसल बीमा योजना पर चर्चा की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि ऋण पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ और अधिक आक्रामक तरीके से स्वीकृति दे, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलने के साथ-साथ जिले की रैंकिंग और बेहतर हो सके। बैठक में मुख्य रूप से आरबीआई से एलडीओ अमित कुमार, नाबार्ड के डीडीएम प्रसून सोनार, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी उपायुक्त उद्योग उज्ज्वल सिंह सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

**पीएम स्वनिधि योजना से लाभार्थियों को जोड़े, करवाए प्रचार-प्रसार: डीएम-** बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंह को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करवाकर लाभार्थियों को योजना से जोड़ उनके जीवन को सुगम बनाए। नगर निकाय स्तर पर जनवरी माह पर पीएम स्वनिधि मेला का आयोजन भी करवाए। अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहने पाए।

**डीएम सख्त, बीएमएम का परफोर्मेंस पर मिलेगा मानदेय:** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बेहद सख्त नजर आई। डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि उपस्थिति के साथ-साथ बीएमएम का परफोर्मेंस के आधार पर मानदेय मिलेगा। चेताया कि अगले माह की परफॉर्मेंस ठीक करे, अन्यथा मानदेय नहीं मिलेगा। ब्लॉक स्तर पर बीएमएम बैंकर्स और समूह की महिलाओं का समन्वय स्थापित करवाएं। इसका डीसी एनआरएलएम स्वयं और श्रवण एवं पर्यवेक्षण करें।

## ओयल क्षेत्र में चन्दन तस्करों का कहर



**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।** चौकी क्षेत्र में सर्दियों के मौसम के चलते चंदन तस्कर गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। पिछले कई वर्षो से पुलिस की निष्क्रियता के चलते चन्दन पेड़ चोरी की घटनायें बढ़ जाती है। कस्बे के मोहल्ला शिवाला में स्थित बुधवार की बीती रात पुलिस से निशाखातिर चन्दन तस्कर चोरों ने शिवकुमार अवस्थी पुत्र रामरतन अवस्थी के मकान के पूरब दिशा की ओर 50 मीटर की दूरी पर स्थिति बगीचे में लगे चन्दन के चार पेड़ों को निशाना बना दिया। पीड़ित शिवकुमार अवस्थी ने बताया की सुबह जब हमारे घर के लोग बगीचे में गए तो चार चन्दन पेड़ गयब थे। बगीचे में पलवासां पड़ा था। घटना की सूचना ओयल पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने निरीक्षण कर छान-बीन कर जल्द चन्दन तस्करों को पकडकर खुलासे की बात कहकर वहां से बैरगं वापस लौट आई। इससे पूर्व में भी कस्बे से लेकर गांव तक दर्ज़नों की संख्या में बेशकीमती चन्दन के पेड़ काटे जा चुके है।

# ओवरलोडेड गन्ने के ट्रक दे रहे हादसों को दावत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनोगन्गा पर बने लोनी चीनी मिल के क्रय केंद्र से लोनी चीनी मिल जाने वाले ओवरहाइट ओवरलोड गन्ने के ट्रक कस्बे के बीच से होकर गुजरते हैं जो लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इनके कारण कस्बे की सड़कों पर जब तब जाम के हालात तो बनते ही है साथ ही साथ आवर हाइट होने के कारण यह ट्रक कस्बे से निकली एलटी लाइन के तारों में रगड़ते हुए निकलते हैं जिससे कभी भी भीषण हादसा हो सकता है। जिसके चलते राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओवरलोड और ओवर हाइट होने के बाद भी पुलिस ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई नहीं करती है। गन्ने के ट्रक दिन भर दुर्घटनाओं को न्योता देते नजर आते हैं। उचौलिया में इन दिनों गन्ने से भरे ओवरलोड और ओवर हाइट होने के कारण आमजन को काफी समस्या से जूझना पड रहा है। क्रय केन्द्रो से गन्ने भरकर चलने वाले ट्रक ओवरलोड और ओवर हाइट होकर चलते हैं जो कस्बे के बीचोंबीच से होकर जाते हैं। इसके चलते दिन भर बनकागॉव मार्ग जाम की चपेट में रहता हैं। ओवरलोड और ओवर हाइट होने के कारण इन ट्रकों के गन्नों की पूली कहीं भी गिर जाती हैं जिसके चलते राहगीर हर समय खतरे के साए में रहते हैं। ग्रामीणों एवं व्यापारियों का कहना है कि जिस समय गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक यहॉ से गुजरते है तो ट्रकों को देखकर ही उनके पलटने का खतरा रहता है। वहीं ऐसे वाहनों पर पुलिस भी नकेल नहीं लगाती।

### ओवर हाइट कंटेनर से अभी हाल ही में हुआ था हादसा

**अभी** हाल ही में बनकागॉव रोड जिला सहकारी बैंक के सामने एक ओवर हाइट कंटेनर एलटी लाइन के तारों में फस गया था और कंटेनर चालक की लापरवाही से विद्युत लाइन के कई खंभे टूट गए थे जिसके बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान इस और नहीं जा रहा है।

## श्री श्याम भजन संध्या में झूमे श्रोता



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** निघासन के रकेहटी स्थित प्राचीन बुढ़वा बाबा मंदिर के सत्संग हाल में प्रत्येक माह की (एकादशी) ग्यारस को होने वाले श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में भजन प्रवाहक मिनी लक्खा के नाम से जाने वाले विनीत पाण्डेय और सुरेश अलबेला ने मनमोहक एवं सुन्दर सुन्दर भजनों से हाल में बैठे श्रोताओं का मन मोह लिया, और श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। भजन प्रवाहक ने हाल में बैठे श्रोताओं को हुतीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ न मुश्किल में है दास तेरा अब जल्दी आओ नट्ठ आदि भजनों के माध्यम से श्री खाटू श्याम के साथ भावनात्मक जोड़ने और झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर श्याम मित्र मंडल के धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, अनुपम जायसवाल, जीतू गुप्ता गोपी गुप्ता, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, रामसनेही, सहित सभी श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



मां जानकी सेवा संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों के प्रति सम्मानित किया गया। इसी कडी में खुशी वर्मा को सम्मानित किया गया। संस्था के शिवम राठौर ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा मां जानकी रसोई, जानकी एंबुलेस, जानकी नेकी की दीवार, जानकी प्रयास जान बचाइये मजहब नहीं ब्लड ग्रुप का संचालन किया जा रहा है। जिसमें गरीबों को भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, वस्त्रों का वितरण सहित अस्पताल की सेवाएं मुहैया कराई जाती है। मोहम्मदी में रोडवेज के निकट मां जानकी रसोई के माध्यम से गरीब व जरुरतमंदों को 365 दिन भोजन 5रुपये की भोजन थाल, नेत्रहीन दिव्यांगजन को निशुल्क भोजन की व्यवस्था, बच्चों को निशुल्क दूध, मां जानकी एंबुलेंस 24x7 निशुल्क सेवाओं के साथ जान बचाइए मजहब नहीं ब्लड ग्रुप आदि के माध्यम से समाज की सेवा की जा रही है। बुधवार को संस्था द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम, दीं शानदार प्रस्तुतियां

- मनमोहक कार्यक्रम पेशकर लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रगति चित्रांशी इंटर कॉलेज मनवापुर भैठिया में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरी। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा,बघौडा प्रधान पति मंजीत राज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुत देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के दौरान सामूहिक और पारंपरिक नृत्य एवं समाज को जागरूक करने वाले नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा तथा करतल ध्वनियों से प्रशंसा प्राप्त की। अतिथियों ने कॉलेज में वर्ष भर में आयोजित हुई मेहंदी, चित्रकला, ड्रेस, निबंध, रंगोली, क्विज, विज्ञान आदि विभिन्न प्रतिभाओं के विजेता मेधावी छात्र-छात्राओ को ट्रॉफी एवं गिफ्ट प्रदान किए। साथ ही कॉलेज प्रबंधक विजयकांत श्रीवास्तव ने 51 गरीब महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया। कॉलेज प्रबंधक ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य लवलेश दीक्षित, रामकिशोर गुप्ता, प्रेम नारायण शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, आदर्श राठौर, धीरज वर्मा, लालता प्रसाद मौर्य, कांति, प्रियांशी, गोल्डी सहित क्षेत्र के तमाम विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# गन्ना समिति अध्यक्ष किसानों की समस्याओं की हकीकत जानने पहुंचे अजबापुर शुगर मिल

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मैगलगंज गन्ना समिति अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र पप्पू अपनी टीम के साथ गुरुवार रात 12 बजे अजबापुर शुगर मिल पहुंचे जहां उन्होंने गन्ना किसानों की समस्याओं की हकीकत जानते हुए मिल प्रबंधन को निराकरण के लिए कहा। अध्यक्ष ने निराकरण न होने पर इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से किए जाने की चेतावनी दी। मैगलगंज गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष बनने के बाद राजेंद्र मिश्रा पप्पू मिल परिसर में गन्ना किसानों को होने वाली समस्याओं से रूबरू होने के लिए पहली बार अचानक गुरुवार रात 12 बजे अपनी टीम के साथ अजबापुर शुगर मिल पहुंच गए। जहां उन्होंने सबसे पहले गन्ना तौल कांटे को चेक किया। जिसके बाद वह मिल में गन्ना लेकर आए किसानों से रूबरू हुए। अध्यक्ष ने गन्ना किसानों को तौल में आ रही दिक्कतों को लेकर मिल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कहा कि सभी गन्ना सेंटरों पर किसानों से ली जा रही उतरवाई बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं समस्याओं को देखेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि गन्ना किसानों से वसूली के हर सिंडीकेट का खुलासा किया जाएगा। अगर किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत शासन को अवगत कराते हुए कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व संचालक गौरव नरेंद्र शुक्ला, कुलदीप त्रिवेदी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस साहिबजादा दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति फेस 0.5 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस साहिबजादा दिवस का आयोजन गुरु नानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज एवं गुरु नानक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के मध्य किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को बहुत ही श्रद्धा के साथ देखा और समझा गया। लाइव कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की शिक्षिका बलजीत कौर ने शबद पाठ करके छात्र छात्राओं को वीर बालकों का जीवन परिचय दिया। छात्रा सीरत कौर, काजल शाक्य, निधि शुक्ला, यशी रस्तोगी, अंशिका वर्मा, शास्त्रिका भारद्वाज, परी चौधरी, वैष्णवी गुप्ता, दामिनी कश्यप, खुशी धीमान, आरती अवस्थी, निहारिका एवं माही जसप्रीत कौर छात्राओं ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन परिचय और उनके बलिदानों एवम देश के प्रति समर्पण को बहुत ही श्रद्धा और सम्मान के साथ छात्रों के सामने प्रस्तुत किया। इस महान शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में गुरु नानक इंटर कॉलेज से सरदार परगट सिंह ,सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह, बबीता सचदेवा, कर्मजीत कौर, बलजीत कौर, जितेंद्र कौर, हरदीप कौर और प्रधानाचार्य डॉक्टर मीनाक्षी तिवारी उपस्थित रहे तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय से इस कार्यक्रम में काउन्शलर कय्यूम जरवानी, विजेता गुप्ता एवं पैरा मेडिकल स्टाफ खुशबू अवस्थी उपस्थिति रहे।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर यूपी में राजकीय शोक

▸ राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा एवं नहीं होगा कोई सरकारी आयोजन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता रहे मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया। 92 वर्षीय मनमोहन सिंह 10 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री रहे। मनमोहन सिंह के निधन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने राजकीय शोक घोषित किया है। इस संबंध में अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि भारत के पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर 2024 को एम्स अस्पताल, नई दिल्ली में निधन हो गया। दिवंगत गणमान्य व्यक्ति के सम्मान में, यह निर्णय लिया गया है कि 26 दिसंबर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक पूरे भारत में सात दिनों का राजकीय शोक मनाया जाएगा। इस अवधि के दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और दौरान कोई आधिकारिक आयोजन नहीं होगा। इस अवधि में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा एवं कोई सरकारी मनोरंजन नहीं होगा।

अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार की ओर से जारी हस्ताक्षरित पत्र के जरिए जिलाधिकारियों, मंडलायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और मायावती ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। राज्यपाल पटेल ने सिंह के निधन को राजनीति जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अपने बयान में पटेल ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन भारतीय राजनीति के लिए, बहुत बड़ी क्षति है। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सत्य के प्रतीक और सौम्य व्यक्तित्व वाले डॉ. मनमोहन सिंह का निधन एक अपूरणीय अंतरराष्ट्रीय क्षति है।

महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी एक्स पर कहा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन की खबर बेहद दुखद है। भारत की आर्थिक प्रगति में उनके उल्लेखनीय योगदान और उनके सदाचारी स्वभाव को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने सोशल मीडिया पर एक मार्मिक पोस्ट के जरिए सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, राजनीति में सादगी के प्रतीक डॉक्टर मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। आर्थिक सुधार, परमाणु समझौता और मनरेगा समेत उनकी दूरदर्शी पहलों ने भारत को समृद्धि की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। राष्ट्र उनके योगदान का हमेशा ऋणी रहेगा। भावभीनी श्रद्धांजलि।

# पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का निधन भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि यह भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है।

योगी ने एक्स पर लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की शासन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों व समर्थकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओमः शांति। डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। उनके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार देखे, जिन्होंने देश की प्रगति की दिशा को बदल दिया। उनके निधन से देश ने न केवल एक कुशल राजनेता बल्कि एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री को खो दिया है। उनका योगदान भारतीय राजनीति और समाज में सदैव याद किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### युवक ट्रेन से कटा, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**लखनऊ।** मलिहाबाद के भुलभुला खेड़ा गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक युवक ट्रेन से कट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं आस-पास के ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि भुलभुला खेड़ा गांव के पास स्थित रेलवे लाइन पर करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक का क्षतविक्षत शव मिला। मृतक ने काले रंग का लोवर और लाल टीशर्ट पहन रखी था। आस-पास के गांवों के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### युवक ने फांसी लगाई, आंगन के जाल से लटका मिला शव

**लखनऊ।** बंथरा में शुक्रवार सुबह एक युवक फांसी के फंदे पर लटक गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। खटोला गांव निवासी रामप्रताप रावत का बेटा उमेश (25) सुबह करीब सात बजे आंगन में लगी जाल से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने जब यह देखा तो चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पिता राम प्रताप ने बताया कि तड़के करीब 4 बजे उमेश अपने कमरे से निकलकर बाहर चला आया था। सुबह करीब 7 बजे घर के लोगों ने देखा तो वह आंगन में लगी जाल से दुपट्टे के सहारे मृत लटका मिला। सूचना पर पहुंची बंथरा थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फिलहाल आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक उमेश के परिवार में पिता राम प्रताप के अलावा मां लीलावती, बड़ा भाई सुभाष, बहन केतकी, रितु और खुशबू हैं। उमेश की 2 वर्ष पहले मोहनलालगंज के नवल खेड़ा, डेहवा में रहने वाली मोनी के साथ शादी हुई थी। उमेश शटरिंग का काम करता था।

### 17 दिन साइकिल चला कर एनसीसी कैडेट देंगे शहीदों को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की याद में और उसमें शहीद सैनिकों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उत्तर प्रदेश एनसीसी साइकिल अभियान चलाएगा। अभियान का शीर्षक 'संग्राम 1857' है, जिसका उद्देश्य अमृत काल में राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करना है, जिसका संदेश है समर से समृद्धि की ओर। आगरा एनसीसी समूह के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चरग के नेतृत्व में अभियान दल में यूपी एनसीसी निदेशालय की पांच बालिका कैडेटों सहित 15 एनसीसी कैडेट शामिल हैं। अभियान एक जनवरी को मेरठ से शुरू होगा और बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा और मथुरा समेत 1857 संग्राम के सभी प्रमुख युद्धक्षेत्रों और महत्वपूर्ण स्थानों से होते हुए 27 जनवरी को नई दिल्ली में समाप्त होगा। 17 साइकिलिंग दिनों में कुल 2000 किमी की दूरी तय करेगा। अभियान दल को चार जनवरी को मध्य कमान के जीओसी-इन-सी द्वारा लखनऊ में दल को हरी झंडी दिखाई जाएगी और पांच जनवरी को राजभवन से राज्यपाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### वेतन की मांग को लेकर संविदा बिजली कर्मचारियों का हंगामा, वृंदावन पावर हाउस ऑफिस घेरा


**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-5डी स्थित 33/11केवी विद्युत उपकेंद्र पर शुक्रवार को संविदा कर्मियों ने हंगामा किया। उपकेंद्र का घेराव कर नारेबाजी की। संविदाकर्मियों ने कहा दो महीनों से सैलरी नहीं दी गई है। अगर सैलरी नहीं मिली तो काम बंद कर देंगे। सूचना पर अधीक्षण अभियंता ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों की समझा बुझाकर उन्हें वापस काम पर भेजा। संविदा कर्मचारी सोनू गौतम और शिव कुमार ने कहा दो माह से हम लोगों को वेतन नहीं मिला। घर चलाना मुश्किल हो गया है। बुजुर्ग माता-पिता की दवाएं खरीदना है। घर का राशन खत्म हो गया है। बच्चों के स्कूल की फीस तक बाकी है। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने से वेतन की मांग को लेकर अधिकारियों के सामने गुहार लगा रहे हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। केवल आश्वासन मिला था, कि सबको वेतन मिल जाएगा मगर नहीं मिला। अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से बात कर उन्हें जल्द वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। इसके साथ ही काम पर वापस भेजा। पॉवर हाउस सेक्टर 9 वृन्दावन योजना के अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि पिछले महीने वेतन भुगतान प्रक्रिया बदलने से भुगतान में देरी हुई है। दो दिन में भुगतान किया जाएगा।


### प्रयागराज मण्डल के दो मार्गों के लिए दो करोड़ 82 लाख 43 हजार अवमुक्त

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के 02 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। 02 चालू कार्यों में प्रतापगढ़ में साहबगंज भट्टी चौराहा छतरपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 42 लाख 43 हजार तथा फतेहपुर में किशनपुर मार्ग से गढ़ाकोट मार्ग अजिमा चौनेज 0.000 से 9.600 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 02 करोड़ 40 लाख कुल 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

# पटरी विक्रेताओं को हुआ क्षतिपूर्ति का भुगतान : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।





▸ झांसी में फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं की सब्जी पर चली जेसीबी, नगर विकास मंत्री ने लिया संज्ञान

▸ प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता बृजेश वर्मा पर एक्शन, आउटसोर्स कर्मचारी सुदेश सिंह की सेवा समाप्त

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने झाँसी नगर निगम स्थित सीपरी बाजार के चित्रा चौराहे और पानी की टंकी के समीप फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे सब्जी विक्रेताओं की सब्जी को प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा जेसीबी के माध्यम से कुचलकर हटाने की खब्बर को अत्यंत गंभीरता से लिया है और नगर निगम के कार्मिकों द्वारा किए गए असंवेदनशील कृत्य पर गहरा दुःख भी व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा पटरी विक्रेताओं के हितों के प्रति संवेदनशील है। किसी भी रूप में उनके हितों को कुचलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कियह कृत्य प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा नगर निगम के किसी भी उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाये बगैर किया गया है, जो की घोर लापरवाही को दर्शाता है, इसके लिए प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है।नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सखष्त निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता बृजेश वर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए अग्रिम अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गयी है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुदेश सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इस कार्यवाही से प्रभावित रेहड़ी-पटरी व्यापारियों से वार्ता करके कल रात्रि में ही हुए उनके नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नगर निगम झाँसी द्वारा कर दिया गया है।नगर विकास मंत्री ने निकाय कार्मिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में सड़क किनारे जीविकोपार्जन करने वाले रेडी पटरी विक्रेताओं और ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को हटाते समय पूरी संवेदनशीलता बरते हैं। अतिक्रमण हटाते समय पुराने पथ विक्रेताओं व रेहड़ी पटरी एवं ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करते समय मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और नियमों का सख्ती से पालन करते हुए हटाया जाए। किसी भी स्तर पर अतिक्रमण के नाम पर लोगों का उत्पीड़न और कार्मिकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो मंदिरों के सौंदर्यीकरण व आसपास बुनियादी सुविधा सृजन के लिए 3.81 करोड़ स्वीकृत

▸ उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से बढ़ रहा आगे : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रसिद्ध स्थलों के पास पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रहा है। फिरोजाबाद जनपद में स्थित ग्राम उखरैण्ड और सींगमेई के दो मंदिरों के आस-पास पर्यटन विकास किया जायेगा। इसके लिए लगभग 3.81 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। 2.45 करोड़ रूपये जारी किए जा चुके है। धनराशि से दोनों मंदिरों का सौंदर्यीकरण तथा मंदिर के आस-पास बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने के प्रयास जारी हैं। पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग प्रदेश के हर जनपद में स्थित ज्ञात एवं अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर सहभागिता के आधार पर पर्यटन विकास का कार्य कराया जा रहा है।

# डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट करने वाला गिरफ्तार

▸ बीटेक की पढ़ाई छोड़ करने लगा ठगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



लखनऊ में यूपी एसटीएफने डॉक्टर के साथ लाखों की ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी चाइनीज साइबर ठग गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराता था। जिनमें साइबर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर किया जाता था। इस गिरोह ने लखनऊ के डॉ. अशोक सोलंकी को दो दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 48 लाख रुपए की ठगी की थी। यूपी एसटीएफके मुताबिक, गाजियाबाद के मुरादनगर जलालाबाद के रहने वाले कृष्ण कुमार उर्फसुनील को एसटीएफने गुरुवार रात को गिरफ्तार किया। वह हरदोई रोड पर अवध हॉस्पिटल के पास किसी के इंतजार में खड़ा था। बीटेक की पढ़ाई छोड़कर साइबर ठगी में शामिल कृष्ण कुमार उर्फसुनील साइबर ठगों को खाते उपलब्ध कराता था। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, छह डेबिट कार्ड, 3 चेकबुक, दो एटीएम किट और एक बैंक अकाउंट किट बरामद हुई है। एसटीएफ ने पांच साथियों को 14 नवंबर को गुरुग्राम हरियाणा से, 16 नवंबर को लखनऊ से दो और तीन दिसंबर को 3 साथियों को पकड़ चुकी है। अब तक इस केस में कुल 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूछताछ में कृष्ण कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 में आधुनिक इंस्टीट्यूट गाजियाबाद में बीटेक में एडमीशन लिया था, लेकिन एक साल बाद ही छोड़ दी। मोनार्ड युनिवर्सिटी हापुड से बीएससी किया। अक्टूबर 2023 में राहुल चौहान से मुलाकात हुई। जो गाजियाबाद मुरादनगर में मेडिकल स्टोर चलाता है। राहुल ने गेमिंग, स्कैमिंग, मिक्सिंग और स्टॉक पर काम करने के बारे में बताया। जिसके लिए कार्पोरेट अकाउन्ट दिलवाने की बात कही। बताया कि मोटा कमीशन मिलेगा। इसके बाद कॉर्पोरेट खाते को रेंट पर लेने के लिए उसने टेलीग्राम के माध्यम से राजकुमार और पंकज सुरेला से संपर्क किया। यह लोग उसको कमीशन पर कॉर्पोरेट बैंक खाता की डिटेल ध् किट दिलाते थे। पूछताछ में कृष्ण कुमार ने बताया कि अगस्त में डॉ. अशोक सोलंकी के साथ ठगी उसके साथियों ने की थी। राजकुमार ने 12 अगस्त को वॉट्सऐप कॉल करके सेक्टर 52 के एक होटल बुलाया। जहां कार्पोरेट बैंक खाता धारक नागेंद्र पाठक से उनके बैंक खाते की एसएमएस अलर्ट सिम ले लिया। उसमें एपीके फाइल के माध्यम से वेलकम एप डाउनलोड किया, जिससे अकाउंट में ओटीपी आने लगा। इसके बाद यह एपीके डिवाइस, बैंक खाते का इंटरनेट बैंकिग आईडी-पासवर्ड, एटीएम कार्ड चेकबुक आदि लेकर होटल शिवम मोहन नगर गाजियाबाद राहुल के पास गया। वहां पर वॉट्सऐप काल से मुहफिजुद्दीन से संपर्क कर चाइनीज गिरोह के माध्यम से उस बैंक खाते में साइबर ठगी का करीब 8.8 करोड रुपए का ट्रांजेक्शन कराया। जिसमें से 12 लाख रुपए राजकुमार की टीम और बाकी मुहफिजुद्दीन ने यूएसडीटी में बदल कर चाइनीज गिरोह को उनके वालेट में भेज दिया।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे पर सख्त हुई मंडलायुक्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

**अवैध प्लाटिंग करने वालों पर एफआईआर के निर्देश**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को मुक्त कराने के अभियान के तहत मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने तहसील सरोजनी नगर के ग्राम सभा हरिहरपुर में निरीक्षण किया। सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद उन्होंने संपूर्ण क्षेत्र का जायजा लिया और सख्त निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने ग्राम हरिहरपुर में सरकारी भूमि (गाटा संख्या 636) पर प्रॉपर्टी डीलर गुड्डा देवी द्वारा किए गए अवैध कब्जे और प्लाटिंग पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी तरह, फ्रेंड्स कॉलोनी द्वारा गाटा संख्या 505, 513, और 504 पर अवैध कब्जे के मामले में भी प्रोपराइटर पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए।

मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के बाद अगर दोबारा अवैध कब्जा पाया गया, तो संबंधित बिल्डर और रजिस्ट्री कराने वाले के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि पर कब्जा करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम बनाई गई है। यह टीम भूमि की पैमाइश, जीएस मैपिंग और जीरो टैगिंग का काम कर रही है। मंडलायुक्त ने उप जिलाधिकारियों को भू-माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए। सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के बाद, उसे संरक्षित करने और वहां बोर्ड लगाने के भी आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि चिन्हित भूमि पर कब्जा दोबारा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने और अवैध प्लाटिंग और बाउंड्री को ध्वस्त करने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए है।

# नाला खुदाई के दौरान सीएनजी पाइप लाइन टूटी, गैस रिसाव से हड़कंप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर में शुक्रवार को पीएनसी की लापरवाही से नाला खुदाई के दौरान सीएनजी पाइपलाइन टूट गई, जिससे गैस का रिसाव होने लगा। इससे अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से लोगों को दूर हटाया।कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी कर्मचारी दोपहर करीब 12 बजे जेसीबी मशीन से खुदाई कर रहे थे। गौरी बाजार में हीरालाल यादव डिग्री कॉलेज के पास नाला बनाने के लिए मिट्टी निकाली जा रही थी। जेसीबी से भूमिगत सीएनजी पाइप लाइन टूट गई और उससे गैस का रिसाव होने लगा। पीएनसी कर्मी रिसाव बंद करने में जुट गए। ग्रीन गैस लिमिटेड (जीजीएल) के इंजीनियरों ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक किया। सूचना के बाद जब तक दमकल गाड़ी पहुंची, तब तक रिसाव बंद किया जा चुका था।

घटना के बाद आस-पास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि अगर तुरंत इस मामले में ध्यान न दिया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# एलडीए ने गोमती नगर में अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर


लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित विराम खंड में शुक्रवार को एलडीए ने अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। यहां अतिक्रमण कर बनाए गए पक्के निर्माण को तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि विराम खंड में 24 दिसंबर को सीलिंग की कार्रवाई यादव दूध डेयरी पर की गई थी। यहां पर नियमों का उल्लंघन कर अवैध निर्माण किया गया था, जिसके बाद यहां पर अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही भूखंड संख्या 1/122 पर अनुराग, अरविंद और आदित्य त्रिपाठी की तरफसे अवैध निर्माण किया गया है। प्राधिकरण सचिव से शिकायत की गई। नक्शा पास नहीं होने के चलते यहां पर भी ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सुबह से ही एलडीए की टीम अधिकारियों और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि पहले टिन शेड को तोड़ा गया। इसके बाद पक्के अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण शुरू हुआ। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि एलडीए की तरफ से अवैध निर्माण के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है।

**तैयारी** | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की समीक्षा बैठक आयोजित

# गणतंत्र दिवस को अधिक आकर्षक, प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद बनाने पर जोर

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।





▸ इस वर्ष की झांकियों में महाकुंभ 2025, काकोरी एक्शन की 100वीं वर्षगांठ, अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं पुण्यतिथि और आजादी का अमृत महोत्सव जैसे विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी

आगामी गणतंत्र दिवस 2025 को भव्यता और गरिमा प्रदान करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने इस वर्ष के आयोजन को अधिक आकर्षक, प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद बनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी को विधानसभा के सामने आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। इसके बाद केडी सिंह बाबू स्टेडियम में वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। झांकियों, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस बार काकोरी एक्शन और अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि जैसे विशेष अवसरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इस वर्ष की झांकियों में महाकुंभ 2025, काकोरी एक्शन की 100वीं वर्षगांठ, अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं पुण्यतिथि और आजादी का अमृत महोत्सव जैसे विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी।

झांकियां विधान सभा मार्ग से होते हुए हजरतगंज, राणा प्रताप तिराहा, और अन्य मार्गों से गुजरेंगी। 22 जनवरी को प्रथम पूर्वाभ्यास और 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित होगी। परेड में सेना, सीआरपीएफ, होमगार्ड, एनसीसी और पुलिस की टुकड़ियां शामिल होंगी। यातायात और सुरक्षा के लिए विशेष योजना बनाई गई है, जिसमें हर झांकी के साथ ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल तैनात रहेंगे। 25 जनवरी को देशभक्ति गीतों का प्रसारण, कवि सम्मेलन, और प्रभात फेरी आयोजित होगी।

विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी और नोबेल प्राइज क्विज जैसे कार्यक्रम जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। 26 जनवरी को राष्ट्रगान शुरू होने से एक मिनट पहले सभी ट्रैफिक सिग्नल रेड कर दिए जाएंगे। जिले भर में लोग अपने वाहनों से बाहर निकलकर सावधान मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान का सम्मान करेंगे।

जिलाधिकारी ने सभी सरकारी और निजी कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस बैठक में सेना, पीएसी, पुलिस, नगर निगम, विद्युत विभाग, और बेसिक शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ प्रशासन की ये तैयारी सुनिश्चित करती है कि गणतंत्र दिवस 2025 एक अद्वितीय और प्रेरणादायक आयोजन बनेगा।

# लखनऊ नगर निगम वसूलेगा 100 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



▸ पांच जनवरी तक करें कार्रवाई; लापरवाह अधिकारी होंगे बर्खास्त : नगर आयुक्त

लखनऊ नगर नगर निगम में टैक्स नहीं वसूल पाने वाले अधिकारियों को कार्यमुक्त करने की तैयारी कर ली गई है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जोन 3 कार्यालय, कपूर थला में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ में बैठक की। इसी दौरान यह निर्देश दिया गया। नगर निगम के जोन 3 में वित्त वर्ष में 85 करोड़ रुपए टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य तय किया था। अधिकारी अभी तक सिर्फ 4 करोड़ 61 लाख 83 हजार 212 रुपए ही टैक्स वसूल पाए हैं।

इसी मुद्दे पर नगर आयुक्त ने कर निरीक्षक, कर अधीक्षक, जोनल अधिकारी अमरजीत सहित, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के साथ बैठक की। नगर निगम जोन 3 में कदम रसूल, लाला लाजपत राय, महा कवि जयशंकर प्रसाद, महानगर, मनकामेश्वर वार्ड आते हैं। यहां टैक्स कलेक्शन लक्ष्य की तुलना में कम रहा। इस पर नगर आयुक्त ने मधुरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार को चेतावनी दी। आजाद अहमद के अनुपस्थित रहने के कारण और टैक्स मांग पिछले वर्ष की तुलना में कम होने के कारण एडवर्स एंट्री दर्ज की।

नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि 31 मार्च तक कोई भी भवन परिवर्तन कर निर्धारण से छूटने न पाए। नगर आयुक्त ने साफकिया कि प्रॉपर्टी टैक्स की 100 फीसदी वसूली 15 जनवरी तक करनी होगी। साथ ही कहा कि किसी भी कर निरीक्षक का 10 भवन, 50 हजार रुपए प्रति वार्ड वसूली और 10 नए कर निर्धारण से कम का आंकड़ा होगा, उनके साथ मीटिंग की जाएगी। जो टैक्स इंस्पेक्टर टारगेट पूरे करेंगे, उन्होंने पुरस्कृत किया जाएगा। जो लोग लापरवाही करेंगे उन्हें कार्य से मुक्त कर दिया जाएगा। नगर निगम ने जोन 1 में 100 करोड़, जोन 2 में 35 करोड़, जोन 3 में 85 करोड़, जोन 4 में 100 करोड़, जोन 5 में 45 करोड़, जोन 6 में 60 करोड़, जोन 7 में 100 करोड़ और जोन 8 में कुल 100 करोड़े रुपए टैक्स वसूली का टारगेट फिक्स किया है। इससे कम वसूली वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने बालक छात्रावास के लिए भूमि का किया चिन्हांकन

## डीएम की अध्यक्षता में शासकीय भवनों के लिए भूमि प्रस्तावों की हुई समीक्षा बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शासकीय उपयोग के लिए पर्यटन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण विभाग के प्रस्तावों के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समाज कल्याण विभाग जनजातीय कल्याण अनुभाग अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिकाओं हेतु छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बालक छात्रावास हेतु मीरपुर कस्बा में भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। जबकि बालिका छात्रावास हेतु मिहींपुरवा में उपयुक्त भूमि देखी जा रही है। डीएम ने निर्देश



दिया कि बालक छात्रावास के लिए चिन्हित भूमि को शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को सौपने की कार्यवाही करते हुए बालिका छात्रावास हेतु भूमि को चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। पर्यटन विभाग के कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि गाटा सं.2472/1.4410 हे. भूमि में से 0.0465हे. भूमि पर पर्यटन विभाग द्वारा कार्यालय बनाये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी है। उक्त भूमि पर पर्यटन विभाग कार्यालय के निर्माण हेतु तहसीलदार द्वारा संस्तुति सहित आख्या उपलब्ध करा दी गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को भूमि आवंटन की कार्यवाही पूरी करायी जाय। जबकि आभा जनजतीय योजना बिशुनापुर एवं बिछिया में आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बिशुनापुर में भूमि को चिन्हित कर लिया गया तथा बिछिया में अस्थायी केन्द्र निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि को देखा जा रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत नवाबगंज में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर उपयुक्त का प्रस्ताव तैयार करायें। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में निष्प्रयोज्य एवं जर्जर हो चुके सरकारी भवनों को खोज कर नियमानुसार उनके ध्वस्तिकरण की कार्यवाही कर उपलब्ध होने वाली भूमि उपयोग में लाया जाय। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण व अवैध कब्ज़ों से मुक्त करायी गयी ज़मीनों के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि उन्हें कब्ज़े में लेते ही वहां पर पिलर इत्यादि लगवाकर घेर दिया जाय तथा दोबारा कब्ज़ा करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (वि.), जिला पर्यटन सूचना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# किसान हो रहे कंगाल और कांटा बाबू हो रहे मालामाल



**नरेंद्र लाल गुप्ता**

> प्रकरण विकासखंड पड़री कृपाल के इंदिरापुर गन्ना कांटा की जहां न टेंट है ना चौकीदार और ना ही बाट

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को सुबह लगभग 11:00 बजे जब समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र की टीम इंदिरापुर गन्ना कांटा पर पहुंची तो वहां किसानों का कुसुम लगा था कांटा बाबू वीरेंद्र कुमार पांडे अपनी कुर्सी पर बैठे हुए थे किसानों का आरोप है प्रत्येक गाड़ी से 50 किलो गाना कहकर कम तौलते हैं जब इस प्रकरण पर कांटा बाबू से जानकारी लेनी चाही गई तो उन्होंने बताया कि किसान अपनी खुशी से 50 किलो गाना देते हैं उसी जगह जब किसानों से बात किया गया तो उन लोगों ने बताया कि हम लोगों की खुशी से कुछ भी नहीं है हमारा गाना जितना भी तौला जाता है उसमें से 50 किलो कम करके यह लिखते हैं जैसे हमारा गन्ना 31 कुंतल 60 किलो था लेकिन इन्होंने पर्ची में 31 कुंतल 10 किलो ही दिखाया है इस पर जब कांटा बाबू से बात किया गया तो उन्होंने कहा की गान्ना कुचल जाता है खराब हो जाता है इसलिए यह गन्ना लिया जाता है किंतु वास्तविकता यह है कि इनके द्वारा जो घटतौली की जाती है उस हिसाब से कम से कम 80 से 85 हजार रुपए का गन्ना यह किसानों का घोट जाते हैं।

# पसका मेला तैयारियों पर बैठक कर दिए निर्देश


## जिलाधिकारी बोली, स्नान घाट सफाई व्यवस्था पर दिया जाये विशेष ध्यान



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी वाले पसका मेला की तैयारियों के संबंध में पसका कमेटी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी तैयारियों को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि पसका मेला शुरू होने से पहले सारी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाये। उन्होंने संबंधी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि पसका मेला में विद्युत व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, रास्ते की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल कैंप, पार्किंग व्यवस्था, जल पुलिस व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था, एंबुलेंस व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, रोडवेज की व्यवस्था सहित अन्य सारी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने एसडीएम करनैलगंज भारत भार्गव एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि स्नान घाट को समय से अच्छे से तैयार करा लिया जाये, और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। ताकि वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, उप जिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, डीपीआरओ, एक्सईएएन सीडी 2, फायर ब्रिगेड विभाग नितेश शुक्ला, बीडीओ परसपुर, थानाध्यक्ष परसपुर, सहित पसका कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय का काम देख रहा प्राइवेट बाबू



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा का संभागीय परिवहन कार्यालय हमेशा विवादों के घेरे में रहा है क्योंकि जहां इस कार्यालय में लेखाकार का तबादला जून 2024 में बलरामपुर हो चुका किंतु आज भी वह गोंडा कार्यालय में ही जमे हुए हैं इसी प्रकार परमिट बाबू का भी तबादला जून 2024 में बहराइच हो चुका है किंतु वह भी गोंडा में ही जमे हुए हैं यह तो रही सरकारी कर्मचारियों की बात अब हम आपको जिस व्यक्ति के बारे में बताने जा रहे हैं उसे व्यक्ति का नाम है महेंद्र शुक्ला विगत एक दशक से ज्यादा हो चुका है जिले के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन का काम वही देखते है ऐसे में जब उस व्यक्ति की कहीं भी नियुक्ति नहीं है तो क्या ऑफिस की गोपनीयता भंग नहीं हो सकती क्योंकि काम छोटा हो या बड़ा महेंद्र शुक्ला का ही सहारा है और इसी कारण उस व्यक्ति से ही सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन का काम वही व्यक्ति देखता रहा है पूर्व में कितने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आए और चले गए किंतु यदि ऑफिस में जमा रहा तो वहीं प्राइवेट बाबू अब यह किस नियमावली के तहत काम कर रहा है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# पूर्व पीएम के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया शोक



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक मुजेहना के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन हो जाने से शोक सभा किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर शुक्ला प्रसाद, किशन, रमेश, हजारी लाल, शीतला, विजय सहित अधिक संख्या मे लोग मौजूद थे।

# दुकान में चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, सात हजार बरामद

> इनके पास से चोरी का 7016 रुपये किया गया बरामद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

परचून की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन के पास से चोरी का सात हजार रुपये भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात के संजय कुमार सिंह ने बताया कि दिनेश उर्फ धर्मेन्द्र तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम खिरौरा मोहन ने लिखित सूचना दिया कि बहराइच रोड पर मेरी परचून की दुकान है। बीते मंगलवार की रात्रि करीब 9.30 बजे मै अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब मै अपनी दुकान खोलने आठ बजे आया तो देखा मेरी दुकान के सटर का ताला तोडकर मेरे गल्ले के बक्से मे से 8500 रूपये गायब था। तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। उप निरीक्षक गोलू तिवारी ने विवेचना किया। घटना की जांच किया। मुखबिर खास की सूचना पर कपूरे उर्फ राजकपूर पुत्र स्व. सरजू प्रसाद निवासी खिरौरा मोहन व उसी गांव के पुत्तू उर्फ विन्देश्वरी पुत्र मेही लाला को गिरफ्तार किया गया।राज कपूर को नरौरा अर्जुन मोड़ खिरौरा मोहन क्रासिंग व पुत्तू उर्फ विन्देश्वरी को ग्राम नरौरा अर्जुन रोड की तरफ आगे श्मशान घाट के पास तालाब के किनारे पकड़ा गया। इनके पास से चोरी का 7016 रुपये भी बरामद किया है।

# डिगिहा तिराहा के पास नाले से नवजात का शव बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



> लोग जता रहे एबॉर्शन के बाद शव को नाले में फेंकने की आशंका

शहर के डिगिहा तिराहा स्थित नाले में शुक्रवार सुबह एक नवजात शिशु का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरगाह थाना क्षेत्र के डिगिहा तिराहे से नाला सड़क के नीचे से निकली है। नाले में शुक्रवार को लोगों ने एक नवजात शिशु का शव उतराता देखा। इस पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। दरगाह के जीआईसी चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से बातचीत की, लेकिन नवजात किसका है, इसके बारे में जानकारी नहीं हो सकी। इस पर पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोग आशंका जता रहे हैं कि किसी अस्पताल में एबॉर्शन के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया है।

# बाढ़ कार्यों की जांच के लिए मण्डलायुक्त ने गठित की कमेटी

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



देवीपाटन मण्डल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने जनपद गोण्डा में बाढ़ कार्य खंड के तहत एल्गिन ब्रिज चरसढ़ी तटबंध और सकरौर भिखारीपुर रिंग बांध पर हुई वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के मद्देनजर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

ऐली परसौली निवासी ओम प्रकाश सिंह ने 6 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2017 से अब तक इन तटबंधों पर हुए कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदारों और अभियंताओं ने फर्जी अनुबंध बनाकर भारी वित्तीय अनियमितताएं की हैं। जांच के लिए गठित कमेटी में मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, देवीपाटन मण्डल, अभियंत्रण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, देवीपाटन मण्डल, प्राविधिक परीक्षक, प्राविधिक सम्परीक्षा विभाग, देवीपाटन मण्डल को शामिल किया गया है। जांच कमेटी को निर्देश दिया गया है कि 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें फर्जी भूमि अधिग्रहण और अनुबंध बनाकर राजकीय धन की बंदरबांट करने का आरोप लगाया गया है। ठेकेदारों और अभियंताओं द्वारा निर्माण कार्यों में घोर वित्तीय अनियमितता के आरोप मढ़े गए हैं। एल्गिन ब्रिज और सकरौर रिंग बांध पर एक ही कार्य को अलग.अलग वित्तीय वर्षों में दिखाकर फर्जी भुगतान का आरोप है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तटबंधों के निर्माण और उन्नयन के लिए बनाई गई परियोजनाओं में ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से अनुबंध और भुगतान किए गए।

भूमि अधिग्रहण में भी फर्जीवाड़ा हुआ। कमिश्नर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। यह कदम भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और सरकारी धन के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 15 दिन में कमेटी को जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्राचार्य के पिता के मौत के बाद दूसरे दिन फालोवर की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

> घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाल सिविल लाइन चौकी प्रभारी मौके पर पहुँचे

नगर कोतवाली के सिविल लाइन चौकी क्षेत्र में स्थित मेडिकल के प्राचार्या धनंजय श्री कांत कोटा स्थाने के पिता के मौत के दूसरे दिन उन की देख भाल के लिए रखे फ्लोवर की भी मौत शुक्रवार के दिन संदिग्ध अवस्था मे हो गई। फालोवर की मौत होने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाल सन्तोष मिश्रा सिविल लाइन चौकी प्रभारी केदार राम मौके पर पहुँच गये। शव का पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम को भेज दिया। वाराणसी जनपद के ढेलवरिया चौराघाट जैता पुर निवासी 45 वर्षिय कन्हैया शर्मा पुत्र गोरख नाथ की शुक्रवार की सुबह अचानक संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। एसबी सिंह नर्सेस ब्यूरो एजेंसी वाराणसी के माध्यम से संविदा पर फालोवर के रूप में कार्यरत था। प्राचार्या धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने की पिता श्री कांत कोटा स्थाने 82 वर्षिय की देखभाल और उनका खाना बनाने का काम करता था। गुरुवार के दिन श्रीकांत कोटा स्थाने की मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार हुआ था। कन्हैया शर्मा की मौत की सूचना उस के घर वालो को दे दिया गया है।

# बाइक चोर को पकड़कर पीटा, पुलिस को सौंपा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के जरवल कस्बा के निकट देशी शराब की दुकान के निकट खड़ी बाइक की चोरी कर भाग रहे चोर को दूसरी बाइक से पीछा कर पकड़ लिया। इसके बाद सभी ने जमकर पीटा। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जरवल रोड थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाइवे के निकट देशी शराब की दुकान संचालित है। दुकान के निकट एक बाइक खड़ी थी। गुरुवार दोपहर में एक व्यक्ति बाइक चुराकर स्टार्ट कर हरचंदा मोड़ होते हुए भागने लगा। बाइक मालिक ने शोर मचाया। इसके बाद दूसरे बाइक से उसका पीछा कर रास्ते में पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। सभी ने जरवल चौकी इंचार्ज राणा राज सिंह के हवाले कर दिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# भव्यता से मनाया गया कलाम फाउंडेशन का पांचवा स्थापना दिवस

> स्थापना दिवस पर बहराइच स्मारिका का हुआ विमोचन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई सामाजिक संस्था कलाम फाउंडेशन का पांचवा स्थापना दिवस भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संध्या के रूप में शहर के एक लॉन में मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर एक नई पहल करते हुए कलाम फाउंडेशन ने बहराइच स्मारिका के नाम से एक पत्रिका का प्रारंभ किया।इस पत्रिका में शिक्षा,साहित्य एवं विधि के क्षेत्र से जुड़े हुए लगभग 40 वरिष्ठ बुद्धिजीवियों का जीवन परिचय प्रकाशित किया गया है।पत्रिका के विमोचन के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार राम सँवारे द्विवेदी चातक, शिक्षाविद डॉक्टर गणेश प्रसाद, डॉ सुधा सिंह, प्रोफेसर राजेश्वर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश कालिया, वरिष्ठ अधिवक्ता राम छबीले शुक्ला, वरिष्ट शिक्षिका विंध्यवासिनी त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ नरेश मायर,वरिष्ठ अधिवक्ता शकील किदवई, बनवारी लाल गुप्ता, बार एसोसिएशन बहराइच के वर्तमान अध्यक्ष रामजी बाजपेई एवं महामंत्री बालू मिश्रा के साथ-साथ तमाम वरिष्ठ बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर फीट ऑफ़ फायर डांस एकादमी एवं मेट्रो डांस अकादमी के द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों नें सबका मन मोहा।साहित्यिक कार्यक्रम के मद्देनज़र जनपद में पहली बार एक अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नेपाल राष्ट्र से कवियित्री कृष्णा देवी पांडे,मधई सिंह सिख, के साथ-साथ वरिष्ठ कथा वाचक डॉक्टर संत शरण पांडे, अयोध्या जनपद की प्रसिद्ध कवियित्री रुचि दुबे, बस्ती जनपद से पधारी हुई डॉक्टर शिवा त्रिपाठी सरस, उन्नाव जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार कुलदीप कलश, रायबरेली जनपद के प्रसिद्ध कवि अभिजीत मिश्रा, बलरामपुर जनपद की कवित्री डॉ.ममता सिंह परिहार की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन लखीमपुर से पधारे हुए साहित्यकार विनय प्रकाश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ,हुजूरपुर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह,केडीसी सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह , अधिवक्ता संघ बहराइच के जिलाध्यक्ष पं रामजी बाजपेयी एडवोकेट अनिल त्रिपाठी ,विवेक खरे, अरुण कुमार मिश्र ,रमेश तिवारी,अधिवक्ता बृजनंदन पाण्डेय नीलू , अजय सिंह,अनिल यादव,प्रद्युम्न बाजपेयी ,अमनीश अवस्थी,रुद्र प्रताप त्रिपाठी के साथ -साथ तमाम वरिष्ठ नागरिक एवं श्रोता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह बिसेन एवं प्रदेश अध्यक्ष दिव्या पोरवाल ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया।

# किसानों ने उठाई गन्ना भुगतान की आवाज

> जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सुजौली थाना क्षेत्र में खंभाड खेड़ा चीनी मिल के द्वारा सात गन्ना क्रय केंद्रों का संचालन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रीय किसान अपना गन्ना ले जाते हैं। किसानों के मुताबिक पिछले काफी समय से लगातार गन्ना भुगतान में देरी के चलते उनका आर्थिक क्षति हो रही है। जिसको लेकर कई बार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा धरना प्रदर्शन और तालाबंदी भी की गई है। इस पर जिला गन्ना अधिकारी ने मौके का निरीक्षण कर किसानों से वार्ता की। जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ला, गन्ना परिषद के मनोज उपाध्याय ने सुजौली थाना क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्र हरिहरपुर लालपुर और कारीकोट का निरीक्षण किया। जिला गन्ना अधिकारी ने तौल समेत अन्य के बारे में किसानों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भारतीय किसान यूनियन के मलकीत सिंह चीमा, जयमल सिंह, हरपाल सिंह, मलिक सिंह, जसपाल सिंह ,रघुवीर सिंह ने समय से गन्ना भुगतान न होने पर नाराजगी जताई और जिला गन्ना अधिकारी से संबंधित चीनी मिल से जल्द से जल्द भुगतान करवाने की बात कही।

जिला गन्ना अधिकारी ने जल्द से जल्द गन्ना भुगतान करवाने का आश्वासन दिया है। जिसमें गन्ना अधिकारी अरुण सिंह ,राज सिंह के साथ भारतीय किसान यूनियन के काफी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला

> कमर में छिपाकर रखी गई 2 किलो 300 ग्राम चरस बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने एक महिला तस्कर को दो किलो 300 ग्राम चरस के पकड़ा है। महिला कमर में बांधकर चरस तस्करी के लिए आ रही थी। एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन ने बताया कि गुरुवार रात को डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार की अगुवाई में जवान भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान एक महिला नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश करती दिखी। रूपईडीहा चौकी पर महिला की जांच की गई तो जांच मशीन ने आवाज करते हुए कुछ संदिग्ध होने की जानकारी दी। डॉग स्क्वायड ने भी नशीला पदार्थ होने की सूचना दी।

जिस पर एसएसबी के महिला जवानों ने तलाशी ली तो महिला के कमर में चरस बंधा मिला। चरस दो किलो 300 ग्राम महिला किसी तस्कर को भारतीय क्षेत्र में देने आ रही थी। उप कमांडेंट दिलीप कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान महिला की पहचान नेपाल के जिला रोलपा के वार्ड नंबर तीन के घरती गांव निवासी मनमाली घरती पत्नी बहादुर घरती के रूप में हुई। एसएसबी और पुलिस जवान महिला को थाने लेकर आए। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है।

# ग्रामीणों ने रेलवे अंडर पास बनवाने की उठायी मांग

> कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज**



जिले में ग्राम पंचायत सलारपुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को रेलवे अंडर पास निर्माण के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी को ज्ञापन दिया।

सभी ने जनता हित में रेल चौड़ीकरण को देखते हुए ग्राम पंचायत के ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग की।चितौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत सलारपुर के मजरा घोसियाना, लोधनपुरवा, नयापुरवा, पुरबियनपुरवा, खालेपुरवा, पट्टापुरवा और ककरही शामिल हैं। गांव में दो प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस समय ग्राम पंचायत की ओर से रेलवे पटरी चौड़ीकरण का काम कर रहा है। ऐसे में ककरही में अंडर पास का निर्माण नहीं हुआ तो लोगों को चार किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ेगा।

इसको देखते शुक्रवार को ग्राम प्रधान जयचंद पाल की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।सभी ने मौके की जांच कर ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग की। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गीता देवी, तेज नारायन, मालती देवी, अंजू देवी, सूर्यभान, प्रियंका, प्रेम कुमार, कृष्णानंद, अदल चौहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुग्ध सहकारी समितियों को बांटे प्रमाण पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के कृषि विज्ञान सभागार में मेगा इवेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इसके अलावा दुग्ध सहकारी समितियों को प्रमाण पत्र बांटे गए। साथ ही सहकारी समितियों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए बल दिया गया। शहर के कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में मेगा इवेंट कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र और उप आयुक्त उप निबंधक देवीपाटन मंडल गोंडा अरविंद प्रकाश रहे। अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के सभापति डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी ने की। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने और सहकारिता को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया रायबरेली महोत्सव का शुभारंभ

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने किया रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन किया, जीआईसी ग्राउंड में 31 जनवरी तक चलेगा रायबरेली महोत्सव। रायबरेली महोत्सव में दिव्य महाकुंभ की सेल्फी का फीता काटकर काटकर रायबरेली महोत्सव का आगाज हो गया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया एवं उद्यान मंत्री के रायबरेली महोत्सव में पहुंचते ही सैकड़ों दुकानदारों के साथ आयोजक राकेश गुप्ता एवं आशीष पाठक ने भव्य माला एवं फूलों की वर्षा करके मुख्य अतिथि का स्वागत किया।





**ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं: मंत्री-** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार हस्तशिल्प के कारीगरों को सहयोग कर उन्नति कर रही है मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि रायबरेली महोत्सव का आयोजन यहां के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहता है जो लोग अपने बच्चों को बड़े-बड़े माल में नहीं ले जा पाते हैं वह रायबरेली महोत्सव में आकर अपने बच्चों की ख्वाहिशों को पूरा करते हैं दूसरी ओर आत्मनिर्भर भारत के तहत यहां बेरोजगारों को रोजगार भी देने का काम आयोजक राकेश गुप्ता जी कर रहे हैं रायबरेली महोत्सव समिति धन्यवाद के पात्र है।

**महोत्सव भारत मे विलुप्त होती लोककलाओं को नवजीवन प्रदान:** आयोजन समिति के आयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि कई राज्यों से हस्तशिल्प उत्पाद महोत्सव में आए हैं। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए विलुप्त होती लोककलाओं को नवजीवन प्रदान करने के साथ रोजगार का अवसर प्रदान करना है। मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने बताया की रायबरेली महोत्सव में रायबरेली के दुकानदारों के साथ साथ उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से भी दुकानदार आए हुए हैं रायली महोत्सव में आपको कश्मीरी कपड़े जयपुरी रजाई राजस्थानी व्यंजन के साथ-साथ गुजरात उड़ीसा महाराष्ट्र आदि प्रदेशों की वस्तु मिलेगी रायबरेली रायबरेली महोत्सव अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए प्रचलित है।

## भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बच्चों को कॉपी-किताबें वितरित किया

**परिसर में पेन्टिंग कार्य एवं आरओ पेयजल हेतु वॉटर कूलर लगवाया**

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल के तत्वाधान में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रायबरेली द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अन्तर्गत कार्यक्रम का सफल आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र कलंदरपुर राही रायबरेली में संपन्न हुआ। बैंक द्वारा उक्त कार्यक्रम समाज के सतत विकास और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को कॉपी किताब एवं अन्य लेखन पाठन से संबंधित सामग्री प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त परिसर में पेन्टिंग कार्य एवं आर. ओ. पेयजल व्यवस्था हेतु वॉटर कूलर भी लगाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रजभानु सिंह के अतिरिक्त रुपमऊ शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षकगण, बैंकिंग स्टाफ और छात्रों एवं छात्राओं की गरिमामई उपस्थिति रही।



## खबरें एक नजर में

### मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ की मौत

डलमऊ रायबरेली। सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया डलमऊ रायबरेली मार्ग पर 14 मील कॉलोनी के पास बीती रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने सड़क पार कर रहे अधेड़ शिवनारायण पुत्र मंगली उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी नरेंद्रपुर 14 मील को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचा जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया पत्नी ज्ञानवती का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस बाबत कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बछरावां रायबरेली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय बछरावां में उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बचपन गरीबी में कटा परंतु उन्होंने कभी अपनी गरीबी का रोना नहीं रोया उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मेरा बाप मजदूरी करता था मैंने चाय बेची या मेरी मां ने बर्तन मांजे बल्कि उन्होंने एक उच्च शिक्षा प्राप्त की और विश्व के महान अर्थशास्त्री बने वह रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे जिस समय हमारा भारत वर्ष आर्थिकतंगी से गुजर रहा था उनकी नीतियों ने भारत को उस आर्थिक मंदी के दौर से ऊपर उठाया और भारत की जीडीपी लगभग 9% पहुंच गई आज कुछ लोग उन्हें गालियां देते हैं उनकोमौनी बाबा कहते थे बड़े ही अफसोस की बात है कि एक महान अर्थशास्त्री वह जिसकी 6 किताबें केंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ाई जाती हूं उस पर आज के कुछ राजनेता उंगलियां उठाते हैं स्वर्गीय मनमोहन सिंह के सम्मान में 1 दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित नहीं किया गया उस व्यक्ति के व्यक्तित्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए जो लोग उन्हें गालियां देते थे उनके घर उन्होंने कभी ई डी व सी बी आई नहीं भेजी और ना ही फंड संस्था बनाकर धन उगाही किया उन पर उंगलियां उठने वालों को शर्म आनी चाहिए।



### चोरों ने तोड़ा ताला, नकदी व जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान किया पार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। मिल एरिया थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं लेकिन पुलिस चोरियों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। एक बार फिर घर को चोरों ने निशाना बनाकर घर में रखा नकदी व जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है बीती रात चोरों ने मिल एरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बन के पुरवा गांव निवासी अशोक के घर को निशाना बनाया। चोर जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित अशोक ने बताया कि जब वह सुबह सो कर उठे तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और अलमारी बक्से में रखा समान सोने चांदी के आभूषण व नगदी चोरी हो गए। सूचना पर पहुंची मिल एरिया थाने की पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पीड़ित के मुताबिक 9000 की नकदी समेत करीब दो लाख रुपये के जेवर चोरी हुए हैं। मिल एरिया थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### किसान बजार से नकली दवा व उर्वरक लेने को मजबूर

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। सहकारी समितियों के किसान बजार से नकली दवा व उर्वरक लेने को मजबूर हैं। सहकारी समितियों के भवन जर्जर होने के कारण उर्वरकों का उठान नही किया जाता है। जिससे समस्या बनी है। किसान, उदयभान, रामू, श्यामलाल, भरोसे, मंतराम, विपिन, मनोज ने बताया कि रेहरा बाजार क्षेत्र की साधन सहकारी समितियां बंद होने के कारण उर्वरक में अधिक मूल्य देकर खरीदना पड़ता है। बाजार में नकली उर्वरक व दवाई मिल जाती है। जिसके कारण फसल पर असर नहीं करती हैं रेहरा बाजार विकासखंड की साधन सहकारी समिति सलेमपुर, मनुवापुर, अलाउद्दीनपुर, कुसमौरा, नयानगर व रामपुर अरना सहित कई साधन सहकारी समितियां बंद पड़ी है। गोदाम प्रभारी रामपुर अरना अरुण राम बहादुर मौर्य ने बताया कि भवन जर्जर है। बरसात में पानी भरने के कारण यूरिया भीग कर खराब हो गया। जिसको किसान खरीदन से माना कर देते हैं। जर्जर भवनों की रिपोर्ट विभाग को भेज दी गई है। यूरिया को गोदाम में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में एडीओ कोऑपरेटिव रेहराबाजार ने बताया कि भवनों के निर्माण के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

## डायट प्रवक्ता ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट रायबरेली के प्रवक्ता डॉक्टर मोहम्मद जुबैर ने सलोन विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रूनीपुर एवं आशिकाबाद में औचक शैक्षिक सपोर्टिव सुपरविजन और शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। रूनी पुर में कुल नामांकित 74 बच्चों में 64 बच्चे उपस्थित रहे।यहां पर कक्षा एक मे बच्चों से प्रश्नोत्तर किया। कक्षा 5 के बच्चों ने बहुत ही अच्छा टी एलएम कबाड़ से जुगाड़ करके बनाया था। जिन पर बच्चों से निर्मित टी एलएम के संबंध में प्रश्न किया सटीक उत्तर मिलने पर उन्हें शाबाशी दी और कहा की अंश जैसे बच्चे हमारे विद्यालय का गौरव है। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र का पर्यवेक्षण कर यहां की स्थिति जानी।जिसके बाद प्राथमिक विद्यालय आशिका बाद में यहां 105 के सापेक्ष 90 छात्र छात्राएं मौजूद रहे। दोनों विद्यालयों में खेल सामग्री, गणित किट, बुक बैंक, शिक्षक डायरी, आकलन ट्रैकर पर फोकस किया। शिक्षकों से टी एलएम के माध्यम से शिक्षण कार्य करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि कक्षा एक और दो के बच्चे बुनियाद के पत्थर हैं।यदि शैक्षणिक बुनियाद मजबूत होगी तो आगे शैक्षणिक स्तर का अच्छा सुधार संभव है। सभी शिक्षकों को निपुण लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।





## पत्रकार की सजगता से बची वृद्ध की जान, चौकी इंचार्ज ने पहुंचाया अस्पताल

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कस्बा स्थित रेलवे ओवर ब्रिज को पार कर रहे, वृद्ध रामकिशोर पुत्र गुरु प्रसाद उम्र 68 वर्ष निवासी हसनगंज की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिससे वह पुल पर ही पोल का सहारा लेने के बाद बेसुध हो गये। तभी पुल से अपनी बाइक से गुजर रहे पत्रकार सर्वेश मिश्र की नजर उन पर पड़ी, तो वह वही रुक गए। फिर राहगीर राजकुमार गुप्ता को रोक कर उन्हे जमीन पर लिटाया। सीने पर पम्प कर उसे होश में लाने का प्रयास किया गया। कुछ देर में उन्हे कुछ चेतना आई। तभी उधर से गुजर रहे चौकी इंचार्ज चुरवा राहुल चौहान जिन्होंने सक्रियता दिखाते हुए उसे अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि वृद्ध को हार्ट अटैक जैसी समस्या प्रतीत हो रही है। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।



## ग्रामीण ने लगाई पुलिस से गुहार

महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। ग्रामीण ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र ठेकेदार ने बिना सूचना के ही काटे पेड़। पंकज सिंह निवासी कुतुबपुर बरेंदा थाना महाराजगंज

**ठेकेदार ने बिना बताए कटवाए पेड़**

जिला रायबरेली ने प्रार्थना पत्र देते हुए कोतवाली पुलिस को बताया कि 26 12 2024 को जब मैं अपने खेत पहुंचा तो मैंने देखा कि मेरे खेत से6 सफेदे के पेड़ काटकर गिरा दिए गए बाद में जानकारी करने पर पता चला कि सारे पेड़ किसी अमावा के रहने वाले किसी ठेकेदार के द्वारा बिना मेरी जानकारी के कटे गए पंकज सिंह ने प्रार्थना पत्र की जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

## शारदा सहायक नहर की पटरी कटी, खेत के साथ गांवों में भरा पानी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। शारदा सहायक नहर की प्रतापगढ़ ब्रांच रोहनिया ब्लाक के गौसपुर गांव के पास पटरी कट गई। नहर का पानी लगभग 50 बीघा खेतों में भर गया है। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और नहर बांधने की नाकाम कोशिश की। ग्रामीणों की माने तो नहर की सफाई नहीं कराई गई है जिसके चलते नहर कटी है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है लेकिन अभी सिंचाई विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं आया है। शारदा सहायक नहर मिर्जापुर ऐहारी गांव के पास बने टेल से इलाहबाद व प्रतापगढ़ ब्रांच के रूम में दो भागों में बंट जाती है। प्रतापगढ़ ब्रांच रोहनिया ब्लाक के रायपुर, गौसपुर, हनुमानगंज, रसूलपुर होकर प्रतापगढ़ जिले में पहुंचती है। शुक्रवार की भोर में नहर की दाहिनी पटरी कट गई। नहर का पानी गांव के समीप पहुंचा तो किसानों को इसकी जानकारी हुई।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणजीत सिंह गांव वालों के साथ मौके पर आए और बल्ली व पुआल के सहारे नहर बंधवाने की कोशिश की लेकिन तेज बहाव के चलते नहर नहीं बंधी। नहर का पानी खेतों में रहा है। समय रहते नहर न बंधी तो पानी आसपास के गांवों में पहुंच जाएगा। वहीं, एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि सिंचाई खंड प्रतापगढ़ को सूचना दी गई है।



## बैंक ऑफ इंडिया की बछरावां शाखा का हुआ उद्घाटन

**महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने ग्राहकों तथा बैंक के बीच बेहतर संबंध बनाने की दी सलाह**

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। बैंक ऑफ इंडिया की बछरावां शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार द्वारा आंचलिक प्रबंधक लखनऊ मंडल नरेंद्र कुमार दास उप आंचलिक प्रबंधक शशिकांत प्रसाद बछरावां शाखा के नवनियुक्त प्रबंधक राजेश कुमार के साथ फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, तहसीलदार महाराजगंज खंड विकास अधिकारी बछरावां की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उपस्थित ग्राहकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बैंक उत्साही व्यक्ति के विकास का एक माध्यम है अगर व्यक्ति के अंदर लगन और कुछ कर गुजरने की तमन्ना है तो बैंक आफ इंडिया उसके साथ सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई उत्साही व्यक्ति किसी प्रकार का उद्यम करना चाहता है और उसके अंदर यह भावना है कि बैंक का पैसा उसका नहीं है उसे वापस करना है और उससे फायदा कमाना है तो वह जिंदगी में बहुत आगे बढ़ेगा और इस उसकी बढ़ोतरी में बैंक आफ इंडिया एक सहयोगी की भूमिका निभाएगा उन्होंने कहा की बैंक की अब तक 525 शाखाएं अपना कार्य कुशलतापूर्वक कर रही हैं आज से पूर्व लखनऊ मंडल में 93 शाखाएं थी जो बढ़कर आज 94 हो गई है बैंक आफ इंडिया का एक गौरवशाली इतिहास रहा है यह बैंक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करता है डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में भी बैंक अग्रणी है उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए ग्राहक गैलरी की भी स्थापना की गई है जिसमें ग्राहक को जमा निकासी के साथ-साथ अपनी पासबुक फीडिंग कराने की सुविधा प्राप्त होगी आंचलिक प्रबंधक लखनऊ मंडल श्री शशिकांत प्रसाद ने कहा की रायबरेली जनपद एक ऐतिहासिक जिला है आज इस शाखा के उद्घाटन अवसर पर आकर उन्हें इस बात की खुशी है कि अब बछरावां क्षेत्र की जनता को बेहतर बैंकिंग सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ने की सलाह दी शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि ग्राहकों की सेवा के लिए वह हर समय समर्पित रहेंगे। अगर किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह तत्काल उससे संपर्क करें और वह उसके निराकरण के लिए, सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे क्षेत्र की प्रतिष्ठित नागरिक गिरजा शंकर शुक्ला द्वारा बैंक आफ इंडिया में अपना खाता खुलवाकर प्रथम ग्राहक होने का गौरव प्राप्त किया गया।



## गन्ना भुगतान में असमानता का आरोप

**गन्ना चेयरमैन ने सौंपा ज्ञापन**

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। बजाज चीनी मिल इटई मैदा द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान में कथित अनियमितता और द्वेषपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा ने जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गन्ना भुगतान अनुपात को दुरुस्त कराने और मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तोताराम वर्मा ने बताया कि पिछला पेराई सत्र समाप्त हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन उसका भुगतान अभी तक पूरा नहीं हुआ है। नया पेराई सत्र शुरू हुए एक माह हो गया है, फिर भी किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल पा रहा है। शासन के निर्देशानुसार गन्ना मूल्य का भुगतान पेराई सत्र शुरू होने के दो सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए, लेकिन बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल इन नियमों का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पेराई सत्र में बहराइच समिति के गन्ना मूल्य का 87.28 प्रतिशत भुगतान सितंबर तक हो चुका था, जबकि उतरौला समिति का भुगतान केवल 66.77 प्रतिशत ही किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बहराइच गन्ना विकास समिति का भुगतान एक माह पूर्व ही 99.22 प्रतिशत तक कर दिया गया है, जबकि उतरौला समिति का भुगतान अब तक केवल 84.62 प्रतिशत हुआ है। यह असमानता दुर्भाग्यपूर्ण और किसानों के साथ अन्यायपूर्ण है। तोताराम वर्मा ने बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल पर मनमाने तरीके से भुगतान करने का आरोप लगाते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने मिल के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्त, संजय यादव, और विशाल वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी इस समस्या पर अपनी चिंता व्यक्त की और जल्द समाधान की मांग की। गन्ना भुगतान में हो रही देरी और भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण क्षेत्र के किसानों में गहरी नाराजगी है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बजाज चीनी मिल इटई मैदा द्वारा गन्ना भुगतान में कथित अनियमितता से किसानों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले में जल्द कार्रवाई करेगा और गन्ना भुगतान प्रणाली को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएगा।





## ब्लॉक परिसर का बीज वितरण केंद्र बंद होने से डीएम नाराज, वेतन रोकने के दिए निर्देश

बलरामपुर। सरकारी कार्यालयों में बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित किए जाने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा आदि के कार्यों का जायजा लिया एवं ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत संचालित कार्यों की फाइलों का विस्तृत अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया एवं अनुपस्थित कर्मचारी का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। विकासखंड परिसर में स्थित बीज वितरण केंद्र बंद पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए, संबंधित कर्मियों की वेतन रोके जाने का निर्देश दिया, कहा कि कृषकों को बीज वितरण केंद्र पर सभी सुविधाएं प्रदान की जाए। इस दौरान एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





## अधिवक्ता संघ की पहल पर सभासद पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज, विवेचना शुरू

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। अधिवक्ता संघ उतरौला के प्रयासों से एक सभासद के पति के खिलाफ गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। बताते चलें कि अधिवक्ता आशीष कसौधन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 5 दिसंबर को ऐमन रिजवी ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि रिजवी ने वकीलों के प्रति भद्दी गालियां और अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिससे उनकी छवि को ठेस पहुंची। इसके बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा, ÷बहुत वकीलों का मर्डर हुआ है, तुम्हारा भी मर्डर हो जाएगा। पुलिस मेरे जेब में है। दस से चार बजे तक कोतवाल की कुर्सी पर मैं बैठता हूं।÷ इस घटना की जानकारी अधिवक्ता आशीष कसौधन ने अधिवक्ता संघ उतरौला को दी। इस पर संघ के अध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस पर पहुंचे एडीएम और एसपी को लिखित शिकायत सौंपी। अधिवक्ताओं ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और वकील की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अधिवक्ता संघ की सक्रियता और दबाव के बाद उतरौला पुलिस ने आरोपी ऐमन रिजवी के खिलाफ धारा 356(2), 351(3), और 352 बीएनएस के तहत गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी ऐमन रिजवी उतरौला के वर्तमान सभासद का पति है। अधिवक्ता संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा है कि कानून के दायरे में रहकर न्याय की मांग की जाएगी। संघ के अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन से अधिवक्ताओं ने यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग का किया उद्घाटन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को मो. यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के मैदान में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग (उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्त ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात अनूप चंद गुप्त ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में श्रेष्ठता लाने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, नीरज कुमार गुप्त, फणीन्द्र गुप्त, ओम प्रकाश गुप्त, विजय पाल वर्मा, सतीश गुप्ता, नगर अध्यक्ष सीबी माथुर, और अंकुर गुप्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद उतरौला अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण लीग जैसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को पहचानने का अवसर देते हैं, बल्कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मदद करेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागी खिलाड़ियों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ भाग लिया। आयोजन ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ सामुदायिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। सभी उपस्थित जनों ने कार्यक्रम की भव्यता और आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण भी बनाते हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग का यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें एक बड़ा मंच देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह का समापन खिलाड़ियों और आयोजकों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



## फिर नदी जोड़

यह सुखद ही है कि जिन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में बढ़ते जल संकट के समाधान के रूप में मेगा नदी जोड़ परियोजनाओं की कल्पना की गई थी, उनकी जन्मशती के अवसर पर उस सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास शुरू हुआ है। लेकिन यह विडंबना ही है कि इस तरह की पहली परियोजना केन–बेतवा–लिंक परियोजना को सिरे चढ़ाने की दिशा में शुरुआत करने में चार दशक लग गए। नि:संदेह, यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, लेकिन विलंब से काम शुरू होने से इसकी लागत में भी अच्छा–खासा इजाफा हो चुका है। नि:संदेह, ऐसे देश में जहां विश्व की अट्ठारह फीसदी आबादी रहती हो और दुनिया का सिर्फ चार फीसदी पीने का पानी उपलब्ध हो, भविष्य के जलसंकट का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। शिलान्यास कार्यक्रम के वक्त प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कि जल सुरक्षा 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, नदी जोड़ परियोजना के प्रति सरकार के दृढ़ संकल्प की ओर संकेत देती है। निर्विवाद रूप से जलाशयों और नहरों के माध्यम से पानी के अधिशेष को जल संकट वाले इलाके की नदियों को स्थानांतरित करना, निश्चय ही सूखे की मार झेल रहे इलाकों का भाग्य बदलने जैसा ही है। लेकिन यह भी जरूरी है कि पर्यावरणीय जोखिमों का वैज्ञानिक ढंग से आकलन किया जाए। पर्यावरण वैज्ञानिक व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ की चिंताएं लगातार जताते रहते हैं। उनका मानना रहा है कि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा पहुंचने से पारिस्थितिकीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। निस्संदेह, पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है लेकिन जल संकट का समाधान निकालना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी ने 168 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित बजट वाली हिमालयी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिये तीस लिंक परियोजनाओं की पहचान की है। निश्चित रूप से पानी के समुचित वितरण, बाढ़ नियंत्रण, सूखे से मुकाबले और जलविद्युत उत्पादन में अधिक समानता के लिये ऐसी परियोजना की तार्किकता साबित होती है। इसके बावजूद पर्यावरणीय चुनौतियों पर ध्यान देने की भी सख्त जरूरत है। शोध अध्ययनों में दावा किया गया है कि हाइड्रो–लिंकिंग परियोजनाएं मानसून के चक्र में बदलाव ला सकती हैं। साथ ही परेशानी करने वाली जटिल जल–मौसम विज्ञान प्रणालियां विकसित हो सकती हैं। ऐसे में संभावित पारिस्थितिकीय क्षति की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। नि:संदेह, इस दिशा में आगे चलकर व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो जाता है। परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले नीति–नियंताओं को फिर से परियोजना को तैयार करने पर संभवित प्रतिक्रिया का विश्लेषण करने के लिये तैयार रहना चाहिए। केन–बेतवा परियोजना के जरिये जटिल पर्यावरणीय पैटर्न का समाधान प्रदान करने के लिये विज्ञान सम्मत पहल होनी चाहिए। इसके लाभ व हानि के पक्ष का मंथन भी जरूरी है। यह विडंबना ही है कि आज भी जल संरक्षण के लिये सामूहिक पहल सार्वजनिक नीति में एक गायब कड़ी बनी हुई है। ऐसे में बड़े पैमाने पर बड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ–साथ,सरकार को कुशल सिंचाई परियोजनाओं, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और प्रदूषित पानी की स्वच्छता के लिये सस्ती प्रौद्योगिकियों के विकास पर अनुसंधान में तेजी लाने की जरूरत है। साथ ही पर्याप्त वित्तीय समर्थन की भी जरूरत है। बताया जा रहा है कि केन–बेतवा योजना के सिरे चढ़ने से मध्य प्रदेश की आठ लाख हेक्टेयर से अधिक व उत्तर प्रदेश की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब बासठ लाख लोगों को पेयजल की अनवरत आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा जलविद्युत परियोजना के जरिये 103 मेगावाट बिजली तथा 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रस्तावित है। नि:संदेह, यदि केन–बेतवा जैसी महत्वाकांक्षी योजना सिरे चढ़ती है तो अन्य नदी जोड़ परियोजनाओं के लिये भी नई जमीन तैयार हो सकेगी। इससे पहले कुछ दिन पूर्व जयपुर में पार्वती–काली सिंध व चंबल नदी लिंक परियोजना के लिये त्रिपक्षीय समझौते के सिरे चढ़ने को इस कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। भविष्य में जल संकट से निबटने में ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# डॉ. मनमोहन सिंह : आधुनिक भारत के आर्थिक बदलाव के सूत्रधार

योगेश कुमार गोयल



**मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि की। 2004 से 2014 तक भारत 10वें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई थी। मनमोहन सिंह ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक अभूतपूर्व विकास और वृद्धि की दिशा में देश को नेतृत्व प्रदान किया। उनके द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज की समाप्ति और व्यवसाय शुरू करने के लिए सरल प्रक्रियाओं का निर्माण, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के दरवाजे खोलना और विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करना, कर ढ़ांचे को सरल और पारदर्शी बनाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजार पर आधारित सुधार लागू करना, ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन के लिए 'मनरेगा' लागू करना शामिल हैं। इन सुधारों ने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला और उसे विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया। भारत ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और उसी के परिणामस्वरूप भारत करीब दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा था। उन्हें न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्हें न केवल उन कार्यों के लिए स्मरण किया जाता रहेगा, जिनके जरिये उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया जाएगा।**

विश्व के आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के साथ ही एक ऐसे नेता के युग का अंत हो गया, जिसने आधुनिक भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की उम्र में 26 दिसंबर की रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। अपने शांत स्वभाव और बौद्धिक कौशल के लिए जाने जाने वाले मनमोहन सिंह ने भारत में ऐतिहासिक आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1991 में व्यापक सुधारों का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को खोला, तथाकथित लाइसेंस-परमिट राज को खत्म किया और वैश्विक मंच पर भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनने के मार्ग पर मजबूती से स्थापित किया। एक शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी यात्रा न केवल प्रेरणादायक रही बल्कि उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों और राजनीतिक निर्णयों ने भारत के इतिहास में एक नई दिशा दी। उन्हें आधुनिक भारत के आर्थिक सुधारों का वास्तुकार भी कहा जाता है।

डॉ. मनमोहन सिंह ने जुलाई 1991 में अपने बजट भाषण के अंत में फ्रांसिसी लेखक विक्टर ह्यूगो की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा था- दुनिया की कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है। मैं इस सम्मानित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है।

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि की। 2004 से 2014 तक भारत 10वें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई थी। मनमोहन सिंह ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक अभूतपूर्व विकास और वृद्धि की दिशा में देश को नेतृत्व प्रदान किया। उनके द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज की समाप्ति और व्यवसाय शुरू करने के लिए सरल प्रक्रियाओं का निर्माण, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के दरवाजे खोलना और विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करना, कर ढ़ांचे को सरल और पारदर्शी बनाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजार पर आधारित सुधार लागू करना, ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन के लिए 'मनरेगा' लागू करना शामिल हैं। इन सुधारों ने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला और उसे विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया।

भारत ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और उसी के परिणामस्वरूप भारत करीब दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा था। उन्हें न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्हें न केवल उन कार्यों के लिए स्मरण किया जाता रहेगा, जिनके जरिये उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया जाएगा। उन्होंने न केवल आर्थिक विकास की गति को बनाए रखा बल्कि सामाजिक और विकासशील नीतियों पर भी जोर दिया। हालांकि उनका कार्यकाल आलोचनाओं से भी अछूता नहीं रहा। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्हें आर्थिक चुनौतियों और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा और निर्णय लेने में धीमापन उनकी सरकार के लिए नकारात्मक साबित हुए। 2जी घोटाला उनके कार्यकाल के सबसे बड़े विवादों में से एक रहा। इसके अलावा कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को 'कोलगेट' के नाम से जाना गया। उनके दूसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की गति धीमी रही।

22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह की छवि बेहद कम बोलने वाले और शांत रहने वाले व्यक्ति की रही। हालांकि जब भी वे कुछ बोलते थे, वह सुर्खियां बन जाती थी। मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि राजनीति में लंबे समय तक कोई दोस्त या दुश्मन नहीं होता। वह कहा करते थे कि मैं एक खुली किताब की तरह हूं और मेरे दस वर्ष का कार्यकाल इतिहासकारों के मूल्यांकन का विषय है। उन्होंने 27 अगस्त 2012 को संसद में कहा था कि हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी है, जिसने न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। डॉ. मनमोहन सिंह को उनके अलोचकों द्वारा 'मूक प्रधानमंत्री' की संज्ञा दी जाती थी लेकिन उन्होंने आमतौर पर इस पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर उनकी पहली प्रतिक्रिया दिसंबर 2018 में उनकी पुस्तक 'द चेजिंग इंडिया' के विमोचन के अवसर पर सामने आई थी, जब उन्होंने कहा था कि जो लोग कहते हैं कि मैं एक मूक प्रधानमंत्री था, मुझे लगता है कि मेरी ये पुस्तकें बोलती हैं। बतौर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह लोकसभा में 23 मार्च 2011 को विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। उस दौरान सदन में नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज ने उन पर तंज करते हुए कहा था, 'तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां क्यों लुटा, मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।' इसके जवाब में डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था, 'माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख मेरा इंतजार तो देख।' डॉ. मनमोहन सिंह ने जनवरी 2014 में बतौर प्रधानमंत्री अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रैंस में मीडिया के उन सवालों का जवाब देते हुए, जिनमें कहा गया था कि उनका नेतृत्व कमजोर है और कई अवसरों पर वे निर्णायक नहीं रहे, कहा था कि मैं यह नहीं मानता कि मैं एक कमजोर प्रधानमंत्री रहा हूं बल्कि मैं ईमानदारी से यह मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्ष की तुलना में ज्यादा उदार होगा, राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने कहा था कि परिस्थितियों के अनुसार मैं जितना कर सकता था, उतना किया। यह इतिहास को तय करना है कि मैंने क्या किया है या क्या नहीं किया है। उनका कहना था कि मुझे उम्मीद है कि मीडिया की तुलना में इतिहास मेरा मूल्यांकन करते समय ज्यादा उदार होगा।

26 सितंबर 1932 को पंजाब (अब पाकिस्तान में) के गांव गाह में जन्मे मनमोहन सिंह का परिवार विभाजन के समय भारत आ गया था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में हुई थी, जिसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गए, जहां उन्होंने अर्थशास्त्र में ट्रिपोस किया और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी.फिल की उपाधि प्राप्त की। उनकी उच्च शिक्षा ने उन्हें न केवल एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री बनाया बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य और आर्थिक सोच की गहराई भी प्रदान की। अपने कैरियर की शुरुआत उन्होंने भारतीय सिविल सेवा से की और बाद में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और भारतीय रिजर्व बैंक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी कार्य किया। वे 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और उस दौरान उन्होंने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने तथा मुद्रा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भारत के आर्थिक इतिहास में 1991 का वर्ष एक निर्णायक मोड़ था क्योंकि उस समय देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डा. मनमोहन सिंह को वित्तमंत्री नियुक्त किया। वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने साहसिक आर्थिक सुधारों का नेतृत्व किया, जिनमें उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण प्रमुख थे। बहरहाल, राजनीति में डा. मनमोहन सिंह जैसे विद्वान बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। उनकी सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी हमेशा संदेह से परे रही। वह एक ऐसा राजनेता थे, जिन्हें राजनीतिक सीमाओं से परे सम्मान प्राप्त था। कुल मिलाकर, तमाम आलोचनाओं के बावजूद डा. मनमोहन सिंह एक ऐसे नेता के रूप में याद किए जाएंगे, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाया और भारत को आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

विचार

# विद्या, ज्ञान और कौशलता मानवीय आजीविका चलाने के मूल मंत्र

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं*

इस पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि को माना गया है, ऐसा हम पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक प्रवचनों, बड़े बुजुर्गों से वार्तालाप में हम सुनते आ रहे हैं। अगर हम प्रैक्टिकल वे में इसे महसूस करें तो अक्षरतःअक्षर यह पूर्ण सत्य है।


साथियों आदिकाल से हम सुनते आ रहे हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रजाति मानव गर्भ से कुछ सीख़ कर नहीं आता प्राणी जन्म के बाद से ही सभ कुछ सीख़ता है और अलग-अलग रूप में अपनी आजीविका चलाता है।जीवन में गरीबी अमीरी सुख-दुख इत्यादि के चक्र में आता है। साथियों बात अगर हम मानव के दुनिया में जीवन यापन की करें तो यह 100 फ़ीसदी सत्य बात है कि यदि मानव में उपरोक्त तीनों प्रमुख मंत्र विद्या, ज्ञान और कौशलता या इनमें से कोई भी एक मंत्र निहित है तो वह मानव अपनी आजीविका, जीवन को प्रगति कर सफलताओं को पाने में कभी पीछे नहीं रहेगा।

साथियों बात अगर हम इन उपरोक्त तीन मंत्रों की करें तो दिमाग में सीधा नाम शैक्षणिकता का आता है और शिक्षा प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि से हम इनकार नहीं कर सकते और तीनों मंत्र प्राप्त करने के लिए हम प्री प्ले नर्सरी स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से विद्या, ज्ञान और कौशलता हासिल करते हैं। मेरा मानना है कि यह तीनों मंत्र हर मानव के लिए एक ब्रह्मास्त्र की शक्ति रखते हैं, क्योंकि इनके बल पर हम किसी भी परिस्थितियों में अपनी आजीविका और जीवन की प्रगति को के पथ पर चलने में ज़रूर सफल होंगे ऐसा हमें विश्वास है।

साथियों बात अगर हम लक या किस्मत की करें तो भारत एक अति आध्यात्मिकता पालक देश है। जहां कुछ अपवादों को छोड़कर, नागरिकों का आध्यात्मिकता में अति विश्वास हैं और हम भाग्य को भी नकार नहीं सकते, यानें गॉड गिफ्टेड ज्ञान को भी नकार नहीं सकते। और कहते हैं ना कि, अगर किस्मत ही ख़राब हो तो क्या करें? परंतु मेरा निजी मानना है कि उपरोक्त तीनों मंत्रों के आगे किस्मत को भी पसीज़ना पड़ता है और मानव की हिम्मत जज़्बा और जांबाज़ी की जीत होती है! हालांकि बड़े बुजुर्गों का कहना है कि भगवान भूखा उठाता है, परंतु किसी को भूखा सुलाता नहीं, यह बात भी हम सच मानते हैं, परंतु यह भी सच्चाई है कि मानव को जीवन में एक सफ़ल जिंदगी जीकर अपनी अगली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाने के लिए विद्या, ज्ञान और कौशल रुपी तीनों मंत्रों को ग्रहण करना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम इन तीनों मंत्रों की संलग्नता आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए करें तो यह बिल्कुल सटीक, सत्य मंत्र साबित होंगे। क्योंकि यही वह तीनों सशक्त और धारदार अस्त्र हैं जो मानव को प्रगति की ओर आसान रास्ता बनाने में मदद करते हैं। जिसमें उनके साथ उस व्यक्ति का गांव, शहर, जिला, राज्य और देश भी तीव्रता से उन्नति प्राप्त करता है। इन तीनों मंत्रों को हमारी नई शिक्षा प्रणाली 2020 में भी शामिल किया गया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम की आकांक्षाओं आत्मनिर्भर भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था 2047 का भारत विज़न की करें तो अगर हम भारतीय नागरिकों ने उपरोक्त तीनों मंत्र ग्रहण कर लिए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हम इससे कहीं अधिक बढ़-चढ़कर वैश्विक सफलताओं के झंडे भारत विज़न 2047 के



पूर्व ही गाड़ देंगे और हम वैश्विक महाशक्ति उभर कर सामने होंगे। साथियों बात अगर हम कुछ समय पूर्व माननीय पीएम के वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार,उन्होंने भी कहा कि,हमारे यहाँ कहा जाता है-सत् विद्या यदि का चिन्ता, वराकोदर पूरणे। भावार्थ जिसके पास विद्या है, ज्ञान और कौशल है उसे अपनी आजीविका के लिए, जीवन की प्रगति के लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती। सक्षम व्यक्ति अपनी प्रगति के लिए खुद ही रास्ते बनाता है। मुझे खुशी है कि सरदारधाम ट्रस्ट द्वारा शिक्षा और कौशल पर बहुत जोर दिया जा रहा है। 21वीं सदी में भारत के पास अवसरों की कमी नहीं है। हमें खुद को ग्लोबल लीडर रूप में देखना है, अपना सर्वश्रेष्ठ देना है और सर्वश्रेष्ठ करना भी है।पूरा भरोसा है कि देश की प्रगति में गुजरात का जो योगदान रहा है, उसे हम अब और सशक्त रूप में सामने लाएँगे। हमारे प्रयास न केवल हमारे समाज को नई ऊंचाई देंगे, बल्कि देश को भी विकास की बुलंदी पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी इस बात पर विशेष फोकस है कि हमारी शिक्षा, कौशल बढ़ाने वाली होनी चाहिए। भविष्य में मार्केट में कैसी स्किल की डिमांड होगी, फ्यूचर वर्ल्ड में लीड करने के लिए हमारे युवाओं को क्या कुछ चाहिए होगा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्टूडेंट्स को शुरुआत से ही इन ग्लोबल रियलिटीस के लिए तैयार करेगी आज स्किल इंडिया मिशन भी देश की बड़ी प्राथमिकता है। इस मिशन के तहत लाखों युवाओं को अलग अलग कौशल सीखने का अवसर मिला है, वो आत्मनिर्भर बन रहे हैं। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोमोशन स्कीम के तहत युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ कौशल विकास का अवसर भी मिल रहा है, और उनकी आमदनी भी हो रही है।

अतः अगर हम उपरोक्तत पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि, विद्या, ज्ञान और कौशलता मानवीय आजीविका चलाने के वास्तव में मूल मंत्र हैं। क्योंकि जीवन की प्रगति और आत्मनिर्भर भारत बनाने में यह महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकते हैं और इनका महत्वपूर्ण योगदान होगा। क्योंकि पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि है और उसमें यह तीनों मंत्रों से परिपूर्ण मानव को अपनी आजीविका चलाने, जीवन को प्रगति में ढालने के लिए चिंता नहीं होगी साथ ही आत्मनिर्भर भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

साहित्य



## क्यों घुट घुट के जीता है रे मन


**अनिल मिश्र प्रहरी**

तुझे काया मिली
इतनी माया मिली,
तेरी राहों में बिखरा है मधुवन।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

इतना सुन्दर- सा घर
यानों का सफर,
तू भिखारी से राजा गया बन।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

तुझे सपने मिले
संग अपने मिले,
तेरी आभा से चमके हैं कण-कण।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

पदोन्नति मिली
लाल बत्ती मिली,
आज लाखों करें पुष्प अर्पण।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।



## राशिफल

**मेष:-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**वृषभ:-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुन:-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्क:-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्या:-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा।

**वृश्चिक:-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनु:-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकर:-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

**कुंभ:-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी।

**मीन:-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# क्या धन असमानता का निदान कर पायेगा संपत्ति कर?

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

वैश्विक स्तर पर और भारत में धन असमानता गंभीर मुद्दा बन गया है, जहाँ शीर्ष 1त्न लोगों के पास देश की 40.1% संपत्ति है। व्यापक स्तर पर गरीबी एवं राज्य कल्याण कार्यक्रमों पर निर्भरता के साथ-साथ धन के केंद्रीकरण ने आर्थिक असमानता दूर करने और सार्वजनिक राजस्व उत्पन्न करने के लिए संपत्ति कर लगाने पर परिचर्चा दोबारा शुरू हो गई है। भारत में संपत्ति और विरासत करों को लागू करने में ऐतिहासिक और वर्तमान चुनौतियाँ हैं, जैसे कर चोरी, उच्च प्रशासनिक लागत और पूंजी पलायन का जोखिम। ये मुद्दे ऐसे करों को लागू करने के पिछले प्रयासों में स्पष्ट रहे हैं, जिसमें 1985 में एस्टेट ड्यूटी का उन्मूलन और 2015 में संपत्ति कर शामिल है।

संपत्ति कराधान कोई नई अवधारणा नहीं है। यह 19वीं शताब्दी से चली आ रही है, जब स्विटज़रलैंड के बेसल शहर ने 1840 में इस तरह का कर पेश किया था। अन्य देशों ने भी इसका अनुसरण किया, जिसमें 1892 में नीदरलैंड और 1911 में स्वीडन शामिल हैं। भारत 1957 में इस सूची में शामिल हुआ जब वित्त मंत्री टी-टी कृष्णमाचारी ने संपत्ति कर लागू किया। हालाँकि, समय के साथ इस कर को लागू करने वाले देशों की संख्या कम हो गई है। उदाहरण के लिए कर लगाने वाले देशों की संख्या 1990 में 12 से घटकर 2017 में चार रह गई। भारत ने 2015 में इसे समाप्त कर दिया।

हाल के वर्षों में धन असमानता पर बढ़ती चिंताओं के कारण धन पर कर लगाने का विचार फिर से सामने आया है। अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए एक अध्ययन में भारत में असमानता में तेज वृद्धि को उजागर किया गया है, खासकर 2014-15 के बाद। उनके शोध से संकेत मिलता है कि शीर्ष 1% आय अर्जित करने वालों के पास 2022-23 में देश की आय का 22.6त्न और इसकी संपत्ति का 40.1% हिस्सा होगा-यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों से भी अधिक है। पिकेटी और उनके सह-लेखक 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 2% वार्षिक कर और उसी सीमा से अधिक की संपत्ति पर 33% कर का प्रस्ताव करते हैं।

धन करों की अपील के बावजूद उनका कार्यान्वयन कठिनाइयों से भरा है। 1985 में जब वित्त मंत्री वीपी सिंह ने संपदा शुल्क (विरासत कर) को समाप्त किया, तो उन्होंने कहा कि इसका प्रशासन महंगा था और इसकी राजस्व प्राप्ति न्यूनतम थी, जिसमें केवल लगभग 20 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे। सिंह ने स्वीकार किया कि कर धन असमानता को कम करने और राज्य विकास योजनाओं का समर्थन करने के अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है। इसी तरह, जब 2015 में संपत्ति कर को समाप्त कर दिया गया, तो वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2013-14 में कर की कम राजस्व प्राप्ति 1, 008 करोड़ रुपये पर प्रकाश डाला, जो सरकार के कुल कर राजस्व का 0.1% से भी कम था। जेटली ने तर्क दिया कि उच्च प्रशासनिक लागत और कम उपज वाले करों को अधिक कुशल विकल्पों के साथ प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

7वीं शताब्दी ईसा पूर्व का एक प्राचीन मिस्र का पपीरस एक व्यक्ति की कहानी बताता है जो अपनी संपत्ति का कम मूल्यांकन करके विरासत करों से बचने का प्रयास करता है। इस तरह की चोरी की सजा-कोड़े मारना। आधुनिक, वैश्वीकृत दुनिया में, पूंजी की गतिशीलता जटिलता की एक और परत जोड़ती है। उच्च करों के कारण पूंजी पलायन हो सकता है, जहाँ धनी व्यक्ति दुबई जैसे कर-अनुकूल क्षेत्राधिकारों में बसने के लिए देश छोड़ देते हैं। यह नॉर्वे जैसे देशों में देखा गया है, जहाँ संपत्ति करों में वृद्धि के कारण कई उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्ति विदेश चले गए। भारत में विदेश में स्थानांतरित होने वाले करोड़पतियों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है। 2023 में, लगभग 5, 100 भारतीय करोड़पति वित्तीय और कर-सम्बंधी कारणों का हवाला देते हुए विदेश चले गए। भारत में संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा भूमि, अचल संपत्ति और सोने से जुड़ा हुआ है। इन परिसंपत्तियों को आसानी से समाप्त नहीं किया जा सकता है, जिससे सवाल उठता है कि व्यवहार में संपत्ति कर कैसे लागू किया जाएगा।

यह देखते हुए कि भारत में संपत्ति सर्जन अभी भी अपने शुरुआती चरण में है, ऐसे कर लगाने से आर्थिक प्रगति में बाधा आ सकती है। यह व्यक्तियों के लिए अधिक कमाने और निवेश करने की प्रेरणा को कम कर सकता है, जिससे देश की वृद्धि धीमी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, यह निजी संपत्ति सर्जन और उद्यमिता को हतोत्साहित करके अपने समाजवादी अतीत से दूर जाने की दिशा में बदलाव को उलट सकता है। जीएसटी अनुपालन को मज़बूत करना आवश्यक है, क्योंकि कई सामान अभी भी इसके दायरे से बाहर हैं। आयकर प्रणाली को सुव्यवस्थित और सरल बनाने से कार्यकुशलता बढ़ सकती है, कर आधार व्यापक हो सकता है और करदाताओं पर अनुपालन का बोझ कम हो सकता है। विलासिता उपभोग कर लागू करने से उच्च-स्तरीय वस्तुओं और सेवाओं को लक्षित किया जा सकता है, जिससे आम जनता पर बोझ डाले बिना असमानता को सम्बोधित करते हुए राजस्व उत्पन्न हो सकता है।

संपत्ति कराधान पर बहस जटिल है, जिसमें कर चोरी और पूंजी पलायन जैसी चुनौतियों के साथ असमानता को कम करने की क्षमता को संतुलित करना शामिल है। जबकि यह सामाजिक कार्यक्रमों के लिए संसाधन उत्पन्न कर सकता है, भारत में कार्यान्वयन संपत्ति और प्रशासनिक लागतों की प्रकृति के कारण जटिल है। इक्विटी और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाना महत्त्वपूर्ण है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# निरीक्षण में मिलीं खामियों को एडीएम ने दिए दुरुस्त कराने के निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर अपर जिलाधिकारी ने लंबित फाइलों के समय से निस्तारण के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने और कार्यालयों के आस पास बिजली की वायरिंग को सही तरीके से कराने के निर्देश नाजिर को दिए। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित संयुक्त कार्यालय में भूलेख, नजारत, सहित शस्त्र अनुभाग, पूर्ति कार्यालय आदि का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से विभागीय कार्यो की जानकारी हासिल करते हुए लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचकर विभागीय कार्यो को समय से निपटाने का काम करें। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए।फायर फाइटिंग सिस्टम के बारे में जानकारी हासिल करते हुए आग से बचाव को लेकर किए गए इंतजाम की जानकारी हासिल की। कर्मचारियों के लिए पानी की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी हासिल की गई। कर्मचारियों के शौचालय सहित रैंप की मरम्मत कराने पर जोर दिया। एडीएम के निरीक्षण से कर्मचारियों में खलबली मच गई। एडीएम ने बताया कि निरीक्षण में मिली खामियों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए है।



## खेत में सिंचाई करते समय ठंड से किसान की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** खेत में सिंचाई करते समय किसान की अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने सर्दी से मौत की अशंका जताई है। मझगवां थाने के नहदौरा गांव निवासी 45 वर्षीय वीर सिंह पुत्र कालीचरन पाल की शुक्रवार की तड़के चार बजे अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले घासी राम निवासी बिहूंनी ने बताया कि उनके जीजा के नाम 14 बीघा जमीन थी। खेती व पशुपालन कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया कि गुरुवार की रात आठ बजे वह खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई करने गए थे। रात में सिंचाई करते समय उनकी हालत बिगड़ गई थी। सर्दी लगने से उनकी मौत हुई है। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि मौके पर लेखपाल को जांच कराने के लिए भेजा जा रहा है।

# अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन आठवें दिन भी जारी, नहीं आया कोई हालचाल लेने

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के तहसील में तैनात अधिकारियों व कर्मचारी के मन माने रवैया से नाराज अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन आज आठवे दिन जारी रहा। उनकी मांगे पूरी होना तो दूर कोई अधिकारी अनशन स्थल तक उनकी समस्या पूछने नहीं पहुंचा स्थानीय बार संघ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को धता बताते हुए मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाते हुए पिछले शुक्रवार से तहसील प्रसार में क्रमिक अनशन शुरू कर अपनी नवसूत्रीय मांगे रख उनके निस्तारण की मांग की थी पिछले आठ दिनों से अधिवक्ता गण क्रमबद्ध क्रमिक अनशन पर बैठ आंदोलन कर रहे हैं। अनशन के 8 दिन बीत जाने के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनने नहीं पहुंचा, जिससे अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को अधिवक्ता सूर्यभान सिंह अध्यक्ष बार संघ, रामेंद्र त्रिपाठी, गौरव गुप्ता व विनय तिवारी क्रमिक अनशन पर बैठे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा के लिए शांति के लिए प्रार्थना की। अनशनकारी विनय तिवारी ने बताया कि यदि समय रहते उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती तो उनका यह क्रमिक अनशन भूख हड़ताल में बदल जाएगा।




## खबरें एक नजर में

### घाटमपुर अकादमी ने वेदव्यास अकादमी को 78 रनों से हराया



**घाटमपुर।** कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय ग्राउंड में चल रहा है सोबिटल कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन घाटमपुर विजय रही। वेदव्यास एकेडमी टॉस जीत का पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतनी घाटमपुर क्रिकेट अकादमी अपने सभी विकेट खोकर 17 ओवर में 173 रन बनाए जिसमें रितिक सोनकर 32 रन, करन पाल 30 रन और माही कटिहार में 27 रन बनाएं। वेदव्यास की तरफ से गेंदबाजी करते हुए लकी ने तीन विकेट और दिव्यांश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य पीछा करने उतरी वेदव्यास अपने सभी विकेट खोकर 18 ओवर में मात्र 95 रन बना पाई जिसमें दिव्यांश ने 28 रन अनुकल्प ने 24 रन बनाए। घाटमपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अर्जुन और यश तीन-तीन विकेट और सक्षम ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच लालजी सचान, भूपेंद्र सचान और अनुग्रह गुप्ता द्वारा अर्जुन को दिया गया। मैच के दौरान आमिर ज़ैदी, सुनील राठौर, आदित्य सचान और अमित सेंगर उपस्थित रहे।

### हलवाई की दुकान से दोबारा चोरी, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** चरखारी रोड रामलीला मैदान के पास चोर मिठाई की दुकान से हजारों का सामान व मिठाई चोरी करके ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी रामकिशन पुत्र पूरनलाल कुशवाहा ने बताया कि वह रामलीला मैदान में मिठाई की दुकान रखे हैं। मिठाई की दुकान चलाकर वह परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार की रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। रात्रि में चोर उसकी दुकान में घुस गए और अंदर गैस भट्टी दो बड़ी कढ़ाई और 15 किलो लड्डू चोरी चोरी करके ले गए हैं। उसका दस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बताया कि तीन माह पहले भी उसकी दुकान में चोरी हुई थी। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि उनके पास कोई तहरीर नहीं आईं हैं।

### 44 लोगों पर की गयी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के विजन के तहत जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिये इस साल जिले में 44 लोगो को गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही कर जिला बदर किया गया है। इस वर्ष जिले भर में गैंगस्टर एक्ट के तहत 109 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति को सीज किया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में आठ कुख्यात क्रिमिनल्स के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किये गये है।

### गैस सिलेंडर रिसाव से लगी आग, गृहस्थी राख, तीन झुलसे


**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के संत कबीर नगर में सोमवार दोपहर गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से हुए रिसाव के कारण आग लग गई जिससे घर की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग बुझाने की कोशिश में गृहस्वामी सहित तीन लोग मामूली रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर आग पर काबू पाया। घटना सुनील उर्फ बिंदु गुप्ता के घर की हैए जहां उनके तीन वर्षीय पुत्र रियांश के जन्मदिन की तैयारियां चल रही थीं। उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी अपराह्न 3 बजे खाना बना रही थींए तभी सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव हुआ और आग भड़क उठी। आग ने देखते ही देखते गृहस्थी को अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने में बिंदु गुप्ता रवि पांडेय और कन्हैया गुप्ता झुलस गए। फायर ब्रिगेड टीम के फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। आग से करीब एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। पंकज गैस एजेंसी के मनोज पालीवाल ने बताया कि उपभोक्ता ने रिसाव की सूचना एजेंसी को नहीं दी। अब इस पर एजेंसी की टीम कारण जानने के लिए जांच करेगी।

### चोरों ने शिवलिंग चुराया, पुलिस ने शुरू की जांच



**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** हमीरपुर कालपी हाइवे किनारे पतारा मोड़ पर स्थित शिवमंदिर से अज्ञात चोर शिवलिंग को उखाड़ कर चोरी कर ले गए घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई है। थाना क्षेत्र के पतारा श्रमदान के बगल में लगभग बीस वर्ष पूर्व पतारा गांव निवासी स्वर्गीय मंगलप्रसाद पांडे ने ग्रामीणों के सहयोग से शिव मंदिर का निर्माण कराया था। यह मंदिर अज्ञात वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद पिछले वर्ष कस्बा कुरारा के एक भक्त द्वारा चबूतरे का निर्माण कराकर शिवलिंग की स्थापना कराई गई थी। पतारा गांव निवासी ग्रामीण रामबाबू, मनीष सिंह देवेंद्र रामकिशोर आदि ने बताया कि गुरुवार की रात में अज्ञात चोर द्वारा शिवलिंग चोरी कर लिया गया है। इस से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस से शिवलिंग बरामद कराए जाने की मांग की है।

### आधुनिकता का पारा चढ़ा, खत्म हो गया ग्रीटिंग कार्ड का महत्वः इंजी सुमित तिवारी



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** बीते साल की कड़वी व मीठी यादों को समेटे वर्ष 2024 गुजर गया। बीते साल को अलविदा कह नए साल के स्वागत की तैयारियां जोरों पर दिखी। लोग नए का साल का आगाज शानदार ढंग से करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे लेकिन साल दर साल गुजरते दौर मे नए साल में अपनों को बधाईयां देने का सशक्त माध्यम रहा ग्रीटिंग कार्ड आधुनिकता की चकाचौंध में जाने कहां गुम हो गया? अब लोग मैसेज व व्हाट्स एप पर नए साल की बधाई देने की, तैयारियां करते हैं महोबा जिले के जाने-माने पत्रकार सुमित तिवारी मानते है कि एक जमाना था कि जब लोग नए साल पर अपनों को शुभकामना संदेश भेजने के लिए ग्रीटिंगकार्ड की जमकर खरीददारी किया करते थे लेकिन ग्रीटिंग कार्ड तो जैसे अब गुजरे जामाने की बात लगने लगी है। आधुनिकता की आंधी मे ग्रीटिंग कार्ड ऐसा उड़ा कि लोगों ने ग्रीटिंग के महत्व को ही नजरअंदाज कर दिया है। अब नए दौर मे सोशल माध्यमों ने ग्रीटिंग कार्ड का स्थान ले लिया है। अपनों को नए साल की शुभकामनाएं देने के लिए ईमेल,फेसबुक व अन्य सोशल माध्यमों का सहारा ले रहे है। अब गर कहा जाए कि ग्रीटिंगकार्ड को संचार क्रान्ति उड़ा ले गयी है तो कोई गलती या अतिशयोक्ति नहीं होगी। बाजार से गायब हो रहे ग्रीटिंग को लेकर इस व्यापार मे लगे व्यापारी भी खासे आहत हैं। लोग ग्रीटिंग के स्थान पर उपहार खरीद रहे है। चकाचौंध की आंधी मे ग्रीटिंग का महत्व गुम होने से ग्रीटिंग की परम्परा गुमनामी ओर बढ़ रही है। यही वजह है कि पोस्ट आफिस में भी ग्रीटिंग भेजने को पहले जैसी भीड़ नजर नहीं आती।

# ओवरलोड ट्रकों पर रोक लगाने को लेकर सड़क पर उतरे मासूम बच्चे

- बोले बच्चे- मौरंग के ओवरलोड ट्रक निकलने से स्कूल जाने में लगता है डर

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



मझगवां थाने कुछेछा स्थित मोती कटरा मौरंग खदान से ओवरलोड ट्रकों के तेज रफ्तार आवागमन से परेशान स्कूली बच्चें कापी किताबें लेकर सड़क पर उतर आए। साथ ही ग्रामीणों व महिलाओं ने प्रदर्शन कर प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों की निकासी पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों पुलिस और प्रशासन की मिली भगत से मौरंग के ट्रकों का अवैध परिवहन करने का आरोप लगाया है।

कुछेछा स्थित खदान मोती कटरा मौरंग खदान से ओवरलोड ट्रकों की निकासी राठ सीमा से है। मौरंग से भरे ओवरलोड ट्रक बहुत ही तेज रफ्तार से निकलते हैं। जिससे क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। सड़कें भी जर्जर हो गई हैं। शुक्रवार को इकठौर गांव के करीब आधा सैंकड़ा ग्रामीणोंए महिलाओं और बच्चों ने ट्रकों का रास्ता रोककर जोरदार प्रदर्शन किया और खदान बंद कराने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। स्कूली छात्रा पलक ने बताया कि ओवरलोड ट्रकों के आवागमन से उसे स्कूल जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि स्कूल मुख्य सड़क पर स्थित है और ट्रक भी वहीं से निकलते हैं। वहीं दूसरी छात्रा उपासना ने बताया कि उन्हें सड़क पर चलने से अब डर लगता है। दिन रात मकान हिलता है और ट्रक चलते रहते हैं। वो डर में स्कूल जाती हैं। ग्रामीण धर्मेंद्र ने बताया कि मोती कटरा खदान से बिना रॉयल्टी के ओवरलोड ट्रक निकलते हैं। गांव के लोगों के द्वारा अनेकों बार प्रदर्शन किया जा चुका है। लेकिन स्थानीय प्रशासन उनकी नहीं सुनता। उनके गांव में कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। प्रशासन को शिकायत की गई है, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि खनिज का मामला है। उन्होंने पत्राचार कर दिया है। मामले की जानकारी कराएंगे।

# राउटर खराब होने से डाकघर का लेनदेन ठप, उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के डाकघर में राउटर खराब हो जाने से पिछले दस दिनों से लेनदेन पूरी तरह से ठप हो जाने से उपभोक्ताओं को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है हालांकि डाकघर के अन्य काम सामान्य रूप से चल रहे हैं। नगर के कपसा रोड स्थित डाकघर में लगा राउटर खराब हो जाने से रूपयों का लेनदेन बंद हो गया। पिछले दस दिनों से डाकघर से उपभोक्ताओं का लेन.देन न हो पाने के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर की मीनाक्षी ने बताया कि उन्हें पैसों की अत्यंत आवश्यकता थी लेकिन डाकघर से से रुपया की निकासी न हो पाने के कारण उन्हें खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। राजेश अवस्थी ने बताया कि डाकघर से रुपया न निकलने पर उन्हें खेत में डालने के लिए खाद मजबूरी में उधार लेना पड़ी। पूर्वी तरह उसे निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि इसी सप्ताह उसकी पुत्री की शादी संपन्न हुई है डाकघर से पैसा निकालने पर उसे पर जो गुजरी है वह स्वयं जानता है। इसी प्रकार डाकघर के अन्य उपभोक्ताओं को मौके पर रुपया ना निकलने पर उन्हें तमाम तरह की समस्याओं का सामना करने पड़ा हालांकि डाकघर में होने वाले अन्य कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। डाकघर के पोस्टमास्टर मोहित कुमार ने तीन.चार दिन में राउटर ठीक हो जाने के बाद डाकघर में लेनदेन शुरू होने का का आश्वासन दिया है।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने निलंबित शिक्षिका को उसी विद्यालय में किया बहाल

- ग्राम पंचायत बदनपुर के विद्यालय का मामला
- ग्राम प्रधान ने खंड शिक्षा अधिकारी पर लगाया विद्यालय की व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत बदनपुर की प्रधान साधना साहू ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालय में अव्यवस्था और निलंबित अध्यापिका अंजना वर्मा की बहाली पर आपत्ति जताई है। प्रधान ने आरोप लगाया कि अंजना वर्मा को उनके अनुचित व्यवहार बच्चों की किताबें और सामग्री बेचने और विद्यालय व्यवस्था बिगाड़ने के कारण निलंबित किया गया था। इसके बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने बिना उचित जांच के उन्हें पुनः उसी विद्यालय में बहाल कर दिया। प्रधान साधना साहू ने पहले भी अंजना वर्मा को अन्य विद्यालय में स्थानांतरित करने की मांग की थी लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रधान का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने कागजी कार्रवाई और लेनदेन के माध्यम से वर्मा की बहाली सुनिश्चित की है जिससे विद्यालय में पुनः अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। प्रधान ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए अंजना वर्मा का स्थानांतरण किसी अन्य विद्यालय में किया जाए और विद्यालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

# खड़ी बाइक में आटो रिक्शा ने मारी टक्कर, बाइकसवार व आटो चालक दोनों गंभीर, रेफर



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत आनूपुर मोड़ के पास खड़ी मोटरसाइकिल में पीछे से आ आटो रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार व रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर रवि पुत्र अवधेश उम्र लगभग 20 वर्षीय आनूपुर निवासी अपनी बाइक में सवार आनूपुर मोड़ के पास खडा था तभी पीछे से आये आटो रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी की आटो रिक्शा पलट गया जिसमें रिक्शा चालक सर्वेश कुमार 28 वर्षीय अज्योरी निवासी भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना राहगीरो ने एम्बुलेंस को दी, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है। जहां घायलो का उपचार जारी है।

# एमजीएम कॉलेज में मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर मां गीता माहेश्वरी इण्टर कालेज सुमेरपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया।

सभा में बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुनीत पालीवाल ने कहा डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले एक महान व्यक्तित्व थे। उनका जीवन सादगी सज्जनता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और आर्थिक सुधारों के माध्यम से देश को वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में खड़ा किया। उनका निधन न केवल हमारे देश के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. सिंह की नीतियों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव लाया और उनकी ईमानदारी और समर्पण हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे।सभा में अशोक कुमार शर्मा नसीम खान अनुराग तिवारी आशीष द्विवेदी प्रदीप निषाद राकेश सेंगर वीरू प्रजापति रामकिशोर और गुलाब जी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया और उनके योगदान को याद किया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां**

**आगामी कुम्भ मेला-2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-**

रेलगाड़ी सं. 08562/08561 विशाखपट्नम-गोरखपुर-विशाखपट्नम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08562 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08561 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | विशाखपट्नम | 12:15 | ---- |
| 20:25 | ---- | गोरखपुर | ---- | 14:20 |

चलने के दिन : **08562 विशाखपट्नम** से दिनांक 05.01.2025, 19.01.2025, 16.02.2025 को और **08561 गोरखपुर** से दिनांक 08.01.2025, 22.01.2025 एवं 19.02.2025 को।
ठहराव: विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 04202/04201 प्रयागराज संगम-आलमनगर-प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 33 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04202 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04201 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:20 | प्रयागराज संगम | 23:25 | ---- |
| 17:00 | ---- | आलमनगर | ---- | 19:15 |

चलने के दिन : **04202 प्रयागराज संगम** और **04201 आलमनगर** से दिनांक 01.01.2025 से 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।
ठहराव: प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां और उतरेटिया स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 04206/04205 प्रयागराज संगम-अयोध्या कैंट-प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04206 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04205 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:30 | प्रयागराज संगम | 12:15 | ---- |
| 17:00 | ---- | अयोध्या कैंट | ---- | 08:45 |

चलने के दिन : **04206 प्रयागराज संगम** और **04205 अयोध्या कैंट** से दिनांक 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।
ठहराव: प्रयाग जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर जं. स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 07701/07702 गुंटूर जं.-आजमगढ़-गुंटूर जं. कुम्भ मेला रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07701 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:00 | गुंटूर जं. | 09:00 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : **07701 गुंटूर जं.** से दिनांक 24.01.2025 (शुक्रवार) को और **07702 आजमगढ़** से दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को।
ठहराव: विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी और शाहगंज जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 07707/07708 मौला अलि-आजमगढ़-मौला अलि कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | मौला अलि | 07:30 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : **07707 मौला अलि** से दिनांक 18.01.2025 (शनिवार), 21.02.2025 (शुक्रवार) को और **07708 आजमगढ़** से दिनांक 20.01.2025 (सोमवार), 23.02.2025 (रविवार) को।
ठहराव: चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी और शाहगंज स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08253/08254 बिलासपुर जं.-वाराणसी जं.-बिलासपुर जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08253 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08254 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:15 | बिलासपुर जं. | 10:40 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08253 बिलासपुर जं.** से दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को और **08254 वाराणसी जं.** से दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: रायपुर जं., दुर्ग जं., राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 06001/06002 चेन्नै सेन्ट्रल-गोमती नगर-चेन्नै सेन्ट्रल कुम्भ वशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06001 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 06002 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:20 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | ---- |
| 11:20 | 11:25 | अयोध्या धाम जं. | 06:20 | 06:25 |
| 14:15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 03:45 |

चलने के दिन : **06001 चेन्नै सेन्ट्रल** से दिनांक 08.01.2025, 15.01.2025, 22.01.2025, 05.02.2025, 19.02.2025, 26.02.2025 को और **06002 गोमती नगर** से दिनांक 11.01.2025, 18.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025, 22.02.2025, 01.03.2025 को।
ठहराव: गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. और अयोध्या धाम जं. स्टेशन।
स्थान: शयनयान

रेलगाड़ी सं. 06003/06004 कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06003 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 06004 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:30 | कन्याकुमारी | 21:00 | ---- |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : **06003 कन्याकुमारी** से दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को और **06004 बनारस** से दिनांक 20.02.2025 (वीरवार) को।
ठहराव: नागरकोविल जं., तिरुनेलवेली जं., कोविलपट्टि, विरुदुनगर जं., मदुरै जं., दिंडुक्कल जं., तिरुच्चिराप्पल्लि जं., वृद्धाचलम जं., विल्लुप्पुरम जं., मेलमरुवतूर, चेंगलपट्टु जं., ताम्बरम, चेन्नई एग्मोर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं. विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 06007/06008 कोच्चुवेली-बनारस-कोच्चुवेली कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06007 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 06008 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | कोच्चुवेली | 23:55 | .... |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : **06007 कोच्चुवेली** से दिनांक 18.02.2025, 25.02.2025 (मंगलवार) को और **06008 बनारस** से दिनांक 21.02.2025, 28.02.2025 (शुक्रवार) को।
ठहराव: कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मवेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, अलुवा, तृश्शूर, पालक्काड़ जं., कोयंबटूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टे जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी जं.-रायगढ़ कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08251 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | रायगढ़ | 05:25 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08251 रायगढ़** से दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को और **08252 वाराणसी जं.** से दिनांक 27.01.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: चाँपा जं., बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08791/08792 दुर्ग जं.-वाराणसी जं.-दुर्ग जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08791 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08792 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:50 | दुर्ग जं. | 05:30 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08791 दुर्ग जं.** से दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को और **08792 वाराणसी जं.** से दिनांक 10.02.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीएचसी में मृत अवस्था में मिला युवक का शव

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के ही तीन व्यक्तियों पर थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र मोहम्मदपुर खाला अन्तर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में दलित युवक की हुई मौत परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के ही तीन व्यक्तियों पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र चन्द्रा गांव निवासी दलित अजय कुमार गांव के ही अभिनव अवस्थी के यहां ट्रैक्टर ट्राली पर धान लादने के लिए गया था।



देर रात उसकी एक्सीडेंट में घायल होने की सूचना परिजनों को मिली। परिवारिकजन जब सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां पर उन्हे अजय मृत अवस्था में पड़ा मिला।मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही अभिनव अवस्थी उनके भाई को मजदूरी के लिए बुलाकर ले गये थे।बीती देर रात उन्होंने भाई के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने की सूचना देते हुए सरकारी अस्पताल मे बुलाया पीड़ित का आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचा तो उनका भाई अजय मृत अवस्था में पड़ा मिला जब उसकी की मौत के बारे में जानकारी पूछी तो वहीं पर मौजूद अभिनव अवस्थी, राजेश अवस्थी व नंगू मिश्रा ने एक राय होकर जाति सूचक जालियां देते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी और अजय की हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि तुम लोगों को जो करना है कर लो। मौके पर पहुँची पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही। परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मोहम्मदपुर खाला चौराहे पर शव रखकर फतेहपुर-सूरतगंज रोड जाम कर दिया और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए, जाने की मांग करने लगे घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी जगत राम कनौजिया सहित कई थानों की पुलिस ने पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए मृतक के परिजनों से वार्तालाप शुरू कर दी है।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की गृहमंत्री के इस्तीफा की मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सदन में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भीम आर्मी द्वारा शुक्रवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन भेज कर गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा देने व माफी मागे जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में भीम आर्मी जिला संयोजक बाराबंकी रामहेत रावत,विधान सभा अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी विनय बाहुबली,ब्लॉक अध्यक्ष श्याम लाल रावत,तहसील संयोजक राहुल नागवंशी, अमरेश नागवंशी, मनोज, आनंद जाटव चंद्र



कुमार,रोहित आदि शामिल रहे। इससे पूर्व हुई बैठक में विनय बाहुबली ने कहा कि गृहमंत्री ने बाबा साहब का अपमान कर भारत के करोड़ों शोषितों, वंचितों तथा महिलाओं की भावनाओं एवं सम्मान को ठेस पहुंचाया है। जब तक भाजपा गृहमंत्री अमित शाह सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते तब तक पूरा बहुजन समाज विरोध करता रहेगा और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सम्मान के साथ कोई समझौता नही करेगा और न ही बाबा साहब का अपमान बर्दास्त करेगा।

## साहब! पति बाहर करते धंधा, ससुर नहीं दे रहे घर खर्च के लिए रुपए

**जालौन,उरई।** पति बाहर रहकर काम धंधा करते हैं। रुपये भेजने पर ससुर घर खर्च के लिए रुपये नहीं देते हैं। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां निवासी वंदना ने पुलिस को बताया कि उनके पति दीपक घर चलाने के लिए गुजरात के अहमदाबाद में रहकर काम धंधा करते हैं। ससुराल में वह अपने ससुर व दो बच्चों के साथ रहती है। पति घर खर्च के लिए ससुर के खाते में रुपये भेजते हैं लेकिन ससुर उसे और बच्चों के खर्च और पढ़ाई लिखाई के लिए रुपये नहीं देते हैं। जब वह घर चलाने के लिए रुपये देने के लिए कहती है तो वह मायके चले जाने के लिए कहने लगते हैं।

# देश को सशक्त बनाने के कार्य के लिए याद किये जायेंगे मनमोहन सिंह : गोप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

देश के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री रहते हुए भारत को सशक्त भारत बनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जो कार्य किए थे वह सदैव अमिट रहेंगे।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने युवा सपा नेता वैस सलमानी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किये। राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि महान देशभक्त भूतपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का देश निर्माण में बहुत अहम योगदान रहा है



उनके जाने से जो स्थान रिक्त हुआ है उसकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती उन जैसा सौम्य सरल व्यक्तित्व बिरलैय देखने को मिलता है।

श्रद्धांजलि सभा में सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह युवा सपा नेता अविरल सिंह सभासद ताज बाबा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान अमित सिंह अजय वर्मा सहित मीडिया एवं खेल जगत के गणमान्य लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# अधिवक्ता ने मारने की धमकी का आरोप लगाकर दर्ज कराया मुकदमा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

एडवोकेट ने मारपीट व गाली गलौज करने व जान से मारने का आरोप लगाते हुए जैदपुर थाने में की शिकायत।पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

बताते चलें कि टेरा थाना जैदपुर निवासी एडवोकेट तेज सिंह वर्मा पुत्र स्व सूरज लाल ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए बताया कि 26 दिसम्बर को समय 10.30 बजे सुबह अपने में निकले और गाँव के रमेशचन्द्र यादव ने अपने मुकदमे के बारे पूंछने के लिए अपने आँगन में बैठा लिया और उनकी भयहो भी घर पर थी। उसी वक्त 25 दिसम्बर को हुई रास्ते की शिकायत की बात को

> विपक्षी जान से मारने धमकी देते हुए कहा कि अगर जीना हमारा टूटा तो वकील को जान से मार देंगे

लेकर विपक्षी सूरज,दुवेश व दुर्गेश पुत्रगण वीरेन्द्र कुमार वर्मा रमेशचन्द्र के घर में घुसे और गन्दी गन्दी देते हुए हमें सभी मिलकर मारा भयहो भी छुडाते वक्त गिर पड़ी तभी मोहल्ले काफी लोग इकट्ठा हो गयी और विपक्षी जान से मारने धमकी देते हुए कहा कि अगर जीना हमारा टूटा तो वकील को जान से मार देंगे। तहरीर के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नशे में धुत बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र फतेहपुर अंतर्गत ग्राम धौसार में अपनी भतीजी को उसकी ससुराल में भेज कर शराब के नशे में धुत होकर अपने घर वापस जा रहा युवक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के चलते गहरी खाई में बाईक सहित गिरकर घायल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र पहाडापुर मजरे रुहेरा निवासी धर्मराज अपनी भतीजी अंजनी को उसकी ससुराल धौंसर भेजने गया था।जहां से शराब के नशे में धुत होकर घर वापस जा रहा था की फतेहपुर थाना क्षेत्र के साढेमऊ बाजार नहर पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो गयी और युवक बाइक सहित सड़क किनारे स्थित गहरी खाई में गिरकर बेहोश हो गया।जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो



परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह राहगीरो ने सड़क किनारे गड्ढे में एक मोटरसाइकिल सहित व्यक्ति को पड़ा देख पास पहुंचने पर उसके जब में एक आधार कार्ड मिला जिस पर लिखे पते के अनुसार पारिवारिजनों को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंचे परिजनों न युवक की हालत देख तत्काल एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मे लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थिति चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने के कारण युवक को जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद डॉ. निसार अहमद ने बताया युवक शराब के नशे में धुत सारी रात खुले आसमान में पडा रहा है इसलिए हालत नाजुक बनी हुई है।युवक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# खबरें एक नजर में

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार की सुबह परिजन कमरे में गए तो किशोरी का शव छत से लटकता पाया।परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को नीचे उतारकर अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## ग्राम चौपाल में सुनी गई तीन शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विकास खंण्ड की ग्राम पंचायत रामपुर भवानीपुर में ग्राम प्रधान गजला खातून की अध्यक्षता एंव सचिव मनीष शुक्ला के संयोजन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे अवर अभियंता ग्रामीण चेतराम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में प्रधानमंत्री आवास व पेंशन से सम्बन्धित तीन शिकायत आयी। शिकायतों के निस्तारण के लिए जांच किये जाने की बात कही गई। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी भी चौपाल में मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याएं सुना।सचिव मनीष शुक्ला ने बताया कि रामपुर भवानीपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें आवास से संबंधित दो शिकायत दोनों शिकायतों की जांच की जा रही है।

## प. विद्यालय की परीक्षा का सीडीपीओ ने किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पंजरौली के कम्पोजिट विद्यालय में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा का बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा निरीक्षण कर दिए निर्देश उन्होंने बच्चों से की बातचीत तथा उन्होंने मध्यान भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। कम्पोजिट विद्यालय पंजरौली में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे पहुंच कर सीडीपीओ अर्चना वर्मा जिन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मध्यान में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा और उन्होंने बच्चों से बातचीत की तथा मीनू के अनुसार खाना बन रहा है या नहीं बन रहा है इसकी भी मिलान किया तथा उन्होंने प्रधानाध्यापक प्रेमनाथ व अन्य अध्यापकों से बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लिया। प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ ने बताया कि 141 बच्चे नामांकित है जिसमें आज 124 बच्चे उपस्थित हैं। बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन दिया जा रहा है।

## बाइक चालक की टक्कर से राहगीर घायल

**जालौन,उरई।** अनियंत्रित बाइक चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए व्यक्ति को राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी अरुण कुमार (40) पैदल ही चुर्खी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के पास से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार बाइक लेकर मौके से भाग निकले। जबकि टक्कर लगने से घायल हुए अरूण कुमार को राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

# हाइवे किनारे बोरी से मिला युवक का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनीकटरा थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद चौराहा के निकट शुक्रवार की सुबह लखनऊ सुल्तानपुर नेशनल हाईवे के किनारे बोरी में भरा एक अज्ञात शव पड़ा देखा गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा बोरा खोलकर तस्दीक किए जाने पर यह शव थाना क्षेत्र के ही तहवापुर गांव निवासी स्वर्गीय किशोरी लाल कश्यप की 58 वर्षीय पत्नी सावित्री का निकला। हत्या कर बोरे में भरकर फेंकी गई महिला की लाश पड़ी होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र से होकर निकले हाइवे के किनारे शुक्रवार सुबह हुसैनाबाद चौराहे के पास झाड़ियों में एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में लाश पड़ी देखी गई।लाश के पैर बोरी से बाहर निकले हुए थे मौके पर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ आलोक कुमार पाठक फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने बोरी खोलकर साक्ष्य संकलित किए। मृतका के सिर पर गहरी चोट का निशान है। बोरी में से महिला का आधार कार्ड, पोस्ट आफिस खाता कार्ड, गैस कनेक्शन की कापी, चप्पल आदि बरामद हुआ है। मृतका की पहचान इन्हीं अभिलेखों के आधार पर हुई है।

पता चला है कि मृतका अपने बेटे अयोध्या के साथ रहती थी। जबकि दो सौतेले बेटे रामनाथ व छवि नाथ दूसरे घर में रहते हैं।मृतका की बहू सोनम ने बताया की गुरुवार दोपहर बाद आधार कार्ड लेकर चौराहे के लिये निकली थी फिर वापस नहीं आई। सीओ आलोक पाठक ने बताया कि लगभग 58 वर्षीय महिला का शव मिला है सर पर चोट के निशान हैं। मृतका की बहू सोनम का कहना है कि सास के कान में सोने की टाप्स,नाक में सोने की नथ, पैरों में चांदी की पायल के अलावा छोटा वाला मोबाइल भी था, परन्तु शव बरामद होने पर यह सभी वस्तुएं लाश के निकट से बरामद नहीं हुई हैं।बताया कि रात में घर वालों ने फोन किया तो स्विच ऑफ था रिश्तेदारों को भी फोन किया गया लेकिन पता नहीं चल सका। पता चला है कि पुलिस घटना के खुलासे को लेकर पूछताछ के लिए कुछ लोगों को पकड़कर लाई है। थानाध्यक्ष दोमित्र सेन रावत ने बताया कि घटना की हर एंगल से जांच कर खुलासे के प्रयास किया जा रहे हैं।

# लोगों ने की सीसी रोड निर्माण में हो रही धांधली की शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जैदपुर मे हो रहे निर्माण कार्यों मे जमकर धांधली मची हुई है। वार्ड सभासद नगर पंचायत अध्यक्ष व ठेकेदार की मिली भगत से सीसी रोड निर्माण मे बजडी मे मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मामला नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड रईस कटरा का है जहां एक सीसी रोड बनाई जा रही है जिसमे बजड़ी के साथ मिट्टी का काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। वार्ड वासियों का कहना है इस से पूर्व वार्ड मे बनाए गये नाले मे भी पीली ईंटों का इस्तेमाल किया गया है शिकायत के बावजूद भी ठेकेदार के विरूद्ध न तो कोई कार्रवाई हुई और न नाले की जांच की गई है। जबकि मौजूदा हालत मे जो सीसी मार्ग बनाया जा रहा है उसमे भी मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है सीसी रोड मे घोर अनियमितता बरती जा रही है। वार्ड वासियों का आरोप है कि शासन द्वारा पास बजट के अनुसार बनाई जाने वाली सीसी रोड मे अनियमितता व घटिया सामग्री का प्रयोग कर ठेकेदार व वार्ड के सभासद की मिली भगत से सरकार को लूटने का काम बखूबी अंजाम दिया जा रहा है।

आक्रोशित वार्ड वासियों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से किये जाने की बात करी है। इस संबंध मे ईओ आलोक कुमार से बातचीत की गई तो उन्होने बताया कि मामला संज्ञान मे आया है जांचोपरांत कार्यवाई की जायेगी।

## बेटे के साथ कंपनी में करने वाला युवक किशोरी को ले भागा

**जालौन,उरई।** बेटे के साथ कंपनी में काम करने वाला युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युगल की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी गांव में ही शिक्षा प्राप्त करती है। उनका बेटा हरियाणा में रहकर एक कंपनी में काम करता है। कंपनी में ही कार्यरत एक अन्य युवक शिवा से उसकी दोस्ती हो गई। जिसके बाद शिवा का घर भी आना जाना हो गया। इसी दौरान शिवा ने उनकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती 22 दिसंबर को उनकी बेटी गांव में ही ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी।पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## फाइनेंस कंपनी एजेंट पर उपभोक्ता ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**जालौन,उरई।** उपभोक्ता द्वारा फाइनेंस पर बाइक खरीदने के बाद एजेंट को रुपये जमा करने के बाद एजेंट ने कंपनी में रुपये जमा नहीं किए। पीड़ित उपभोक्ता ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उरई मार्ग स्थिति हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी से फाइनेंस पर बाइक खरीदी थी। उन्होंने एजेंसी पर फाइनेंस का काम करने वाले एजेंट को किश्तों का रुपये जमा कर दिया। पूरे रुपये जमा करने के बाद भी कंपनी उन पर 13 हजार रुपये बकाया बता रही है। जब उन्होंने इसकी शिकायत एजेंसी में की तो उन्होंने कर्मचारी को हटा देने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।



## नवादा के ग्रामीणों को विधायक ने बांटे कम्बल

**कुठौंद,जालौन।** शुक्रवार को ब्लॉक के ग्राम नवादा में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कुठौंद के ग्राम नवादा में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कम्बल वितरण कार्यक्रम में ठंड से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर विधाकय मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र वासी की सेवा, सुरक्षा और सम्मान हेतु डबल इंजन की सरकार हमेशा प्रतिबद्ध हैं। कम्बल वितरण कार्यक्रम में ठंड से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किये। प्रत्येक क्षेत्रवासी की सेवा, सुरक्षा और सम्मान हेतु उतर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर विधायक मूलचन्द्र निरजंन, विधायक प्रतिनिधि महेश पतराही, एसडीएम माधौगढ़, नायब तहसीलदार, लेखपाल अंजलि वर्मा, मण्ड़ल अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, एवं समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र वासी रहे मौजूद। कार्यक्रम आयोजन श्रीप्रकाश दीक्षित के द्वारा किया गया।

# बगैर प्रपत्रों के गिट्टी, मौरंग भरे तीन ट्रक सीज

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रशासन के निर्देश के अनुरूप सीओ तथा नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, पुलिस के साथ एसडीएम सुशील कुमार सिंह के न की संयुक्त टीम के द्वारा 26-27 दिसम्बर की रात में पुनः कालपी-उरई हाइवे की सड़क में चेकिंग के दौरान बिना खनन प्रपत्रों के परिवहन करते ओवरलोड गिट्टी, मौरम से भरे 3 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से तमाम अवैध परिवहन करने वाले वाहन चालकों में खलबली मच गयी। स्मरण हो कि बिना प्रपत्रों के वाहनों में गिट्टी तथा मौरम के अवैध परिवहन करने के मामले बराबर प्रकाश में आ रहे हैं। दिन रात की तमाम चौकिंग के बाद



रात में हाइवे में चेकिंग करते एसडीएम, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला।

भी धंधा कम नहीं हो पा रहा है।को बीती रात को एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार तारा शुक्ला एवं इलाकाई पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन चौकिंग कर रहे थे। तभी उरई-कालपी हाइवे रोड की सड़क में आटा टोल प्लाजा में अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चौकिंग अभियान के दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के परिवहन करते ओवरलोड गिट्टी लदे 2 ट्रकों को पकड़ लिया। उप जिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहनों को गल्ला मंडी उरई के परिसर में संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया।

इसी क्रम में एसडीएम तथा नायब तहसीलदार तारा शुक्ला की संयुक्त टीम के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जोल्हूपुर मोड़ में चेकिंग अभियान के दौरान ओवरलोड मौरम लदे ट्रक के पास में खनिज रॉयल्टी एमएम-11 प्रपत्र न होने पर ट्रक को गल्ला मंडी कालपी में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर कर सीज करने की कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि 24-25 दिसम्बर की रात में एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने अवैध खनन के परिवहन करते हुए 6 गाड़ियों को पकड़ा था।

# गृह मंत्री के खिलाफ सपाइयों ने किया विरोध

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।**

आज विधानसभा शोहरतगढ़ में पीडीए चर्चा कार्यक्रम मालगहिया सेक्टर-1 के ढ़ेकहरी चौराहे पर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी के विचारों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव की अध्यक्षता में शोहरतगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह अगुवाई में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उग्रसेन सिंह ने कहा कि बाबा साहब के सम्मान में देश का दलितो, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, अतिदलितों, आदिवासियों, गरीबों व शोषित,वंचित समाज इस अपमान को सांसद से लेकर सड़क तक आंदोलित




है। भाजपा लोकसभा चुनाव में हार से अभी उबर नहीं पा रही है, इनके नेता अमर्यादित भाषाओं का प्रयोग कर रहे हैं। वहीं अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा महामानव बाबा साहेब का जो अपमान किया है यह दूर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री तुच्छ मानसिकता के कारण बाबा साहेब को वोटो की राजनीति में घसीट रहे हैं जो बहुत ही शर्मनाक है। यह पीडीए को जागृत करने के लिए बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के विचारों को लेकर, पीडीए चर्चा कार्यक्रम में सपा जिला महासचिव कमरूजमा खान, समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान, सपा एससी/एसटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप पाथरकटा, सपा जिला सचिव रामू यादव, सेक्टर प्रभारी हरिनाथ यादव, सपा पिछड़ा प्रदेश सचिव डॉ.अमित शर्मा, प्रदेश सचिव अनुज चौधरी, विशाल बारी, डॉ विकास यादव, दिनेश सैनी, समाई अग्रहरी, प्रभु गौतम, सेवक राम, सुधीर सिंह अबू तलहा, दिनेश गौतम, राधे श्याम यादव, पप्पू सिंह, डब्ल्यू सिंह राजेंद्र टिंटू काका, रवि सिंह मुन्ना मिश्रा सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## स्कूल वाहन चालक के साथ ठेकेदार ने दबंगई दिखाकर की मारपीट

**रामपुरा,जालौन।** जिले में ठेकेदारों के द्वारा गुंडई आये दिन की जाती है।

ऐसा ही मामला शुक्रवार की प्रातः 8 बजे का है जब स्कूली वाहन चालक बच्चों को लेने गया था तभी लक्ष्मणपुरा गांव में ठेकेदार प्रशांत राठौर नाम का युवक आया और चालक से बोला कि गाड़ी का दरवाजा खोल तभी चालक बोला कि दरवाजा इस ड्राइवर साइड का नही खोलूंगा क्योंकि ड्राइवर साइड वाहन निकलते है।

इतना सुनते ही ठेकेदार आग बबूला हो गया और उसमें ताबड़ तोड़ गालियां और मारपीट करना शुरू कर दी जिससे चालक घायल हो गया।

# समिति की बैठक में हुई स्वीकृत परियोजनाओं पर चर्चा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद की सहायता हेतु गठित नियोजन एवं विकास समिति की बैठक मण्डलायुक्त/अध्यक्ष गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इसमें जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह,समिति के सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर,सीईओ तीर्थ विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा तथा उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय सहित अन्य समिति के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। सीईओ श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा लगभग 98 करोड़ की लागत वाली कुल 23 परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई




है,जिसमें 10 परियोजनाओं की डीपीआर शासन द्वारा स्वीकृति हो चुके है, शेष प्रक्रियाधीन है। मण्डलायुक्त ने अयोध्या में राम की पैड़ी पर दर्शकदीर्घा (विजिटल गैलरी/ सेल्फी प्वाइंट) एवं पर्यटन सुविधाओं के कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में सम्बंधित आर्केटेक से कहा कि कार्यो की ऐसी योजना बनायी जाय कि पैड़ी के दिखने वाले भाग बहुत ही उत्कृष्ट लगे तथा राम की पैड़ी पर लगी प्रकाश हेतु सभी लाईटों की कमाण्ड एक स्थान से हों। इस दौरान उन्होने कहा कि परिषद द्वारा प्रस्तावित समस्त कार्यो में आवश्यक रूप से सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रावधान भी सुनिश्चित किया जाय।शासन द्वारा स्वीकृति श्रृंगी ऋषि आश्रम में कराये जाने वाले प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रृंगी ऋषि आश्रम पर घाट के समानांतर बैठने हेतु बेंचो तथा कैफेटेरिया और शौचालयों का भी प्रावधान किया जाये।

# गुमशुदा विक्षिप्त महिला परिजनों के सुपुर्द

▸ सूचना देने वाली कालर को पांच हजार रुपये देकर किया सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तिर्वा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने गुमशुदा विक्षिप्त महिला को उसके परिजनो के सुपुर्द कर सूचना देने वाले कालर को 5000 रूपये से सम्मानित किया। बीते दिन कालर मीनू कुशवाहा द्वारा सूचना दी गई। कि एक महिला एक्सप्रेस- वे के पास स्थित गिरीराज कोल्ड स्टोरेज के सामने विक्षिप्त अवस्था मे सडक पर टहल रही है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुँच कर महिला आरक्षी द्वारा विक्षिप्त महिला से नाम व पता पूछा गया तो उसने अपना नाम नीलू यादव, पिता का हरिनाम यादव निवासिनी देवा जनपद बाराबंकी बताया। तथा आने जाने के सम्बन्ध में पूछा तो संतोष जनक उत्तर न दे पाई। जिसे थाना लाकर महिला हेल्प डेस्क मे बैठाया गया तथा उसके परिवारीजन और रिश्तेदार एवं उनके मोबाइल नम्बर के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। जिस पर विक्षिप्त महिला द्वारा एक मोबाइल नंबर बताया। उक्त मोबाइल नम्बर से वार्ता कर विक्षिप्त महिला के भाई संजय यादव को सूचना देकर थाना में बुलाया। विक्षिप्त महिला के भाई संजय यादव द्वारा अपनी बहन नीलू यादव की गुमशुदा होने के सम्बन्ध में पूर्व में पम्पलेट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से तलाश किए जाने एवं सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 रूपये से नकद इनाम दिया जाना प्रसारित किया था। गुमशुदा के भाई संजय यादव ने अपनी बहन के मिलने पर सूचना देने वाली कालर मीनू कुशवाहा को 5000 रूपये देकर सम्मानित किया।



कालर मीनू कुशवाहा को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह

## इंस्टा पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवक को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** महिला सुरक्षा/सशक्तीकरण के अनुक्रम में चलाये जा रहे गरुड़ अभियान के क्रम मे थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा मुकदमा थाना साइबर क्राइम से सम्बन्धित अभियुक्त अमरदीप (25) पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम रामपुर बैजू थाना छिबरामऊ को गिरफ्तार किया। अभियुक्त द्वारा फर्जी नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वादी की माँ- बहन के फोटो मय अभद्र/ अश्लील टिप्पणियों के साथ निरन्तर अपलोड किया जा रहा था। और वादी की इंस्टाग्राम आईडी पर चैट करके वादी की माँ-बहन को गाली-गलौज कर रहा था। जिसके विरुद्ध थाना साइबर क्राइम पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# सपा संस्थापक की मूर्ति का किया शिलान्यास

▸ निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पूर्व विधायक ने अर्पित किए पुष्प

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नेताजी ने हमेशा समाज के दबे कुचले वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। हमेशा समाज को सही दिशा में ले जाने का कार्य भी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव जी के द्वारा किया गया। यह बात पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने सपा संस्थापक की मूर्ति का शिलान्यास करने के दौरान कही।

शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम कटकैया में सपा नेता श्याम यादव द्वारा लगाई जा रही सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति का शिलान्यास पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेताजी के दिखाएं रास्ते पर सभी समाजवादियों को चलना चाहिए। क्योंकि नेताजी ने हमेशा प्रदेश और देश में विकास की गंगा बहाई है और लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि नेताजी के साथ वर्षों कार्य करने का अनुभव भी उन्हें प्राप्त हुआ है। उनके आशीर्वाद से मैं हमेशा उनके रास्ते पर चलने का वादा किया। इस मौके पर अर्पित शुक्ला, अमन खान, राजन गुप्ता, राहुल यादव, भोला सिंह, अंकुर यादव, राजेश सिंह, बांकेलाल, परमवीर सिंह, अजीम सिद्दीकी, धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौजूद सपा नेता।

# विद्युत समस्या को लेकर बिजलीघर का किया घेराव



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विद्युत वितरण उपखंड छिबरामऊ का घेराव किया।

जीटी रोड से कोतवाली तक जाने वाले ताजपुर रोड पर 11 हजार केवी की बिजली की लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है जो कि घनी आबादी का क्षेत्र है जिस कारण वहां की जनता इसका विरोध कर रही है । इसी मुद्दे को लेकर आज भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर अपनी बात रखी जिसमें बताया गया कि शिफ्ट की जाने वाली लाइन में खुले तार है जिसकी वजह से दुर्घटना की अधिक संभावना रहेगी या तो इसमें खुले तार की जगह बंच मोटी केबल का प्रयोग किया जाय या लाइन को किसी और जगह से निकाला जाय । जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि अगर जल्द ही इस समस्या का निराकरण न हुआ तो बिजली विभाग और प्रशासन एक बड़े जन आंदोलन को झेलने के लिए तैयार रहे । इस मौके पर रंजीत यादव, शान्ति शर्मा, पिंटू राजपूत, विनोद शर्मा, रामशंकर शर्मा, अरुण सैनी, नवाजिश अंसारी, गोपाल शुक्ला, गोपाल पाठक,पूरन शर्मा, भारत सिंह, विवेक शर्मा, राहुल शर्मा, प्रेम बाबू गुप्ता, शिवकुमार शाक्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।





## नगला जोर में हुआ पीडीए पंचायत का आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद कन्नौज के निर्देशानुसार सभी सेक्टर वार पीडीए चर्चा कार्यक्रम 26 दिसम्बर से 25 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत छिबरामऊ के जोन नंबर 1 के ग्राम सभा जोर नगला से पीडीए के लोगों के बीच पहुँच कर छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने चौपाल लगायी। इस मौके पर पूर्व विधायक सभी लोग लोकतंत्र पर विश्वास करें जनता का विश्वास 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाए लगातार घटना बढ़ रही है बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगे। ज़ब तक माफ़ी नहीं मांगेगे तब समाजवादी लगातार प्रदर्शन करेगी बीजेपी सरकार में लगातार अत्याचार गुंडागर्दी बढ़ रही है आप सभी लोग समाजवादी पार्टी का सहयोग करें। जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो लगातार विकास की गंगा बह रही थी और कहा ग्रामीण के लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी और लोगों को फायदा मिलेगा।

## सर्दी से बचाने के लिए गायों के ऊपर डाले बोरे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के जाने माने गौ सेवक रंजीत पांडे ने छिबरामऊ ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाली लडैता ग्रामसभा की गौशाला में जाकर गौवंशो को सर्दी से बचाने हेतु उनपर बोरे डाले। बुधवार की देर शाम गौ सेवक रंजीत पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ छिबरामऊ नगर में स्थित नवीन मंडी स्थल जाकर आलू व्यापारियों की दुकानों से बोरे एकत्रित किये। जिसमें आलू व्यापारी पप्पू चौहान, जे के शाक्य, आदि व्यापारियों ने सहयोग प्रदान किया जिसके पश्चात गौ सेवक रंजीत पांडेय अपने सहयोगियों के साथ छिबरामऊ ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाली लडैता ग्रामसभा की गौशाला में जाकर गौवंशो को बोरे उड़ाये। इस मौके पर डॉ शैल कुमार पाराशर, राम किशोर दुबे, कृष्णा पांडेय, नील कुमार, भुरा नागर, संजय गिहार, आदि लोग मौजूद रहे।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

▸ लोगों ने हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाएं जाने की जताई आशंका

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



पेड़ पर शव को लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची।

शुक्रवार को जसोदा चौकी क्षेत्र के जेल रोड हरदेवपुरवा गांव के समीप आम के बाग की टहनी पर प्लास्टिक की डोर से अधेड़ का शव पेड़ पर लटकता मिला। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और मौके पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुँचे गुरसहायगंज कोतवाल आलोक कुमार दुबे और जसोदा चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार कर शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा थाना छिबरामऊ भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजीव पुत्र भजनलाल निवासी हरिकरनपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को लडैता मोड़ थाना छिबरामऊ से गिरफ्तार किया गया। उनि राममनोज द्विवेदी का. मनीचन्द्र का. करनपाल ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौरिख पुलिस द्वारा थाना सौरिख जनपद कन्नौज में वांछित अभियुक्त गगनदीप पुत्र स्व0 रामस्वरुप प्रजापति निवासिनी ग्राम प्रेमनगर चमरौआ बरालोकपुर थाना चौबिया जनपद इटावा को एक्सप्रेसवे कट थाना सौरिख जनपद कन्नौज से गिरफ्तार जयप्रकाश शर्मा उ.नि. राजकुमार गौतम कां. कार्तिक तोमर म.कां. रितु थाना सौरिख जनपद कन्नौज ने गिरफ्तार का जेल भेजा।

### दो मिनट का मौन रख पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सहित समस्त अधिकारीगणों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के दौरान 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु समस्त उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना की।

### रंजिश को लेकर युवक मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने युवक के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रामपुर बुढ़िया निवासी अमर सिंह पुत्र राज सिंह ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही तेजपाल, दिलीप, श्याम सिंह और रामू ने रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ 22 दिसंबर की दोपहर लगभग 03 बजे गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के लोगों ने युवती से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात के चलते मोहल्ले के लोगों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके भाई व नानी से भी मारपीट की और धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कस्बा समधन के मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी मुस्कान पुत्री नफीस खां ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह 11.30 परिवार के ही चार लोगों ने बेवजह उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आई उसकी नानी व भाई सेबी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते परिवार के लोगों ने दरवाजे पर आकर विधवा महिला से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मूसर निवासिनी अंजली देवी पत्नी स्वर्गीय विमलेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते गुरुवार को सुबह लगभग 08 बजे परिवार के दो लोग रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

# सपाईयों ने दो मिनट का मौन रख पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को बीता गुरुवार शाम राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां तबीयत में सुधार न होने से उन्होंने देर शाम अंतिम सांस ली और उनका निधन हो गया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी, सादगी का प्रतीक था डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन हमेशा यह सबक देगा कि जैसे कोई व्यक्ति अभाव और संघर्ष से ऊपर उठकर सफलता प्राप्त करता है। यह बातें शुक्रवार को समधन नगर में सपाइयों ने दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के उपरांत कहीं इसी दौरान समधन के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद नकीम खान ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का कार्य और उनका सुझाव लोगों को हमेशा याद रहेगा इस अवसर पर मो. जमील,मुईन, कमरूद्दीन (झंगडी), भुल्ले, आसिफ उर्फ गुड्डु पहलवान, हाफिज मो. अतीक, हाफिज आदिल,मो. मुजीब, सैय्यद नाजिम आदि मौजूद रहे।



## छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता को दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आए दिन छेड़छाड़ करने वाले युवक की उसके घर शिकायत करने पर आरोपित के परिजनों ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव कायुवक उसकी पुत्री के साथ आए दिन स्कूल जाने वाले रास्ते में छेड़खानी करता है। कई बार उसने युवक के घर वालों से शिकायत की। लेकिन वह फिर भी नहीं माना। गुरुवार की शाम लगभग 08 बजे जब पीड़ित पिता फिर युवक के घर शिकायत करने गया। तो युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चिकित्सकों ने खनुवां आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जालौन उरई, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉक्टरों की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र खंनुआं में छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आवश्यक दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया।

आंगनबाड़ी केंद्र खनुआं में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ. रणधीर निरंजन, डॉ. रेनू पांडे, जमशेद, अमरजीत आदि की टीम पहुंची। जहां टीम ने एक सैंकड़ा से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों की लंबाई, लंबाई के अनुसार वजन, पोषक आहर, नाक, कान, गला, तालु, खुजली, बुखार, जुकाम आदि की जाच की। टीम ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को पोषक आहार अवश्य दें। आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाले पोषक आहार को बच्चों को खिलाएं ताकि उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताएं पूरी हो सकें। उन्होंने बच्चों को सर्दी से बचाव के टिप्स भी दिए। कहा कि सर्दी के मौसम में बच्चों का खास ख्याल रखें। उनके कानों को ढंककर रखें। हमेशा गर्म कपड़े पहनाएं। यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। इस मौके पर कार्यकत्री संगीता गौर, मिथिलेश प्रधानाचार्य रामराजा निरंजन आदि मौजूद रहे।



## पत्नी को भगाने की शिकायत करने पर धमकाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में अकेली महिला को पड़ोसी गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को बताया है कि 01 सितंबर को पड़ोसी गांव बागपुर्वा मोहनपुर रतनपुर निवासी मनोज पुत्र राम प्रकाश ने घर में अकेली उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले गया और पत्नी अपने साथ सोने चांदी की जेवरात एवं 55000 की नगदी भी ले गई। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने अपनी पत्नी की आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। आरोपी युवक का पता लगने पर उसने मनोज से पत्नी के बारे में पता किया। तो उसने भी उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रवादी विचारधारा के झंडाबरदार थे राम चरित्र तिवारी : राजनाथ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवास त्रिपाठी के पिता राम चरित्र तिवारी का गुरुवार को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व राम चरित्र तिवारी पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। कुछ वर्ष पूर्व वह सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए थे, जिसके बाद वह अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सके। गुरुवार को अचानक सांस की परेशानी के चलते राजधानी लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसे ली। शुक्रवार को राजकमल रोड स्थित कमरियाबाग में छोटे बेटे मयंत त्रिपाठी ने उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया। निधन की खबर से दु:खी गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने स्व. राम चरित्र तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि स्व राम चरित्र तिवारी पुरोहित होने के साथ ही ज्योतिषाचार्य भी थे। स्व राम चरित्र तिवारी के निधन पर समाजसेवी विनय कुमार सिंह, शिवशंकर शुक्ला, अशोक शुक्ला, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, रणंजय शर्मा, मनीष सिंह, शिवम सिंह, मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रकान्त मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल देव कुशुमेश, नवीन सिंह, शिक्षक नेता सुशील पाण्डेय आदि ने शोक जताया है।

# जुमे की नमाज दौरान मस्जिदों में तैनात पुलिस कर्मी रहे चौकन्ना

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कालपी की दर्जन पर भर मस्जिदों में जुमें की नमाज संपन्न हुई।

कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने घूम-घूम कर मस्जिदो की ड्यूटी मे तैनात पुलिस कर्मियों को चौक करके आवश्यक निर्देश दिये। शुक्रवार को दोपहर साढ़े बारह बजे से लेकर ढाई बजे तक स्थानीय नगर की शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार, खानकाही मस्जिद राजेपुरा, बड़ी मस्जिद जुलैहटी, मुड़िया गुंबद मस्जिद गल्ला मंडी, मखदूमिया मस्जिद रावगंज, तहसील मस्जिद, सुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की तीन मस्जिदों में जुमे की नमाज सामूहिक रूप से शान्ति पूर्वक हजारों नमाजियों द्वारा अदा की गई।



## खेत में खड़ी फसल से होकर निकलने से रोका तो किसान को पीटा

**जालौन,उरई।** खेत में बोई हुई फसल से होकर निकलने से मना करने पर कुछ लोगों ने मिलकर किसान के घर में घुसकर गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने अपने खेत में फसल बोई है। इस समय फसल उग रही है। उनके खेत के पास ही अनंतराम का खेत है। उन्होंने अपने खेत में तार फेंसिंग की है। अब वह व उनके बेटे अपने खेत तक पहुंचने के लिए उनके खेत से होकर निकलते हैं।

# पांच वर्ष से पुराने 726 लंबित वादों का करें निस्तारण





**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में हुई बैठक

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आरसीसीएमएस के अनुसार राजस्व वादों के लंबित वादों के निस्तारण के संबंध में पेशकारों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने आरसीसीएमएस के अनुसार राजस्व वादों के 5 वर्ष से पुराने 726 लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता के साथ किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी कन्नौज के 81 एवं उपजिलाधिकारी तिर्वा के 46 तथा तहसीलदार सदर के 79 व तहसीलदार छिबरामऊ के 47 और तहसीलदार न्यायिक छिबरामऊ के 60 एवं तहसीलदार न्यायिक तिर्वा के 96 तथा नायब तहसीलदार जलालाबाद के 77 प्रकरण लंबित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट की तथा निर्देश दिये कि वादों के निस्तारण में गति लायी जाये अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

उन्होनें 01 वर्ष पुराने वादों के 1666 लंबित वाद एवं 03 वर्ष से पुराने 626 लंबित वादों के निस्तारण पर भी फोकस करने को कहा। उन्होनें राजस्व संहिता की धारा 80, 34, 24, 67 एवं धारा 116 आदि के लंबित वादों के निस्तारण में गति लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 हैं। किसान भाईयों से अपील करते हुये कहा कि नियत तिथि में अपनी फसल का बीमा अवश्य करा लें। अन्यथा योजना से वंचित रह जायेगें।

जिलाधिकारी ने जले हुये गांव के भू- अभिलेख बनाने एंव रिकार्ड आपरेशन ग्राम सर्वे के संबंध में रिकार्ड आपरेशन ग्राम सर्वे की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कटरी अमीनाबाद का जो प्रपोजल तैयार किया गया है उसे पुनः चेक किया जाये। जिसमें नक्शे से स्थल और खतौनी का मिलान होना चाहिए। जिस-जिस प्लाट का मिलान किया जाये, उसकी रिपोर्ट भी तैयार कर उपलब्ध करायी जाये। नक्शे में प्लाट के नम्बर सीरियलवाइज होना चाहिए। उन्होनें कहा कि नक्शे, खतौनी, आदि के रिकार्ड में जो त्रुटियां आती है। उसे ठीक करने के लिये ही रिकार्ड सर्वे चलाया गया है। सर्वे को गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये।

# ईश्वर से प्रेम सांसारिक भव सागर से मुक्ति दिलाता :स्वामी अक्षयानंद

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

इस दुनिया में आये हो तो व्यवहार करना संसार के लोगों से यदि प्रेम करना तो सिर्फ परमात्मा से करना तभी जीवन की नौका भव सागर से पार लगेगी नहीं तो डगमगाती रहेगी। उक्त प्रसंग भगवान वेद व्यास की नगरी स्थित सर्वोदय शिक्षण संस्थान एवं एसपी बालिका इण्टर कालेज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन हरिद्वार से पधारे स्वामी अक्षयानन्द जी महाराज ने उपस्थित भक्तजनों के बीच कहीं।

पवित्र यमुना नदी के पावन तट पर स्थित भगवान वेद व्यास की नगरी कालपी स्थित सर्वोदय शिक्षण संस्थान एवं एसपी बालिका इण्टर कालेज के तत्वावधान में संत पथिक जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य हरिद्वार से पधारे पूज्य स्वामी अक्षयानन्द जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कहाकि कलयुग में मनुष्य जीवन मिला है तो इसे व्यर्थ मत जाने देना। संसार में आये हो तो यहां किसी से प्रेम मत करना नही तो प्रेम की यह नौका यही भटकती रहेगी। प्रेम करना है तो परमात्मा से करो जो तुम्हें भव सागर से पार लगायेंगे। संसार के प्रणियों से अच्छा व्यवहार करने की बात कही। उन्होंने कहाकि कालपी वह नगरी है जिसे एक तीर्थ के रूप में पहचानते हैं तथा भगवान वेद व्यास जी की जन्मस्थली के साथ श्रीमद् भागवत कथा जैसा ग्रन्थ भी यही लिखा गया। यहां जन्म लेने वाला हर एक व्यक्ति धन्य है।

# किशोरी की मौत के मामले में परिजनों ने रोड पर शव रखकर लगाया जाम



परिजनों को समझाते बुझाते नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन मंदिर परिसर में हुई किशोरी की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर किशोरी के शव को नवाबगंज-अलीगंज मार्ग पर स्थित गांव सलेमपुर में रोड पर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने समझा बुझाकर परिजनों को शांत कराया।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर त्यौरी निवासी अवधेश कुमार राजपूत पुत्र कुंवर बहादुर की 16 वर्षीय पुत्री रोशनी का शव बीते दिन सुबह नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव

- नगर पंचायत अध्यक्ष के समझाने बुझाने पर परिजनों ने खोला जाम
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

कक्योली मैं बने प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर राम ताल के परिसर में पेड़ पर लटका हुआ पाया गया था। सूचना पर थाना पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने कार्यवाही करते हुए शव को उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन थाना पुलिस ने बिना तहरीर दिए कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। थाना पुलिस के मुताबिक परिजन जब तहरीर देंगे तभी मुकदमा दर्ज किया जाएगा, लेकिन पंचनामा की कार्रवाई के बाद परिजन मृतका के शव को अपने घर ले आए और रात बीतने के बाद उन्होंने अलीगंज-नवाबगंज मार्ग पर अपने गांव सलेमपुर के पास शव रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही हलका इंचार्ज दरोगा संतोष कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन दरोगा के साथ गए पुलिसकर्मियों की ग्रामीणों ने एक नहीं सुनी और पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए जाम लगाए बैठे रहे। तब थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने नगर पंचायत नवाबगंज के अध्यक्ष अनिल राजपूत को घटनास्थल पर भेजने की बात कही, लेकिन मृतक के परिजन उनके सजातीय थे। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उनकी काफी मान मनोव्वल के बाद मृतका के परिजनों ने उनकी बात मानी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष से बात की। तब नगर पंचायत अध्यक्ष ने तहरीर लिखवायी। जिसमें मृतका के पिता अवधेश कुमार राजपूत ने कहा गया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री कुमारी रोशनी रात 10.30 बजे शौचक्रिया के लिए गई हुई थी, तभी आरोपी सचिन कुमार पुत्र जय सिंह उर्फ गुड्डू तथा कृष्ण पुत्र वेदराम निवासी नगला कलार थाना कादरीगेट चौकी आईटीआई जिला फर्रुखाबाद तथा सचिन पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी गांव सलेमपुर थाना नवाबगंज के विरुद्ध अपहरण कर हत्या करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

तब जाकर ग्रामीणों ने जाम खोला। जब इस बाबत थाना अध्यक्ष नवाबगंज विद्यासागर तिवारी से जानकारी व हत्या का कारण जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कोई भी बात बताने से इनकार कर दिया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि अब विषय विवेचना का है जो बात विवेचना में सामने आएगी उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। किसी को निर्दोष नहीं फंसाया जायेगा।

## देर शाम पुलिस कप्तान ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधीक्षक

**नवाबगंज।** रामताल मंदिर परिसर में आम के पेड़ पर बीते दिन किशोरी का शव फांसी पर लटका मिला था। आज परिजनों ने नवाबगंज-अलीगंज मार्ग पर स्थित गांव सलेमपुर के निकट शव रखकर जाम लगा दिया। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने पहुंचकर मामले को समझा बुझाकर शांत करवाकर जाम खुलवाया तथा मुकदमा दर्ज कराने के लिए परिजनों से तहरीर लिखवायी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं देर शाम पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। मीडिया ने जब उनसे कुछ पूछना चाहा, तो उन्होंने कुछ भी बताने से साफ इन्कार कर दिया।

# चूल्हे की चिंगारी बनी शोला, छह झोपड़ियां राख

- नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल ने पहुंचकर की जांच

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खाना बनाए जाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गयीं। जिससे हजारों का नुकसान हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र की गंगा कटरी में बसे गांव पैलानी दक्षिण जहां शुक्रवार की सुबह दस बजे के करीब एक परिवार की महिला चूल्हे पर खाना बना रही थी। अचानक निकली चिंगारी जो झोपड़ी के ऊपर जा गिरी। परिणामस्वरुप झोपड़िया में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गईं और हजारों रुपए की घर गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया। इस आगजनी की घटना में ग्रामीण मुजीब पुत्र मुशीर, मुशीर पुत्र सूबेदार, अकबन पुत्र मुशीर, युसूफ पुत्र हबीर, सरवर पुत्र हबीर तथा सरूपन पत्नी हबीर निवासीगण पैलानी दक्षिण की झोपड़ियां शामिल हैं। जैसे तैसे बच्चों को बाहर निकाला गया। जल रही झोपड़ियों को देखकर महिलाओं में चीख पुकार मच गयी। ग्रामीणों के अनुसार इस आगजनी की घटना में सभी लोगों की घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने डीजल इंजन पंप सेट चलाकर जैसे तैसे आगजनी की घटना पर काबू पाया। इस आगजनी की घटना में मुशीर, अकबन तथा मुजीब का लगभग 25 हजार रूपये का नुकसान हुआ। 8 बोरी गेहूं, कपड़े, राशन, रजाई, गद्दा बिस्तर, चारपाई तथा बक्से में रखा सामान जल गया।



धू-धूकर जल रहीं झोपड़ियां

यूसुफ, सरवर, सरूपन का लगभग 15 हजार रूपये का नुकसान हुआ। जिसमें रजाई गद्दा, बिस्तर, चारपाई, कपड़े, तोड़ियां बिछिया एवं राशन बताया गया है।

आगजनी की घटना की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान जुबैर खाँ को दी, तो उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। उप जिलाधिकारी कायमगंज के आदेशों के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा आगजानी की घटना की जांच पड़ताल की। मौके पर शमशाबाद पुलिस के अलावा नायब तहसीलदार, कायमगंज एवं क्षेत्रीय लेखपाल सौरव कुमार मौजूद रहे। आगजनी की घटना के दौरान महिलाएं रोती बिलखतीं और किस्मत को कोसती नजर आई।

# चार पहिया वाहन का शीशा तोड़कर अंदर के पार्ट्स चोरी



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने चार पहिया गाड़ी का शीशा तोड़कर अंदर के पार्ट्स चोरी कर लिये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र प्रताप सिंह पुत्र चंद्रकुमार सिंह निवासी लाल दरवाजा का निवासी है। उसने कहा कि दिनांक 26 दिसंबर की रात 12 बजे के बाद मेरी गाड़ी इर्टिगो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यू.पी.76एएल4259 है। मेरे घर के पास खड़ी थी। जिसमें रात 12 बजे के बाद गाड़ी की खिड़की का शीशा तोड़कर चोर अंदर के पार्ट्स चोरी कर ले गये। जबकि रात में हम गाड़ी सही सलामत खड़ी कर घर चले गये थे और सुबह देखने पर गाड़ी का शीशा टूटा मिला और गाड़ी के अंदर कुछ पार्ट्स चोरी मिले। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# दृष्टि दोष से पीड़ित बच्चों को वितरित किये गये चश्मे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दृष्टि दोष पाये गये छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्में का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल भारद्वाज के द्वारा विद्यालय में दृष्टि दोष पाए गए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया।



बच्चों को चश्मे का वितरण करते अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा व कमल भारद्वाज आदि

अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा ने कहा कि आजकल के मशीनरी युग में छोटे-छोटे बच्चों की दृष्टि खराब हो रही है। इसका मुख्य कारण गलत खानपान तथा मोबाइल व टीवी शामिल हैं। बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है। जिससे उनकी आंखें जल्दी खराब होने लगती हैं और वह चश्मा लगाने लगते हैं। आंखों की देखभाल जरुरी है, क्योंकि आंखें ही हमें दुनिया की हर चीज का एहसास कराती हैं। इस दौरान नेत्र परीक्षण अधिकारी रतन देव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेम सिंह लोधी एवं स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ईओ ने पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान, वसूला जुर्माना

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान के तहत व अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा तहसील रोड, जामा मस्जिद चौराहा से बजरिया राधा कृष्ण, श्यामा गेट, मुख्य चौराहा, मछली मंडी रोड, लाल कुआँ मुख्य मार्ग में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

जिसमें गिरीश चंद्र, राजीव, रजत शाक्य, रोहित गुप्ता व धर्मपाल द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथीन व डिस्पोजल मैटेरियल उपयोग करने पर 6000/-रुपया का जुर्माना वसूल करते हुए प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई तथा भविष्य में उन्हें प्रतिबंधित पॉलीथिन उपयोग न करने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई। अभियान में कुल 10 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन व डिस्पोजल मैटेरियल जब्त किया गया। जिसके सापेक्ष 6000/-रुपया जुर्माना वसूला गया।



दुकान से पॉलीथिन जब्त करते नगर पालिका के कर्मचारी व ईओ आदि

अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, राजस्व निरीक्षक अंशुमन शुक्ला, सफाई नायक सुभाष चंद्र, टैक्स अमीन बादशाह, सहायक लिपिक अरशद व धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# अमृतपुर विधनसभा में सेक्टर स्तरीय पीडीए की जनचौपाल आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम के लिए सेक्टर व जोनल प्रभारी नियुक्त कर कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसी के तहत डॉ. जितेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रत्याशी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी के सहभागिता कार्यक्रम 193 विधानसभा अमृतपुर में सेक्टर स्तरीय पीडीए जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर व अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप भोला यादव द्वारा दी गयीजानकारी के अनुसार 28 दिसंबर दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे सेक्टर चपरा बूथ संख्या-1 से 9 तक जिसके सेक्टर प्रभारी कृपाल सिंह व जोनल प्रभारी डॉ0 समरपाल सिंह राजपूत को बनाया गया है। यह कार्यक्रम उ0मा0वि0 रतनपुर पमारान में अपराहन 2 बजे सेक्टर कुबेरपुर कुड़रा बूथ संख्या-10 से 21 तक सेक्टर प्रभारी मुनीपाल सिंह, जोनल प्रभारी शिवदेश यादव कार्यक्रम स्थल पिथनापुर, अपराहन 3 बजे बूथ संख्या-3 मुजहा, बूथ संख्या 22 से 31 तक सेक्टर प्रभारी निर्वाहन सिंह, जोनल प्रभारी शिवदेश यादव प्रधान कार्यक्रम स्थल करनपुरदत्त ब्लाक राजेपुर में आयोजित होगा।

# ई-रिक्शा साइड में करने की बात कहने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रास्ते में खड़े ई-रिक्शा साइड में करने की बात कहने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये परिजनों को भी पीटा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालबाग हमीरपुर निवासी नूर मोहम्मद उम्र 27 पुत्र मोहम्मद शमीम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि आज जुमे के दिन वह मस्जिद में नमाज अदा करके घर जा रहा था, तभी रास्ते में गाँव के इदरीश पुत्र शफी उर्फ लल्ला ने रोड पर अपना ई-रिक्शा खड़ा कर दिया। नूर मोहमद ने ई-रिक्शा साइड से खड़ा करने को कहा। इसी बात को लेकर इदरीश पुत्र शफी उर्फ लल्ला व फयाजुद्दीन ने परिवार के साथ मिलकर नूर मोहम्मद को गिराकर लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। बेटे को पिटता देख पिता मोहम्मद शमीम बीच बचाव के लिए आये। उक्त लोगों ने भी उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नूर मोहम्मद का मेडीकल परीक्षण कराया।



घटना की जानकारी देता पीड़ित

# शराबी उपभोक्ता ने लाइनमैन के साथ की मारपीट



घटना की जानकारी देता पीड़ित लाइनमैन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज में बकाया बिजली बिल वसूली एवं बिल सुधार को लेकर सरकार द्वारा बिजली विभाग को निर्देशित किया गया है कि वह उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी दें और किस्तों के रूप में बिल जमा करायें। जिससे अधिक से अधिक बकायदारों से बिल वसूली हो सके और किसी को असुविधा भी ना हो। इसी क्रम में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने थाना क्षेत्र के ग्राम गंगागंज में कैंप लगाकर अपने कार्य को अंजाम देने के लिए उपभोक्ताओं के घर-घर सूचना देना शुरू कर दिया। जिसके चलते संविदा कर्मचारी लाइनमैन प्रवेश गांव के एक उपभोक्ता के यहां बिल जमा करने की सूचना दे रहा था। उसी समय अंदर से निकले शराब के नशे में उपभोक्ता ने लाइनमैन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जिसकी जानकारी जेई शिवम तिवारी को दी गई।

- सूचना पर पहुंचे जेई ने केबिल काटकर जब्त किया मीटर

वह मौके पर पहुंचे और बकायेदार की केबिल काटकर मीटर जब्त कर लिया। हमले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके। विद्युत विभाग के के जेई शिवम तिवारी ने बताया है कि संविदा लाइनमैन प्रवेश पर गांव के व्यक्ति के द्वारा हमला किया गया। हम लोग सूचना पर पहुंचे।



बच्चों को जानकारी देते चौकी इंचार्ज

## बढ़ते साइबर क्राइम व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु गोष्ठी सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीवी विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में बदले हुए साइबर क्राइम और बालक-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मन्डी समिति चौकी इन्चार्ज अवधेश के द्वारा बच्चों को विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आजकल विभिन्न रूपों में मोबाइल फोन और इण्टरनेट के द्वारा लोगों को ठगा जा रहा है। इससे बचने के लिए उन्होंने अनेक उपाय और सजग होने पर जोर दिया। ओटीपी को अन्जाम व्यक्ति से साझा न करें। अन्जान कॉल को यथा सम्भव न उठायें। यदि ऐसे कॉल से आपको परेशान, डराने का प्रयास किया जाता है तो तुरन्त हेल्पलाइन 112 या 1930 पर फोन करें। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए भी जानकारी प्रदान की। इस अभियान में कायमगंज के दो अन्य पुलिसकर्मियों ने भी सहयोग किया। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चे, शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने सहयोग के लिए सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

# मानव तन की प्राप्ति ईश्वर को प्राप्त करना है: साध्वी उज्जवला



हरिकथा संकीर्तन के दौरान मौजूद भक्तगण व साध्वी आदि

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

गाँव त्योरखास में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग एवं हरिकथा संकीर्तन में प्रथम दिवस की कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में साध्वी उज्जवला भारती, साध्वी वेकाणी भारती, साध्वी सुशीला भारती ने दिव्य सुमधुर भजनों, प्रवचनों से ग्रामीणों को आत्मचिंतन कर भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित किया। साध्वी उज्ज्वला भारती ने बताया मानव तन की प्राप्ति ईश्वर को प्राप्त करना है। ईश्वर को पाने के लिए परमगुरु से ब्रह्म ज्ञान द्वारा ईश्वर दर्शन परम् आवश्यक है। मानव जीव के अलावा कोई दूसरा जीव ईश्वर की भक्ति नहीं कर सकता, क्योंकि वह अपने कर्मों के अनुसार भोग भोगने के लिए बाध्य है, लेकिन अगर जीव भगवान की भक्ति के लिए आगे बढ़ता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। साध्वी वेकाणी भारती के भजनों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलायें और पुरुष श्रोता मौजूद रहे।

# रोजगार के लिए युवाओं को मिलेगा पांच लाख का ऋण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमि विकास अभियान योजना के अन्तर्गत युवाओं को 5 लाख तक का ऋण दिया जायेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने जारी विज्ञप्ति कर बताया कि शासनादेश के नियमानुसार आईटीआई पास आउट एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को जिनकी आयु 21 से 40 वर्ष है उनको स्वरोजगार सृजन के लिए 5 लाख तक का ऋण दिया जायेगा।

इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें और ऑन लाइन रोजगार के लिए आवेदन करें। जिसका प्रिंटआउट लेकर विद्यालय पहुंचे। अनुदेशक रंजीत कुमार सुमन युवाओं को ऋण दिलाने हेतु सहयोग करेंगे।

# जाति विशेष के युवक को पांचाल घाट पुल पर लघुशंका करते पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां भागीरथी को स्वच्छ बनाने के लिए जहां हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं कुछ जाति विशेष के लोग मां गंगा को दूषित करने में लगे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार को पांचाल घाट पुल पर देखने को मिला।

जहां एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन से रुका और पांचाल घाट पुल पर खड़े होकर लघुशंका करने लगा। इस कृत्य को कई लोगों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। इस घटना को विपिन अवस्थी जिलाध्यक्ष हिन्दू रक्षा मंच ने देखा। उन्होंने बताया कि पांचाल घाट स्थित सत्यगिरि महाराज आश्रम से वापस आ रहे थे, उसी समय उन्होंने देखा कि एक चार पहिया वाहन में सवार दो युवक फरजान अंसारी पुत्र सलीम अंसारी निवासी शाहाबाद हरदोई जो पुल पर खड़े होकर लघुशंका करने लगा, मैं जब इसका विरोध किया, तो युवक के साथी रिजवान पुत्र बहबूद खान निवासी शाहाबाद हरदोई दोनों मिलकर गाड़ी भगा ले गये। इसके बाद हमारे साथी विपिन चौहान और हमने पीछा करके चाचूपुर के पास पुनः पकड़ लिया और चौकी पर चलने को कहा।



पांचाल घाट पर लघुशंका करता युवक

इसके बाद कुछ साथियों के सहयोग से पांचालघाट चौकी पर लेकर आया। चौकी प्रभारी ने कार्यवाही करने की बात कही।

# सेन्ट एन्थोनी स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेन्ट एन्थोनी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल छावनी फतेहगढ़ में मास्टर ट्रेनरों/विशेषज्ञों को विशेष प्रशिक्षण व मार्गदर्शन का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज तथा सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली द्वारा सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षिण शिविर का प्रारम्भ सीबीएसई प्रयागराज के प्रशिक्षण प्रकल्प के सीईओ डॉ. अखिलेश कुमार तथा प्रधानाचार्य फादर जोबी जोजफ ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के प्रथम सेशन में विभिन्न जनपदों हरदोई,



शिविर में मौजूद शिक्षकगण व अन्य

शाहजहांपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, अमेठी, सीतापुर, सोनभद्र, रायबरेली, इटावा, कानपुर, गोण्ड़ा, प्रयागराज, फर्रुखाबाद आदि से आये सीबीएसई स्कूलों के लगभग 54 मास्टर ट्रेनरों/विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। ट्रेनरों/विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने के लिए सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली से उमेश चन्द्रा, पुष्पेन्द्र शर्मा, डॉ. प्रेरणा मित्रा तथा राजीव मोहन पाण्डेय ने प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला, साथ ही प्रशिक्षण को कैसे सरल व रोचक बनाये जिससे कि सभी शिक्षकों को आसनी से उनकी बात समझ में आये इस पर मार्गदशन दिया।

प्रशिक्षण का मुख्य फोकस एनईपी-2020 को कैसे नये शिक्षण के वार्तावरण में समाहित किया जाए, जिससे शिक्षा के साथ बच्चों के हुनर को बाहर लाकर जीविकोपार्जन के साधन पैदा किये जा सके। साथ ही एआई के अत्याधिक प्रयोग से शिक्षण की बदलती हुई पद्धति को समय रहते परिवर्तित कैसे किया जाए इस पर भी बल दिया। फादर जोबी जोजफ ने बताया कि से सभी ट्रेनरों/विशेषज्ञ यहीं से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने जनपदों में जाकर विभिन्न सीबीएसई के विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्य करेगें।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। डॉ. मनमोहन सिंह की आकस्मिक निधन पर कांग्रेस में शोक की लहर दौड़ गयी। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कहा कि नरसिम्हा रॉव की सरकार में वह वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। उनके द्वारा कई ऐसे कार्य किये गये जो आज प्रेरणा दायक है। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी के साथ भी वह वित्त के


पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

क्षेत्र में कार्य कर चुके है। 10 साल तक प्रधानमंत्री रहते हुए देश का कुशल नेतृत्व किया। उनकी सादगी के सभी लोग कायल थे। उनके आकस्मिक निधन पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की। 92 वर्षीय डॉ. मनमोहन सिंह ने अंतिम सांस बुधवार की रात्रि 9:52 मिनट पर ली। देश के विभिन्न नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक रखा गया। नगला दीना स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर वरुण त्रिपाठी, अरुण अग्निहोत्री, हिलाल शफीकी, धर्मेंद्र शाक्य, मनोज कुमार, अंकित पाठक आदि मौजूद रहे।

# कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में लगाई गई पीडीए जागरूकता चौपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर पर की गई अपमान जनक टिप्पणी के खिलाफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जागरूकता चौपाल का आयोजन सेक्टर न. 1 बहबलपुर के ग्राम शाहीपुर में नरेंद्र यादव व प्रशांत यादव एवं सेक्टर न.-2 सिवारा के ग्राम गौरखेड़ा में आयोजक सुनील माथुर के द्वारा किया गया।

दोनों चौपाल सभाओं को संबोधित करते हुए प्रभारी सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि भारत के गृहमंत्री का अपमान जनक बयान उनकी पीडीए समाज के प्रति घ्रणित मानसिकता का परिचायक है। उनकी ओछी हरकत से सारा देश


अमित शाह का विरोध करते समाजवादी आदि

आंदोलित और आक्रोशित है। बाबा साहेब के सम्मान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। भारत की 90 फीसदी आबादी उन्हें अपने मुक्तिदाता के रुप में भगवान से बड़ा दर्जा देती है। प्रदेश में अखिलेश यादव पीडीए के महानायक बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में हमें भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। इस दौरान दुर्गेश जाटव, प्रताप सिंह राणा, सर्वेश जाटव, राजपाल यादव, संजय यादव, अशोक अम्बेडकर, दिलीप यादव, अजय यादव, जबर सिंह शाक्य, शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत कर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को ग्राम पसियापुर निवासी अजय पुत्र नन्हे छेड़छाड़ कर रहा था।

जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट कर धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 74/115(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# सपा महानगर अध्यक्ष ने केक काटकर मनाया जनपद का स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में त्रिपोलिया चौक पर केक काटकर फर्रुखाबाद की वर्षगांठ मनायी गई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने कहा कि मैं चाहता हूं कि जनपद को विकास मिलना चाहिए।

भाजपा के जनप्रतिनिधि को दिखायी नहीं दे रहा है कि विकास न हो पाने के कारण आज दूसरे जनपद में फर्रुखाबाद के युवा भटक रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 में प्रचण्ड बहुमत के साथ सपा की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव पुनः मुख्यमंत्री बनेगें। साथ ही उन्होंने


केक काटकर जनपद का स्थापना दिवस मनाते सपाई

राहगीरों को भी केक खिलाकर फर्रुखाबाद की वर्षगांठ की बधाई दी। इस मौके पर प्रवेश कटियार, अमित यादव, रजत क्रांतिकारी, खुर्शीद खां, वीना शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, पंकज गुप्ता, गौरव सक्ससेना, अमित यादव खंडिया, हाशिम, तनिष्क गुप्ता, अमन भारद्वज, सीताराम खंडेलवाल, अभिषेक गुप्ता, विमल गुप्ता, हरिओम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ बिताए पल

**बाराबंकी।** शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर दिव्यांग बच्चों को समाज से जोड़ने एवं उन्हें शिक्षित करने का प्रयास सराहनीय है। उक्त विचार जनपद न्यायाधीश मा0 पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को देवा रोड स्थित उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल एव रीहेब्लिटेशन सेंटर पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के साथ महत्वपूर्ण पल बिताए।

जनपद न्यायाधीश ने स्पेशल एजुकेशन, पोशचरल थेरेपी, फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी, वोकेशनल थेरेपी के बच्चों से मिलकर उनके बारे में संस्था की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव से विस्तार पूर्वक बच्चो के मे जानकारी प्राप्त की। श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव ने जनपद न्यायाधीश को दिव्यांग बच्चों की समस्याओं एवं उनके निदान के बारे में अवगत कराया।

# बोरिंग टेक्नीशियन लघु सिंचाई विभाग की कार्यकारिणी गठित


नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसोशिएसन बोरिंग टेक्नीशियन लघु सिंचाई विभाग का अधिवेशन फतेहगढ़ स्थित एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। सर्व सम्मति से निर्विरोध जनपद कार्यकारणी का गठन चुनाव अधिकारी/अवर अभियंता सिंचाई लघु अशोक कुमार के मध्य सम्पन्न हुआ। जिसमें निम्न पदों पर संघ के सदस्यों का निर्वाचन हुआ है। धर्मवीर कटियार को अध्यक्ष व विनीत कुमार त्रिपाठी को मंत्री का दायित्व दिया गया। नितिन कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही संगठन का कोषाध्यक्ष मोहित दुबे एवं अम्बे भारद्वाज को संप्रेक्षक बनाया गया। इस अवसर पर सदस्य अमिकेश रंजन, जय सिंह कुशवाह, गीतांजलि, मांसी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर नाइट क्लब कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाने की मांग

## ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति से हो रहा खिलवाड़: अंकित गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नव वर्ष के उपलक्ष्य में बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में नाइट क्लब पार्टी के आयोजन किया जा रहा है। आयोजनकर्ता सनातन धर्म व हमारी संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है। जिसके विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री अंकित गुप्ता ने साथियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर नाइट क्लब कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर बढ़पुर स्थित मधुर मिलन गेस्ट हाउस में आगामी 31 दिसंबर नव वर्ष के उपलक्ष में एक नाइट क्लब पार्टी का आयोजन किया जा रहा है, जो कि हमारे सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाएगी। जनपद में दिल्ली-मुंबई की


ज्ञापन सौंपते अंकित गुप्ता मौजूद अन्य

तर्ज पर कोई भी नाइट क्लब प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति पर संचालित नहीं है फिर मधुर मिलन गेस्ट हाउस संचालक 31 दिसंबर की रात्रि को 500 प्रति युवक-युवतियों से टिकट के रूप में लेकर इस नाइट क्लब पार्टी का संचालन करने की योजना बना रहे हैं। नाइट क्लब पार्टी से यातायात व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जो धर्म विरुद्ध है। पांचाल नगर की धरती पर इस तरह के नाइट क्लब कार्यक्रम जोकि साफ तौर पर सनातन धर्म को आघात पहुंचाने के बराबर है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रात्रि में 10 बजे के बाद डीजे बजाना भी बैन है, उसके बाद भी मधुर मिलन गेस्ट हाउस कार्यक्रम करा रहा है एवं शहर में 31 दिसंबर की रात्रि में फुल डीजे नाइट क्लब पार्टी का आयोजन होगा। जो की शासन की मंशा के अनुरुप बिल्कुल नहीं है। कार्यक्रम पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की गई है।

# इकलाख खां को फिर मिली व्यापार मण्डल नगर की कमान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के नगर अध्यक्ष का दायित्व पुनः इकलाख खां को मिल गया है। व्यापारी नेता अनुपम रस्तोगी जोर लगाते रह गये और जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों से नगर अध्यक्ष बनने की पैरवी ही कराते रह गये तब तक इकलाख को प्रदेश अध्यक्ष ने पुनः नगर अध्यक्षी का दायित्व सौंप दिया है। पिछले 6 माह से लगातार इकलाख ने मेहनत करते हुए नगर में सदस्य बनाये। जिस कारण उन्हें इस दायित्व को पुनः सौंपा गया है, जबकि नगर अध्यक्षी के दावेदार के रुप में पहले राजू गौतम का नाम चला, बाद में राजीव गुप्ता, फिर अनुपम रस्तोगी


इकलाख खां

का नाम चला। सभी को पछाड़ते हुए इकलाख खां नगर अध्यक्ष बनने में पुनः कामयाब रहे। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना को महामंत्री का पुनः दायित्व मिल गया है। जिसका मनोनयन पत्र प्रदेश कार्यालय से प्राप्त हो चुका है। 29 दिसम्बर को रेलवे रोड स्थित अनन्त होटल में 2 बजे पदाधिकारियों की घोषणा के साथ नगर अध्यक्ष इकलाख खां को जिलाध्यक्ष ताजपोशी सौंपेगें। जिसकी तैयारियां जोरों पर है।

# ओवरलोड ट्रक से नायब तहसीलदार की गाड़ी पर गिरी गन्ने फांदी, बाल-बाल बचे

**अपने पर आयी तो एक्शन में दिखायी दिया प्रशासन, कई वाहन पकड़े**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के द्वारा जिले में ओवर लोड वाहनों पर कारवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारियों की मिली भगत के कारण पूर्ण रुप से इन पर अंकुश नहीं लग रहा है, जिससे आये दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है। गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक मौत बनकर दौड़ रहे हैं। जिसके कारण राहगीरों पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार अनवर हुसैन किसी काम से क्षेत्र में जा रहे थे।

उसी दौरान ओवरलोड ट्रक से गन्ने का गट्ठर कार के ऊपर आ गिरा। जिस कारण नायब तहसीलदार की कार पलटते-पलटते बची और वह बाल-बाल बच गये। इसके बाद तहसीलदार एक्शन में दिखायी दिये और दर्जनों ट्रक पकड़ कर तहसील गेट पर खड़े कर दिए।

नायब तहसीलदार द्वारा गन्ने से लदे वाहनों को पकड़ लेने की जानकारी जैसे ही गन्ना विभाग के अधिकारियों को लगी, वैसे ही पहुंच गये। यह तो एक अधिकारी की जान पर आ बनी तो कार्यवाही याद आयी लेकिन आम नागरिक जो आये दिन इन वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाते है, कई लोग अपनी जान भी गवां चुके


तहसील के सामने ओवरलोड ट्रक

है, लेकिन अधिकारियों को उनकी कोई परवाह नहीं और न ही कोई अधिकारी आया। आज जब नायब तहसीलदार इसकी चपेट में आ गये तो उन्हें भी ओवरलोड वाहन दिखायी देने लगे। जबकि वह इसी मार्ग से एक नहीं कई बार अपने वाहन से आवागमन करते है, लेकिन उन्हें गन्ने लदे ओवर लोड वाहन नहीं दिखायी दिये। यही हाल एआरटीओ परिवर्तन का है। देखा जाये इन सबके लिए कोई एक अधिकारी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए जिन मार्गों से यह ओवरलोड वाहन गुजरते है उनके पड़ने वाले थाना चौकी भी उतनी ही जिम्मेदार है। इन्हें भी यह वाहन नहीं दिखायी देते है। नीचे से लेकर ऊपर तक सभी अंजान बने हुए है। जबकि शासन के सख्त निर्देश है कि कोई भी ओवरलोड वाहन मार्ग से नहीं गुजरे और जो वाहन जिस कार्य के लिए अधिकृत है उस वाहन से वही कार्य किया जाये।

कुछ ट्रैक्टर ट्राली ने ट्राला का रुप ले रखा है जो पूर्ण रुप से प्रतिबंधित है, लेकिन उसके बावजूद आप को खुलेआम क्षमता से कई गुना अधिक माल लादकर सड़क से गुजरते दिखायी देगें। जिन्हे कार्यवाही करनी है उन्हें क्यूं नहीं दिखायी देते है अब यह तो जिम्मेदार अधिकारी ही जाने।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर अनुस्वी दीक्षित ने जनपद का नाम किया रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर 24 वर्षीय छात्रा ने परिवार व जनपद का मान बढ़ाया है। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नई कॉलोनी भोलपुर निवासी अनुस्वी दीक्षित पुत्री रघवेंद्र दीक्षित ने 24 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि अपने पैतृक ग्राम अमृतपुर और जनपद का नाम रोशन किया है। अनुस्वी की इस सफलता ने अपने परिवार को गर्व से भर दिया है। अपने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर अनुस्वी ने यह मुकाम हासिल किया है। बताते चले कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा को भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में


अनुस्वी दीक्षित

से एक माना जाता है और इस उम्र में इसे पास करना उनकी असाधारण प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, मित्रों और परिचितों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। रघवेंद्र दीक्षित और मीना दीक्षित ने कहा कि अनुस्वी ने जिस तरह से अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है, उस पर हमें बेहद गर्व है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि समर्पण और कठिन परिश्रम से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

## सीएचसी में जिला अस्पताल की तरह स्वास्थ्य सुविधायें दी जाए

**जालौन ,उरई।** तहसील क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं।

सीएचसी में जिला अस्पताल के समान सुविधाएं बढ़ाने और भवन का क्षेत्रफल बढ़ाने की मांग नगरवासियों ने क्षेत्रीय सांसद व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है। अधिवक्ता उमेश दीक्षित, अशफाक राईन, विपुल दीक्षित, महेंद्र शिवहरे आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर लिखा कि जालौन तहसील का काफी बड़ा क्षेत्रफल है जिसमें लगभग 220 गांव आते हैं। जबकि नगर में एक लाख से अधिक जनसंख्या यहां निवास करती है।

# युवक की जेब में तमंचा कारतूस डालने पर छह पर मुकदमा दर्ज

**आरोपी को किया गया गिरफ्तार**

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों द्वारा युवक के साथ मारपीट कर उसकी जैकेट की जेब में 315 बोर तमंचा व कारतूस डालकर फंसाने के उद्देश्य से भाग जाने पर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के बदनपुर निवासी सोनप्रताप पुत्र रामअवतार ने थाना राजेपुर पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि छह अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एकराय होकर मुझे पकड़ लिया और गालिया देने लगे। मना करने पर मुझे जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरु कर दी। चीखपुकार करने पर मेरी जैकेट की जेब में 315 बोर तमंचा व एक कारतूस डालकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धारा 191(2), 115(2), 352/351(2) व 3/25 एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। पीड़ित द्वारा बताये गये हुलिया के अनुसार पुलिस ने एक आरोपी भोला पुत्र नानकचन्द्र निवासी चाचूपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# अभियान के तहत आबकारी टीम ने छापेमारी करके 150 किलोग्राम लहन को किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी टीम ने संदिग्ध ग्राम में दविश देकर 150 किलो लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं टीम ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र राजेश कुमार चौबे ने अपने मय स्टाफ एवं कोतवाली कायमगंज पुलिस ने ग्राम रूटौल एवं नरसिंहपुर में दबिश दी। टीम ने छापेमारी कर लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस दौरान टीम ने 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। टीम


लहन नष्ट करती टीम

ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। टीम ने स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा व पीओएस मशीन से बिक्री का परीक्षण किया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य का नारा बुलंद कर पदयात्रियों का किया स्वागत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में बुंदेलखंड क्षेत्र में गांव-गांव पांव-पांव यात्रा का दूसरे दिन नगर पंचायत एट में जैसे ही पैदल भ्रमण शुरू हुआ तो बड़ी संख्या में नगरवासियों में सहभागिता करते हुये नारा लगाया सौ बीमारियों का एक इलाज पृथक बुंदेलखंड राज्य हर व्यक्ति की जुबान पर आ गया। पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिये जनसमर्थन जुटाने की मंशा से निकाली जा रही पद यात्रा में शामिल लोगों ने नगर के महारानी बाई इंटर कालेज में महारानी बाई की प्रतिमा का अनावरण किया।

इसके बाद पद यात्रा की शुरूआत तो नगरवासियों के साथ व्यापारियों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। नगर पंचायत एट में मिले व्यापक जनसमर्थ पर पद यात्रा की अगुवाई कर रहे राजा बुंदेला ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुये एक बार फ्रि से नारा बुलंद किया 100 बीमारियों का एक इलाज पृथक बुन्देलखण्ड राज्य आम जन के बीच गुंजायमान हो गया। इसके बाद पदयात्रा धगुवां कलां होती हुई बैरागढ़ में शक्ति पीठ के दर्शन के उपरांत, सिमिरिया, पनयारा, चमरसेना पहुंची सभी गांवों के ग्राम प्रधानों ने लिखित तौर पर पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए समर्थन पत्र दिया।

# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

- भारतीम महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 5 विकेट से हराया, तीन मैचों की श्रृंखला में किया क्लीन स्विप
- दीप्ति शर्मा ने झटके 4 विकेट, रेणुका को मिली 4 सफलता



**3-0 से सीरीज जीती**

एजेंसी, वडोदरा।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। वेस्टइंडीज की इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन पर सिमट गई, जवाब में भारतीय टीम ने 28.2 ओवर में 5 विकेट पर 167 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। भारत ने पहला वनडे मैच 211 रन और दूसरा 115 रन से जीता था।

163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और केवल 23 रनों के स्कोर पर स्मृति मंधाना (04) और हरलीन देओल (01) पवेलियन लौट गईं। 55 के कुल स्कोर पर प्रतीका रावल (18) को हेली मैथ्यूज ने पवेलियन भेज भारत को तीसरा झटका दिया। 73 के कुल स्कोर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर को एफी फ्लेचर ने बोल्ड कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। हरमनप्रीत ने 22 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 32 रन बनाए।

यहां से जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी कर भारत स्कोर 129 तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर करिश्मा रामहरक ने जेमिमा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। जेमिमा ने 29 रन बनाए। इसके बाद दीप्ति और रिचा घोष ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 28.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाकर जीत दिला दी। रिचा ने छक्का लगाकर मैच का समापन किया।

दीप्ति 48 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 39 और रिचा 11 गेंदों पर 1 चौके और 3 छक्के की बदौलत 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। दीप्ति शर्मा (6 विकेट और 39 रन) को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और रेणुका सिंह ठाकुर को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

### वेस्टइंडीज की टीम 162 पर सिमटी, दीप्ति ने लिये 6 विकेट

इससे पहले दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को 38.5 ओवर में केवल 162 रनों पर समेट दिया। दीप्ति ने 6 और रेणुका ने 4 विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से चिनेल हेनरी ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 61 और शेमाइन कैम्पबेल ने 46 रन बनाए। इन दोनों के अलावा आलियाह एलीने ने 21 रन बनाए। वेस्टइंडीज के बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

# उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय पोत के नौ सदस्यों को आईसीजी ने बचाया

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने उत्तरी अरब सागर में डूब रहे भारतीय पोत एमएसवी ताज धारे हरम के चालक दल के नौ सदस्यों को बचा लिया है।

ख़ास बात यह रही कि इस खोज और बचाव मिशन में भारतीय तटरक्षक बल के साथ पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (एमएसए) ने सहयोग किया। दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) ने भी पूरे ऑपरेशन के दौरान निरंतर संवाद बनाए रखा। बचाए गए चालक दल को गुजरात के पोरबंदर तट पर लाया गया है। दरअसल, गुजरात के मुंद्रा से रवाना होकर यमन के सोकोत्रा की ओर जाने वाला यह जहाज 26 दिसंबर को समुद्र की लहरों और बाढ़ की वजह से पाकिस्तान के खोज और बचाव क्षेत्र में बुरी तरह प्रभावित हुआ।



- पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने खोज और बचाव मिशन में दिया पूरा सहयोग

नियमित निगरानी उड़ान के दौरान आईसीजी डोर्नियर विमान को इस संकट की जानकारी मिली, जिसके बाद मुंबई और गांधीनगर के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र ने आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) को तुरंत सतर्क कर दिया। उत्तरी अरब सागर में पहले से ही गश्त कर रहे आईसीजीएस शूर को घटनास्थल पर तेज रफ्तार से बताए गए स्थान के लिए रवाना किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में नाविकों को सतर्क करने के लिए पाकिस्तान के एमआरसीसी से भी संपर्क करके तुरंत सहायता देने का आग्रह किया गया। गहन खोज के बाद चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाकर एक लाइफ राफ्ट (जीवन रक्षक बेड़े) पर लाया गया, जो जहाज को छोड़कर शरण ले रहे थे। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय जहाज ताज धारे हरम के नौ भारतीय चालक दल के सदस्यों को गुजरात के पोरबंदर से लगभग 311 किलोमीटर पश्चिम में सफलतापूर्वक बचा लिया। चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में चलाए गए खोज और बचाव मिशन ने मुंबई और कराची, पाकिस्तान के समुद्री बचाव समन्वय केंद्रों (एमआरसीसी) के बीच असाधारण सहयोग को प्रदर्शित किया।

# के अन्नामलाई ने डीएमके सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, खुद को मारे कोड़े

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।

तमिलनाडु की अन्ना यूनिवर्सिटी में हुई घटना से वहां की राजनीति गरमा गई है। यहां एक इंजिनियरिंग छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को डीएमके सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कोयंबटूर स्थित अपने आवास के बाहर खुद को कोड़े मारे।

अन्नामलाई ने डीएमके सरकार पर आरोप लगाया कि चेन्नई में अन्ना यूनिवर्सिटी के छात्राओं की सुरक्षा करने में राज्य सरकार विफल रही है। अन्नामलाई ने 48 दिनों तक उपवास करने की शपथ भी ली। इसके साथ उन्होंने कसम खाई कि जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक वे जूते नहीं पहनेंगे। राज्य के बिगड़ते शासन के बारे में मुरुगन से शिकायत करने के लिए छह अरुपदाई वीडू (भगवान मुरुगा के छह निवास) जाने की योजना की घोषणा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर सरकार की आलोचना की और महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड के राज्य द्वारा उपयोग पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एफआईआर में पीड़िता की पहचान उजागर कर दी गई है और उसे गलत तरीके से पेश किया है, यह शर्मनाक है। उन्होंने मिडिल क्लास के लोगों से आग्रह किया कि डीएमके सरकार के खिलाफ आवाज उठाएं।



## भारत में अमेरिकी दूतावास ने तोड़ा रिकॉर्ड

# लगातार दूसरे साल दस लाख वीजा किए जारी

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत में अमेरिकी दूतावास और उसके वाणिज्य दूतावास ने लगातार दूसरे वर्ष दस लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीज़ा जारी करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह भारतीय नागरिकों की पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा उपचार और अन्य उद्देश्यों के लिए अमेरिका यात्रा को रेखांकित करती है। गैर-आप्रवासी वीज़ा इन तमाम यात्राओं के लिए अमेरिका में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है।

अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है और 2024 के पहले 11 महीनों में दो मिलियन से अधिक भारतीयों ने अमेरिका की यात्रा की है, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि है। पांच मिलियन से अधिक भारतीयों के पास पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका जाने के लिए गैर-आप्रवासी वीज़ा है और मिशन प्रत्येक दिन हजारों और लोगों को जारी करता है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने इस वर्ष अमेरिका में एच-1बी वीजा को नवीनीकृत करने के लिए एक सफल पायलट कार्यक्रम पूरा किया। इसने भारत के कई विशेष व्यवसाय श्रमिकों को संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़े बिना अपने वीजा को नवीनीकृत करने की अनुमति दी। इस पायलट कार्यक्रम ने हजारों आवेदकों के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया, और विदेश विभाग 2025 में औपचारिक रूप से अमेरिका-आधारित नवीनीकरण कार्यक्रम स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। अमेरिकी मिशनों ने हजारों अप्रवासी वीजा भी जारी किए हैं, जिससे कानूनी रूप से परिवार के पुनर्मिलन और कुशल पेशेवरों के प्रवास की सुविधा मिली है। ये अप्रवासी वीजा धारक स्थायी निवासी बन गए हैं। बयान में कहा गया कि अमेरिकी मिशन ने भारत में रहने और यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों को 24,000 से अधिक पासपोर्ट और अन्य कांसुलर सेवाएं भी प्रदान की हैं। दूतावास ने 3 लाख से अधिक भारतीय छात्रों को अमेरिकी छात्र वीज़ा भी जारी किया है, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। अमेरिकी मिशन ने कहा कि 2024 में भारत 2008/2009 शैक्षणिक वर्ष के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला सबसे बड़ा देश बन जाएगा, जिसमें कुल मिलाकर 331,000 से अधिक छात्र अमेरिका में अध्ययन कर रहे हैं।




# श्रीनगर और कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी



- पर्यटक हुए खुश, रात के तापमान में गिरावट, कई रणनीतिक सड़कें हुईं बंद

एजेंसी, श्रीनगर।

श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य मैदानी इलाकों में शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई है, जिससे लंबे समय से चल रहा सूखा खत्म हो गया। डोडा, रामबन और किश्तवाड़ के कुछ हिस्सों से भी बर्फबारी की हुई है, जबकि जम्मू जिले के मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है। बर्फबारी के कारण दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू जिले के पुंछ और राजौरी जिले से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड, लद्दाख को जोड़ने वाली श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी रोड के अलावा सिंथन-किश्तवाड़ रोड और कोकरनाग-मारवा-वारवान रोड सहित कुछ रणनीतिक सड़कें भी बंद हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में लंबे समय से चल रहे सूखे के बाद मौसम की पहली बर्फबारी हुई है, जिससे पर्यटक काफी खुश हुए हैं। पर्यटक डल झील के किनारे फैशनेबल बुलेवार्ड रोड पर आलीशान हाउसबोट की पृष्ठभूमि में बर्फ के टुकड़ों का आनंद लेते हुए और जीवन भर के लिए यादगार तस्वीरें क्लिक करते हुए देखे गए।

# सुजुकी मोटर के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी का 94 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी, नई दिल्ली।



सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वैश्विक ऑटो उद्योग में एक आइकन रहे जापानी ब्रांड के पूर्व अध्यक्ष ने चार दशकों से ज्यादा समय तक संगठन का नेतृत्व किया। उन्होंने 2021 में 91 वर्ष की आयु में ब्रांड के अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी के सबसे बड़े बेटे तोशीहिरो सुजुकी के हवाले से जारी बयान के अनुसार ओसामु सुजुकी की मृत्यु 25 दिसंबर को घातक लिम्फोमा से हुई। 30 जनवरी, 1930 को जापान के गेरो में जन्मे ओसामु मात्सुदा विवाह के बाद 1958 में सुजुकी कंपनी से जुड़े। उन्होंने अपनी पत्नी का उपनाम लेते हुए एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की, जिसने सुजुकी मोटर को दुनिया भर में छोटी कारों और मोटरसाइकिलों में जाना-माना नाम बना दिया। अध्यक्ष के तौर पर उनके दो कार्यकाल शामिल हैं, जिससे वे वैश्विक ऑटोमेकर के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रमुख बने।

# कोलकाता के पार्क स्ट्रीट से बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप

एजेंसी, कोलकाता।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की पुलिस टीम ने गुरुवार देर रात पार्क स्ट्रीट के मार्क्विस स्ट्रीट इलाके से एक और बांग्लादेशी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय मोहम्मद अबीउर रहमान के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के नाराइल जिले के नूतनगंज का रहने वाला है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक आरोपित रहमान बिना वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुआ था। उस पर आरोप है कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के बाद उसने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार किए। पुलिस का कहना है कि वह इन फर्जी दस्तावेजों का उपयोग विभिन्न धोखाधड़ी और आपराधिक गतिविधियों के लिए करता था। इस मामले में लालबाजार पुलिस मुख्यालय ने आरोपित को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश में अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद देश में अराजकता की स्थिति पैदा हुई, जिसके कारण कई लोग अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में त्रिपुरा होते हुए कोलकाता आ रहे तीन बांग्लादेशियों को अगरतला स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। ये तीनों नोआखाली जिले के निवासी बताए गए। इसके अलावा महाराष्ट्र एटीएस ने हाल ही में मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और नासिक में छापेमारी कर 14 पुरुषों और तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया, जो अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में घुसे थे। वहीं, दिल्ली में भी फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहने के आरोप में 11 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया था।

कोलकाता पुलिस को शक है कि मोहम्मद अबीउर रहमान का संबंध फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले किसी बड़े गिरोह से हो सकता है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने भारत में कितने फर्जी दस्तावेज बनाए और उनका उपयोग किन-किन अपराधों में किया गया। मामले की जांच जारी है और पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी शुरू कर दी है।

# तलाक के बारे में बात करते हुए ईशा कोप्पिकर की आंखों में आ गए आंसू

मुंबई, एजेंसी।

ईशा कोप्पिकर ने पिछले साल अपने पति टिम्मी नारंग को तलाक दे दिया था। उन्होंने अपनी 13 साल की शादीशुदा जिंदगी तोड़ दी। ईशा की 7 साल की बेटी रिआना भी है। तलाक के लिए अर्जी देने से पहले ईशा ने बेटी के साथ टिम्मी नारंग का घर छोड़ दिया। तलाक के गम को पचा पाना ईशा के लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

इंटरव्यू में तलाक के बारे में बात करते हुए ईशा की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने भावुक होकर कहा कि हमारे बीच कोई लड़ाई नहीं थी लेकिन हम जानते थे कि हम धीरे-धीरे अलग हो रहे हैं। हमारी बेटी रियाना को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। फिर एक दिन हमारे तलाक की खबर आई। मैं और मेरी बेटी दुबई में थे। हम फ्लाइट में थे।



मैंने और टिम्मी ने पहले ही तय कर लिया था कि हम रियाना के सह-अभिभावक बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि टिम्मी घर आते हैं। हम अभी भी छुट्टियों पर जाते हैं। पार्टियों में जाते हैं। हम रिहाना के लिए यह सब करते हैं लेकिन अब हमारे पास कुछ नहीं है। मेरे माता-पिता ने हमें साथ रहने, चीजों को सुलझाने की कोशिश करने के लिए कहा था लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है। ऐसी कई चीजें होती हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। किसी रिश्ते में सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब कोई भी व्यक्ति साथ नहीं रहना चाहता हो।

# मेलबर्न टेस्ट : दूसरे दिन के खेल के बाद वाशिंगटन सुंदर ने कहा- हम वापसी करेंगे

एजेंसी, मेलबर्न।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मेलबर्न टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद, भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वापसी करने की टीम की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया है।

मैच के दूसरे दिन का अंतिम घंटा नाटकीय उतार-चढ़ाव से भरा रहा। दिन के अंत में कोहली के साथ हुई गलतफहमी के कारण जायसवाल 82 रन पर रन आउट हो गए। इसके बाद बोलैंड ने कोहली को भी चलता कर भारत को एक और करारा झटका दिया। इसके बाद नाइटवॉचमैन आकाश दीप भी शून्य पर आउट हो गए। 153/2 के शानदार स्कोर से भारत स्टंप तक 164/5 पर पहुंच गया। रोहित शर्मा की टीम ऑस्ट्रेलिया से 310 रन पीछे है, जबकि फॉलोऑन से बचने के लिए उसे 111 रन और चाहिए।




सुंदर ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम फिर से वापस आएंगे और कल सुबह भी संघर्ष जारी रखेंगे। ड्रेसिंग रूम में ऊर्जा बहुत अच्छी है। हम सभी सकारात्मक हैं। खेल में अभी बहुत समय बचा है। अभी तीन दिन और खेलने के लिए बहुत सारे ओवर बचे हैं। यह सिर्फ हमारे बारे में होगा कि हम वास्तव में कड़ी मेहनत करें और टीम के लिए काम पूरा करें। हम बड़े रन बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, खासकर जब विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी कर रहे थे।

तीन दिन शेष रहते तीनों ही नतीजे अभी भी संभव हैं। हालांकि, भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

# भारतीय नौसेना ने नौ खूंखार शिकारियों को किया ऑपरेशनल

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे जा रहे खूंखार शिकारी 24 एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों में से पहले नौ को बेड़े के जहाजों पर ऑपरेशनल कर दिया है। इन बहु भूमिका वाले हेलीकॉप्टरों ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत किया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी।

भारतीय नौसेना ने इसी साल 06 मार्च को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर दुनिया का शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करेगा। अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर हमारी समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा।

- एमएच 60आर हेलीकॉप्टर नौसेना की आंख, कान बनकर करेंगे दुश्मन का सफाया

भारतीय नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीदे हैं, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। इस सौदे के तहत अब तक नौ एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को मजबूत करेगी। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं।



अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा। सभी हेलीकॉप्टर मिलने के बाद भारत को सतह-विरोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मिलेगी। साथ ही भारतीय नौसेना की त्रि-आयामी क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत अपनी बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग क्षेत्रीय खतरों से निपटने और अपनी मातृभूमि की रक्षा को मजबूत करने के लिए करेगा। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ समुद्री डोमेन में निरंतर नौसैनिक संचालन का समर्थन करेगा।

बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं। रोमियो हेलीकॉप्टर में लगे राडार और सेंसर न केवल पानी के अंदर, बल्कि पनडुब्बियों की पहचान करके समय रहते उनका शिकार भी कर सकेंगे। इस खूंखार शिकारी से हरेक पनडुब्बी का कैप्टन डरता है। यह हेलीकॉप्टर कई अलग-अलग तरह के हथियारों से लैस हो सकता है, क्योंकि इसमें हथियारों को लगाने के लिए चार प्वाइंट्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए इसमें 7.62 एमएम की मशीन गन को भी लगाया जा सकता है।

# इटावा सफारी पार्क में साल 2025 में होंगे टाइगर के दीदार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क में अब टाइगर सफारी बनाने की प्रक्रिया भी चल पड़ी है और सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो 2025 में टाइगर के दीदार भी इटावा सफारी पार्क में हो सकते हैं।

सफारी पार्क के निदेशक डॉ.अनिल कुमार पटेल ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक यहां आने वाली पर्यटकों को शेर, भालू, लैपर्ड, हिरण और एंटीलोप के दीदार कराए जा रहे हैं, अब उसमें टाइगर की बढोत्तरी भी होने वाली है।

सफारी पार्क में बनाई गई सभी सफारियों को खोल दिया गया है और वहां पर्यटक वन्य जीवों का दीदार कर रहे है। शेर और लैपर्ड खुले में उछल कूद कर रहे हैं और पर्यटक बंद गाड़ियों में बैठकर उनका दीदार कर रहे हैं। सफारी को और विस्तार दिए जाने की कवायद भी चल रही है, लॉयन सफारी में टाइगर सफारी बनाई जाने की तैयारी चल रही है और इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। संभावना है कि सब कुछ ठीक-ठाक रहा और प्रक्रिया इसी तरह आगे बढ़ती रही तो नए साल 2025 में इटावा सफारी पार्क में आने वाले पर्यटकों को टाइगर के दीदार भी होने लगेंगे। इटावा सफारी पार्क में टाइगर सफारी बनाए जाने की चर्चा एक दशक पहले चली थी लेकिन उसके बाद वह उसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका अब एक बार फिर से टाइगर सफारी खोले जाने की प्रक्रिया चल पड़ी है, विभाग में फाइले दौड़ने लगी हैं और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण सीजेडए की टीम ने इस संबंध में निरीक्षण भी कर लिया है। इसके बाद अब टाइगर सफारी खोले जाने के मामले को आगे बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है। हालांकि इस संबंध में खामोशी के साथ कार्य किया जा रहा है। संभावना है की नया साल टाइगर सफारी को लेकर अच्छी खबर लाने वाला होगा।



छुट्टी और त्योहार के दिनों में आमतौर पर इटावा सफारी पार्क में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। इसे लेकर सफारी प्रशासन की ओर से खास इंतजाम किए जा रहे हैं। ऐसी संभावना है कि क्रिसमस के बाद से लेकर न्यू ईयर तक सफारी में आने वाली पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इसे ध्यान में रखकर सफारी प्रशासन ऐसे बंदोबस्त कर रहा है जिससे सफारी में आने वालों को कठिनाई न हो। न्यू ईयर पर सफारी आने वालों को न्यू ईयर ग्रीटिंग भी दिए जाएंगे।

इटावा सफारी पार्क का आकर्षण बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रही है ताकि और अधिक संख्या में पर्यटक यहां आ सकें। इसके लिए पिछले महीने ही लेपर्ड सफारी को खोला गया है और उछल कूद करते लेपर्ड दिखाई दे रहे हैं। अब अगले साल टाइगर सफारी बनी तो यह सफारी का लिए एक नया आकर्षण होगा।